गुरुवार, 20 मार्च 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 35 – 24 |
| आर्द्रता | 77% |
| सूर्योदय: 5:41 | सूर्यास्त: 17:48 |

ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, चैत्र कृष्णपक्ष षष्ठी, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : जीवन में हमारी सोच, हमारे बोल और कर्म हमारा भाग्य लिखते हैं।



बिल गेट्स ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात, कहा कि भारत के नवाचार से विकास को बल मिल रहा है -पृष्ठ 7

RED-X
B.W.P. PLY, BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# अंतरिक्षयात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर नौ माह अंतरिक्ष में रहने के बाद पृथ्वी पर लौटे

### राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और अन्य हस्तियों ने सुनीता विलियम्स की वापसी को जीवटता का प्रतीक बताया

**केप केनवेरल :** नासा के अंतरिक्षयात्री सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर नौ महीने अंतरिक्ष में रहने के बाद भारतीय समयानुसार बुधवार तड़के पृथ्वी पर लौट आए। अंतरिक्षयात्रियों को लेकर 'स्पेसएक्स' यान के अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन से प्रस्थान करने के कुछ ही घंटों बाद इसे फ्लोरिडा पैनहैंडल के तेलाहासे जलक्षेत्र में उतारा गया। एक घंटे के भीतर ही अंतरिक्षयात्री अपने यान से बाहर आ गए। उन्होंने कैमरों की ओर देखकर हाथ हिलाए और मुस्कुराए। उन्हें चिकित्सा जांच के लिए स्ट्रेचर पर ले जाया गया। दोनों अंतरिक्षयात्री नौ महीने पहले बोइंग की एक परीक्षण उड़ान के जरिये अंतरिक्ष स्टेशन पहुंचे थे। दोनों अंतरिक्षयात्री पांच जून 2024 को बोइंग के नए स्टारलाइनर क्रू यान में सवार होकर अंतरिक्ष में गए थे और उनके एक सप्ताह बाद ही लौटने की उम्मीद थी। अंतरिक्ष स्टेशन के रास्ते में इतनी सारी समस्याएं आईं कि नासा को अंततः स्टारलाइनर को खाली वापस धरती पर लाना पड़ा और अंतरिक्ष यात्रियों की घर वापसी में देरी हुई। रविवार को अंतरिक्ष स्टेशन में अन्य अंतरिक्षयात्रियों के पहुंचने से स्पष्ट हो गया था कि अब विलियम्स और विल्मोर की वापसी का रास्ता साफ है। विलियम्स और विल्मोर नासा के निक हेग और रूस के अलेक्जेंडर गोरबुनोव के साथ वापस लौटे। विल्मोर और विलियम्स ने अंतरिक्ष में 286 दिन बिताए। उन्होंने पृथ्वी की 4,576 बार परिक्रमा की और 'स्पलैशडाउन' (यान के उतरने) के समय तक 12 करोड़ 10 लाख मील की यात्रा की। कैलिफोर्निया में 'स्पेसएक्स मिशन कंट्रोल' ने रेडियो पर कहा ''स्पेसएक्स की ओर से आपका घर वापसी पर स्वागत है।''

### आइकन हैं सुनीता: पीएम मोदी

पीएम ने सुनीता विलियम्स को एक आइकन बताते हुए कहा, एक ट्रेलब्लेजर और एक आइकन सुनीता विलियम्स ने अपने पूरे करियर में इस भावना का उदाहरण पेश किया है।

हमें उन सभी पर बहुत गर्व है, जिन्होंने उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए प्रयास किया। उन्होंने दिखा दिया कि सटीक टारगेट, जुनून और तकनीकी मिलते है तो क्या होता है।

### सुनीता विलियम्स के धरती पर लौटने की खुशी में गुजरात में उनके पैतृक गांव में जश्न

नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स की धरती पर सुरक्षित वापसी की खुशी में बुधवार को गुजरात के मेहसाणा जिले में स्थित उनके पैतृक गांव झूलासन में जश्न मनाया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने अतिशबाजी की, मिठाइयां बांटीं, नृत्य किया और पूजा-अर्चना की।



### सुनीता विलियम्स को भारत रत्न दिया जाना चाहिए : ममता बनर्जी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को कहा कि अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स को अंतरिक्ष में करीब नौ महीने बिताने के दौरान आई चुनौतियों का सामना करने के लिए भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए। बनर्जी ने विधानसभा में सुनीता विलियम्स और उनके बचाव दल को बधाई दी तथा अंतरिक्ष यात्रियों को पृथ्वी पर वापस लाने में उनके सराहनीय प्रयासों की प्रशंसा की। अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर अन्य दो अंतरिक्ष यात्रियों के साथ स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल के जरिए पृथ्वी पर लौट आए हैं। ममता बनर्जी ने विधानसभा में कहा, '' पश्चिम बंगाल विधानसभा विलियम्स और एक अन्य अंतरिक्ष यात्री को बचाने वाली टीम को धन्यवाद देना चाहती है, जो कई महीनों से अंतरिक्ष में फंसे हुए थे। मैं उन्हें और सुनीता विलियम्स को बधाई देती हूं। मुझे लगता है कि उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया जाना चाहिए।''

## छह माह में पेट्रोल वाहनों के बराबर होंगे ईवी के दाम : गडकरी



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि देश में छह महीनों के भीतर पेट्रोल और इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के दाम एकसमान हो जाएंगे। गडकरी ने बुधवार को 32वें कन्वर्जेंस इंडिया और 10वें स्मार्ट सिटीज इंडिया एक्सपो को संबोधित करते हुए कहा कि 212 किलोमीटर लंबे दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य अगले तीन माह में पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा, ''छह महीने के भीतर ईवी की कीमत पेट्रोल वाहनों के बराबर हो जाएगी।'' मंत्री ने कहा कि सरकार की नीति आयात विकल्प, लागत दक्षता, प्रदूषण मुक्त और स्वदेशी उत्पादन की है। उन्होंने कहा कि देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए बुनियादी ढांचे में सुधार जरूरी है। उन्होंने कहा, ''अच्छी सड़कें बनाकर हम अपनी लॉजिस्टिक लागत को कम कर सकते हैं।'' गडकरी ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था का भविष्य बहुत अच्छा है और सरकार स्मार्ट शहरों और स्मार्ट परिवहन के प्रति प्रतिबद्ध है। गडकरी ने कहा कि सड़क निर्माण की लागत कम करने के लिए नई प्रौद्योगिकी और नवोन्मेषण को बढ़ावा देने की जरूरत है।

## भारत ने गाजा के हालात पर चिंता जताई

**नयी दिल्ली :** भारत ने बुधवार को कहा कि वह गाजा की स्थिति को लेकर चिंतित है और उसने संघर्ष प्रभावित फलस्तीनी क्षेत्र के लोगों को मानवीय सहायता उपलब्ध कराने का आह्वान किया। भारत की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब इजराइल ने मंगलवार को गाजा में हवाई हमले फिर से शुरू कर दिए हैं, जिससे जनवरी में हमास के साथ हुए युद्धविराम पर अनिश्चितता पैदा हो गई है। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, इजराइल की बमबारी में 400 से अधिक लोग मारे गए। विदेश मंत्रालय ने कहा, ''हम गाजा की स्थिति को लेकर चिंतित हैं। यह महत्वपूर्ण है कि सभी बंधकों को रिहा किया जाए।'' बयान में कहा गया, ''हम गाजा के लोगों को मानवीय सहायता की आपूर्ति जारी रखने का भी आह्वान करते हैं।''

# ओबीसी मुद्दे के सुलझने के बाद बंगाल में 2-3 लाख नई भर्तियां होंगी : ममता

### मुख्यमंत्री ने राज्य विधानसभा में दी जानकारी

- कहा- अदालती मामलों की वजह से अटकी हैं दो से तीन लाख नई नियुक्तियां



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि अदालती मामलों की वजह से राज्य में शिक्षा, स्वास्थ्य व पुलिस समेत विभिन्न विभागों में दो से तीन लाख नई नियुक्तियां अटकी हुई हैं। विधानसभा में बोलते हुए ममता ने विपक्षी दलों द्वारा दायर अदालती मामलों के कारण भर्ती प्रक्रिया में देरी को जिम्मेदार ठहराते हुए इसपर दुख जताया और उनसे रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया में बाधा डालने वाले खेल नहीं खेलने का आग्रह किया। ममता ने उम्मीद जताई कि ओबीसी मुद्दे के सुलझने व अदालत की मंजूरी के बाद राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में कम से कम दो से तीन लाख नई रिक्तियों को भरने के लिए भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू हो सकती है। विपक्षी दलों की आलोचना करते हुए ममता ने कहा कि राज्य सरकार जब किसी विभाग में नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करती है तो इसे लेकर अदालत में मामला कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि सिर्फ शिक्षकों के पद पर ही एक लाख से अधिक नियुक्तियां रूकी हुई हैं। स्वास्थ्य विभाग के बजट अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान ममता ने ओबीसी वर्गीकरण और आरक्षण के लिए समुदाय के पिछड़ेपन का नए सिरे से आकलन करने की राज्य की याचिका को सर्वोच्च न्यायालय द्वारा अनुमति दिए जाने पर संतोष व्यक्त किया, जिसका लक्ष्य इसे तीन महीने के भीतर पूरा करना है। ओबीसी भर्ती के खिलाफ लोगों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया है, जिससे भर्तियां रुक गई हैं। ममता ने कहा कि कल सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई और यह अच्छी रही। मुझे लगता है कि मामला जल्द ही सुलझ जाएगा। ममता ने कहा कि अदालत ने हमारा सर्वेक्षण बंद नहीं किया है, इसलिए हम इसे जारी रखेंगे। मुझे लगता है कि एक बार सर्वेक्षण को आवश्यक मंजूरी मिल जाने के बाद, भर्तियां शुरू की जा सकती हैं। उन्होंने कहा कि रुकी हुई भर्तियां - प्राथमिक और उच्चतर माध्यमिक शिक्षा, स्वास्थ्य और पुलिस जैसे विभागों को प्रभावित कर रही हैं, जो सीधे तौर पर ओबीसी आरक्षण विवाद से जुड़ी हैं। भाजपा व अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए ममता ने कहा, मैं उनसे (सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पार्टी का विरोध करने वालों से) आग्रह करूंगी कि वे कोई खेल न खेलें, इसके बजाय कुछ व्यायाम करें जो आपके स्वास्थ्य के लिए अच्छा होगा।

## शेयर बाजार में लगातार तीन दिन की तेजी से निवेशकों की संपत्ति 13.82 लाख करोड़ रुपये बढ़ी

**नयी दिल्ली :** शेयर बाजार में तीन दिन से जारी तेजी से निवेशकों की संपत्ति 13.82 लाख करोड़ रुपये बढ़ गई है। पिछले सप्ताह स्थानीय शेयर बाजार में 'करेक्शन' देखने को मिला था। बुधवार को 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 147.79 अंक या 0.20 प्रतिशत चढ़कर 75,449.05 अंक पर बंद हुआ। तीन दिन में सेंसेक्स 1,620.14 अंक चढ़ा है। इन तीन कारोबारी सत्रों में बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 13,82,485.7 करोड़ रुपये बढ़कर 4,05,00,918.63 करोड़ रुपये (4,680 अरब डॉलर) हो गया है। लगभग एक महीने के बाद, बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 400 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंचा है।

## शंभू और खनौरी बॉर्डर 13 महीने बाद खाली, डल्लेवाल समेत करीब 700 किसान हिरासत में, पुलिस ने बुलडोजर से तोड़े टेंट



**चंडीगढ :** पंजाब पुलिस ने बुधवार को किसान नेताओं जगजीत सिंह डल्लेवाल और सरवन सिंह पंधेर को मोहाली में हिरासत में ले लिया। इस दौरान किसानों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प हुई, जब किसान खनौरी और शंभू सीमा बिंदुओं की ओर मार्च करने की कोशिश कर रहे थे। इन दोनों स्थानों पर किसान 13 फरवरी 2024 से प्रदर्शन कर रहे थे। जानकारी के मुताबिक शंभू और खनौरी दोनों स्थानों पर लगभग 3000 पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं। खनौरी सीमा पर 200 किसानों को हिरासत में लिया गया है, जबकि शंभू सीमा पर लगभग 300 किसान मौजूद हैं, जिन्हें जल्द ही हिरासत में लिया जा सकता है। किसानों और पुलिस के बीच झड़प के बाद, खनौरी सीमा और आसपास के संगरूर और पटियाला जिलों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। इसके अलावा भी पंजाब के कई इलाकों में इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं।

✻ किसान नेताओं को हिरासत में लिए जाने के खिलाफ अमृतसर-दिल्ली हाईवे पर बने टोल प्लाजा को किसानों ने जाम कर दिया। उन्होंने कहा की लोगों से हमारी कोई दुश्मनी नहीं है। उनको परेशान नहीं करना है। बस कुछ टोल प्लाजा को जाम करना है और सरकार से अपना रोष प्रदर्शन जाहिर करना है।

✻ पंजाब पुलिस ने पंजाब-हरियाणा शंभू बॉर्डर पर किसानों द्वारा लगाए गए टेंट को ध्वस्त कर दिया, जहां वे विभिन्न मांगों को लेकर धरने पर बैठे थे। पंजाब-हरियाणा शंभू बॉर्डर से भी किसानों को हटाया जा रहा है।

'हाइपरलूप' अभी शुरुआती चरण में, दुनिया भर में सुरक्षा मानक अभी तय नहीं : वैष्णव (पृष्ठ 7)

## ईडी ने नेताओं के खिलाफ 193 मामले दर्ज किए, 2 मामलों में दोषसिद्धि हुई : सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार ने बुधवार को राज्यसभा में बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले 10 साल में वर्तमान और पूर्व सांसदों एवं विधायकों सहित नेताओं के खिलाफ कुल 193 मामले दर्ज किए और उनमें से दो में दोषसिद्धि हुई। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संघीय धन शोधन निरोधक एजेंसी ने मौजूदा और पूर्व सांसदों, विधायकों सहित नेताओं के साथ-साथ राजनीतिक दलों से जुड़े लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं, लेकिन इसका राज्यवार आंकड़ा नहीं रखा जाता है। चौधरी ने कहा कि अप्रैल 2015 से फरवरी 2025 के बीच ईडी ने इस श्रेणी के लोगों के खिलाफ 193 मामले दर्ज किए। मंत्री ने कहा कि दो मामलों (2016-17 और 2019-20 में एक-एक) में दोषसिद्धि हुई और कोई भी बरी नहीं हुआ। उन्होंने अपने जवाब में मामलों या आरोपियों के नाम का उल्लेख नहीं किया। हालांकि, आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार, झारखंड के पूर्व मंत्री हरि नारायण राय को 2017 में धनशोधन निवारण कानून (पीएमएलए) के तहत सात साल के कठोर कारावास और पांच लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई थी।

# यूपीआई को लेकर बड़ा फैसला, छोटे ट्रांजेक्शन पर इन्सेंटिव देगी सरकार

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 2,000 रुपये से कम मूल्य के यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए करीब 1,500 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन योजना को बुधवार को मंजूरी दी। इस योजना के तहत सरकार किसी व्यक्ति द्वारा व्यापारी को किए गए 2,000 रुपये से कम के भुगतान पर एमडीआर (मर्चेंट डिस्काउंट रेट) व्यय वहन करेगी। बयान में कहा गया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 'व्यक्ति से व्यापारी' (पी2एम) तक कम मूल्य के भीम-यूपीआई लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना को मंजूरी दी। कम मूल्य वाले भीम-यूपीआई लेनदेन (पी2एम) को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजना एक अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक 1,500 करोड़ रुपये के अनुमानित परिव्यय के साथ लागू की जाएगी। इस योजना के तहत केवल छोटे व्यापारियों के लिए 2,000 रुपये तक का यूपीआई (पी2एम) लेनदेन आएगा। बयान के अनुसार, छोटे व्यापारियों की श्रेणी से संबंधित 2,000 रुपये तक के लेनदेन के लिए प्रति लेनदेन मूल्य पर 0.15 प्रतिशत की दर से प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा।



मीडिया को केंद्रीय कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

### सरकार ने असम में 10,601 करोड़ रुपये के निवेश से यूरिया संयंत्र स्थापित करने की मंजूरी दी

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने असम में यूरिया संयंत्र की स्थापना को बुधवार को मंजूरी दे दी। इसकी अनुमानित लागत 10,601.4 करोड़ रुपये है। यह मंजूरी इस प्रमुख फसल पोषक तत्व के आयात को कम करने और भारत को इसके मामले में आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास के तहत दी गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीवीएफसीएल), नामरूप असम के मौजूदा परिसर में 12.7 लाख टन सालाना यूरिया उत्पादन क्षमता वाले एक नए अमोनिया-यूरिया परिसर की स्थापना के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। यह संयंत्र एक संयुक्त उद्यम (जेवी) के जरिये 70:30 के ऋण-इक्विटी अनुपात के साथ 10,601.40 करोड़ रुपये की अनुमानित कुल परियोजना लागत से स्थापित किया जाएगा। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि नामरूप-चार परियोजना के चालू होने की संभावित समयसीमा 48 महीने है। मंत्रिमंडल ने राष्ट्रीय उर्वरक लिमिटेड (एनएफएल) की 18 प्रतिशत की इक्विटी भागीदारी को लोक उद्यम विभाग (डीपीई) के दिशानिर्देशों में निर्धारित सीमाओं में छूट देने और नामरूप-चार उर्वरक संयंत्र की स्थापना की प्रक्रिया की देखरेख के लिए एक अंतर-मंत्रालयी समिति (आईएमसी) के गठन को भी मंजूरी दी।

**Suffering from hip or Knee pain?**
**Ask Dr. Santosh**

ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी आपको सामान्य स्थिति में वापस ला सकती है, जब सटीकता के साथ की जाये -डॉ संतोष कुमार

प्रश्न: घुटने के लिगामेंट पुनर्निर्माण की आवश्यकता किसे है?
डॉ. कुमार: आम तौर पर घुटने के लिगामेंट पुनर्निर्माण जैसे कि एसीएल पुनर्निर्माण आर्थोस्कोपिक प्रक्रिया द्वारा किया जाता है जो युवा सक्रिय लोगों के लिए उपयोग किया जाता है। वृद्ध लोगों के लिए जिसे गठिया पहले से ही हो चुका होता है, तो उनके लिए आर्थोस्कोपिक प्रक्रिया की कोई भूमिका नहीं होती है।

प्रश्न: विस्कोसप्लिमेंटेशन कितना उपयोगी है?
डॉ. कुमार: विस्कोसप्लिमेंटेशन का अर्थ है अत्यधिक क्रॉस लिंक्ड उच्च आणविक भार हायलूरोनिक एसिड का इंजेक्शन जो घुटने का प्राकृतिक स्नेहक है। मेरी राय में, इसकी भूमिका बहुत अधिक नहीं है लेकिन निश्चित रूप से यह एवस्कुलर नेक्रोसिस आदि को कोई नुकसान नहीं पहुंचाता है।

प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की आवश्यकता किसे है?
डॉ. कुमार: जब कूल्हे या घुटने के प्रतिस्थापन गठिया अपने दर्द, प्रतिबंधित गतिविधियों, अस्थिरता या विकृति के माध्यम से दैनिक जीवन, सामाजिक गतिविधियों, पेशेवर या व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करना शुरू कर देता है, तो व्यक्ति को जॉइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की आवश्यकता होती है।

प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट की सही उम्र क्या है?
डॉ. कुमार: जब भी दैनिक जीवन की गतिविधियों में बाधा उत्पन्न होती है, चाहे उम्र कुछ भी हो, तो जॉइंट रिप्लेसमेंट पर विचार करना चाहिए। जॉइंट रिप्लेसमेंट में देरी करने से सर्जरी अधिक मुश्किल हो जाती है और रिकवरी में देरी होती है, लेकिन इसे जरूरत से पहले भी नहीं किया जाना चाहिए।



Joint Replacement Surgeon Dr Santosh Kumar With world's latest Navigation System Orthopilot

प्रश्न: गठिया के प्रकार क्या हैं?
डॉ कुमार: अधिकांश गठिया उम्र से संबंधित होते हैं, घिसने के कारण होते हैं, लेकिन विभिन्न विशिष्ट गठिया पूर्ण घुटने को मोड़ने में अधिक समय लगता है, जो कम उम्र में प्रभावित कर सकते हैं जैसे किशोर गठिया, एंकिलॉजिंग स्पॉन्डिलाइटिस, युवा गठिया वाले लोग ज्यादातर हिप गठिया से पीड़ित होते हैं।

प्रश्न: प्रतिस्थापन प्रत्यारोपण की उम्र क्या है?
डॉ. कुमार: बेशक, इसे फिर से किया जा सकता है। प्रतिस्थापन प्रत्यारोपण ज्यादातर सीमेंटेड होते हैं और इनके औसतन 20 से 30 साल तक चलने की उम्मीद की जाती है।

प्रश्न: क्या जॉइंट प्रतिस्थापन सर्जरी दूसरी बार की जा सकती है?
डॉ. कुमार: बेशक हां, इसे फिर से किया जा सकता है और इसे रिवीजन जॉइंट रिप्लेसमेंट कहा जाता है जो पहले या प्राथमिक जॉइंट रिप्लेसमेंट जितना ही सफल होता है।

प्रश्न: सर्जरी के परिणाम को प्रभावित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण कारक क्या है?
डॉ कुमार: सबसे महत्वपूर्ण सर्जिकल तकनीक, विशेषज्ञता सर्जन व टीम का अनुभव है।

प्रश्न: क्या घुटने के प्रतिस्थापन के बाद हम पालथी मार कर बैठ सकते हैं?
डॉ कुमार: हां, हमारे पास उच्च फ्लेक्सन घुटने के प्रत्यारोपण और बेहतर सर्जिकल तकनीक हैं जो व्यक्ति को बेड, सोफा आदि चीजों पर पालथी मार कर बैठने में सक्षम बनाती हैं लेकिन अगर सर्जरी से पहले घुटना काफी अकड़ा रहा होगा, तो घुटने के पूरे मोड़ को ठीक करने में अधिक समय लगेगा।

प्रश्न: घुटने के प्रतिस्थापन के बाद किन गतिविधियों को करने की अनुमति है?
डॉ कुमार: अधिकांश गतिविधियां जैसे अप्रतिबंधित पैदल चलना, सीढ़ियां चढ़ना, साइकिल चलाना, ड्राइविंग, तैराकी आदि की अनुमति होगी। वहीं रस्सी कूदना, स्कार्टिंग जैसी उच्च प्रभाव वाली गतिविधियां प्रतिबंधित हैं।

इसे जल्द ही ठीक करने की जरूरत होती है लेकिन कई मामलों में जब उम्र अधिक हो या जब ऑस्टियोपोरोसिस की आशंका हो, तो हमें जॉइंट को बदलने की जरूरत पड़ सकती है जो कि पूर्ण या आंशिक हो सकता है। एक्स्ट्रास्कैपुलर फ्रैक्चर को हमें कील या प्लेट से ठीक करने की जरूरत होती है।

प्रश्न: हिप रिप्लेसमेंट के लिए सबसे अच्छा इम्प्लांट कौन सा है?
डॉ. कुमार: सबसे अच्छा इम्प्लांट नाम की कोई चीज नहीं होती है। परिणाम अच्छे होते हैं और सर्जिकल की सटीकता पर लॉंजिविटी निर्भर करती है। बेहतर गतिशीलता और स्थिरता के लिए हमारे पास बड़े सिर वाले हिप इम्प्लांट हैं। हमारे पास हड्डी के विकास के लिए छिद्रयुक्त लेपित इम्प्लांट हैं जिन्हें अनसीमेंटेड फिक्सेशन के रूप में जाना जाता है। गतिविधियां मुख्य रूप से दो हैं।

प्रश्न: जॉइंट रिप्लेसमेंट की सफलता दर क्या है
डॉ. कुमार: अच्छी तरह से जॉइंट रिप्लेसमेंट के बाद सर्जन और टीम के हाथों में निर्भर करती है जो इसे दैनिक रूप से करते हैं। चूंकि यह परिशुद्धता आधारित सर्जरी है, इसलिए अच्छी परिशुद्धता अच्छे परिणाम देती है।




प्रश्न: फ्रैक्चर नेक फीमर का उपचार क्या है?
डॉ. कुमार: फ्रैक्चर नेक फीमर दो प्रकार का होता है, इंट्राकैप्सुलर और एक्स्ट्रास्कैपुलर। इंट्राकैप्सुलर फ्रैक्चर एक आपात स्थिति है और

**Dr. Santosh Kumar Hip & Knee Foundation**
Chamber : Plot No 332, Laketown, Block A, Kolkata-700 089
Belle Vue Clinic- Kolkata ● www.mykneemylife.org ● www.facebook.com / Dr.santoshkumar.orthousurgeon
● WhatsApp : 09831911584 ● Email : santdr@gmail.com
● FREE online Consultation Link : bit.ly/consultdrsantosh
Call for Appointment : 9831911584 / 9831266632 ● Experience of Treating 35000+Patients in 18+Years

## कई राज्यों में लू चलने की चेतावनी

कभी जिस मार्च के महीने को ठंड-गर्म के मिलेजुले सुहावने मौसम के रूप में याद किया जाता रहा है, उस दौरान यदि कई राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की जा रही है तो यह हमारी गंभीर चिंता का विषय होना चाहिए। निर्विवाद रूप से यह दीवार पर लिखी इबारत है कि ग्लोबल वार्मिंग का गहरा असर हमारे जन-जीवन पर गहरे तक पड़ रहा है। मौसम के मिजाज में अभूतपूर्व बदलाव देखिए कि जहां हाल ही में कश्मीर, हिमाचल व उत्तराखंड के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी व कुछ राज्यों में बारिश हुई है, वहीं मौसम विभाग ने देश के पांच राज्यों में गर्म हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है। एक ओर जहां झारखंड व ओडिशा में रेड अलर्ट जारी किया गया है तो पश्चिम बंगाल, ओडिशा और महाराष्ट्र में विदर्भ के इलाकों में गर्म हवा चलने की चेतावनी दी गई है। बीते रविवार को ओडिशा के एक शहर का तापमान 43.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं झारखंड में कुछ जगह पारा चालीस पार कर गया। पश्चिम बंगाल के कई इलाकों में लू चलने की खबरें हैं। मौसम विज्ञानी हैरत में हैं कि जैसी गर्मी पिछले साल अप्रैल के महीने में महसूस की गई थी, वैसी गर्मी मार्च के मध्य में क्यों महसूस की जा रही है। मौसम विभाग इसकी वजह देश के ऊपर बना उच्च दबाव मानता है। वहीं साफ मौसम की वजह से सूरज की सीधी किरणें तेज पड़ रही हैं। चेतावनी दी जा रही है कि आगामी कुछ दिनों में देश के अधिकांश हिस्से तेज गर्मी की चपेट में आ सकते हैं। ऐसे में हमारी सरकारों को ग्लोबल वार्मिंग के घातक प्रभावों के मद्देनजर बचाव के उपायों को तेज करने की जरूरत है। साथ ही नागरिकों को भी जागरूक करने की जरूरत है कि लोगों का रहन-सहन, खान-पान और सार्वजनिक स्थलों पर व्यवहार कैसे रहें, ताकि लू की मार से बचा जा सके। गर्मी के दुष्प्रभाव पीड़ित लोगों के उपचार के लिये अस्पतालों में आपातकालीन वार्ड बनाए जाने की जरूरत है।

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि मौसम के तेवरों में तल्खी के चलते हमारी खाद्य शृंखला भी खतरे में पड़ती दिखाई दे रही है। इन तीव्र बदलावों के चलते जहां खाद्यान्नों की पैदावार में गिरावट आ रही है, वहीं किसान बाढ़ व सूखे से भी बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। भारत में ग्लोबल वार्मिंग के प्रभावों पर शोध करने वाली एक संस्था का कहना है कि क्षेत्रीय आधार पर चरम मौसम की मार अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग प्रभाव डाल रही है। अब तक देश के जो इलाके बाढ़ के प्रभाव के लिये जाने जाते थे, वहां अब सूखे का असर दिख रहा है। वहीं दूसरी ओर सूखाग्रस्त माने जाने वाले इलाकों में बाढ़ का प्रकोप बढ़ रहा है। ऐसे जिलों की संख्या सैकड़ों में बतायी जा रही है, जिसका सीधा असर फसल की पैदावार पर पड़ रहा है। यह तथ्य सर्वविदित है कि ग्लोबल वार्मिंग का असर विश्वव्यापी है, लेकिन भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश के लिए यह प्रभाव कालांतर में खाद्य संकट पैदा करने वाला साबित हो सकता है। वहीं दूसरी ओर समुद्री जल का तापमान बढ़ने से जो जल स्तर बढ़ रहा है, उसके चलते देश के कई द्वीपों व समुद्रतटीय इलाकों में जीवन पर संकट मंडराने लगा है। यह संकट पहाड़ी राज्यों में असर डाल रहा है। जहां बर्फबारी कम होने से फल व खाद्यान्न उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। यहां तक कि उत्तराखंड में शीतकालीन खेलों की पहचान रखने वाले औली में कम बर्फ पड़ने के कारण इस बार भी शीतकालीन खेलों को स्थगित करना पड़ा है। वातावरण में बढ़ते तापमान के कारण यहां बर्फ समय से पहले ही पिघल गई। बीते साल देश के विभिन्न राज्यों में लू चलने की संख्या पिछले डेढ़ दशक में सबसे ज्यादा थी। आशंका जतायी जा रही है कि इस बार गर्मी नये रिकॉर्ड बना सकती है, जिसके चलते आपातकालीन स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर गंभीर होने की जरूरत है। वहीं दूसरी ओर, हमें बढ़ते तापमान के साथ जीने की कला भी सीखनी ही होगी।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 20 मार्च, गुरुवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, फाल्गुन चैत्र कृष्णपक्ष षष्ठी, 26:45 तक, नक्षत्र : अनुराधा, 23:23 तक, योग : वज्र, 18:11 तक, सूर्योदयः 5:41, सूर्यास्तः 17:48, चन्द्रोदय : 23:04, चन्द्रास्तः 09:00, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : वृश्चिक, राहू काल : 13:14 से 14:44

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए दिन करियर में सफलता लेकर आ रहा है और आपकी प्लानिंग पूरी तरह से सफल रहेगी। आपको भाग्य का भरपूर साथ मिलेगाा। कोई बड़ी डील हो सकती है।

**वृष :** वृषभ राशि वालों के लिए दिन सफलता से भरा है और आपके लिए यात्रा पर जाने के योग बन रहे हैं। कानूनी विवाद में सफलता मिलने से मन खुश रहेगा।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों के लिए दिन रचनात्मक है और आपको हर कार्य में भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। आपको किसी क्रिएटिव काम को पूरा करने में सफलता मिलेगी।

**कर्क :** कर्क राशि वालों के लिए दिन सृजनात्मक है और आपके सभी प्रॉजेक्ट सफल होने के योग बन रहे हैं। आप जो भी काम करेंगे, उसमें भाग्य का साथ मिलेगा और आपकी मेहनत सफल होगी।

**सिंह :** सिंह राशि वालों के लिए दिन व्यस्त रहेगा और आप अपने जरूरी कार्य को पूरा करने के लिए दिन भर दौड़ते रहेंगे। धर्म और आध्यात्म के मामले में पढ़ाई-लिखाई से लाभ होगा।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों के लिए दिन शुभ है और आपको करियर के मामले में लाभ होगा। हर काम में सावधानी बरतने की सलाह है। आसपास के लोगों से किस प्रकार के टकराव से बचें।

**तुला :** तुला राशि वालों के लिए दिन लाभकारक है। कार्य-व्यवहार से जुड़े विवाद सुलझ सकते हैं। काफी समय से लटका कोई प्रॉजेक्ट पूरा हो सकता है। किसी प्रकार का धन का लेनदेन न करें।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों को आर्थिक मामलों में लाभ होगा। आज का दिन मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर मिलेंगे। परिवार में सुख-शांति बढ़ेगी। काम में नई जान आएगी।

**धनु :** धनु राशि वालों के लिए दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में लाभ होगा। रोजमर्रा के कामों से हटकर कुछ नया करने की कोशिश करें।

**मकर :** मकर राशि वालों के लिए दिन सामान्य है और आपके लिए तरक्की के योग बने हैं। आपकी धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी और आपको आर्थिक लाभ होगा।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों को करियर के मामले में लाभ होगा। सेहत के प्रति सावधान रहें। खानपान में लापरवाही न करें। व्यापार के मामले में दिन सुखद रहेगा। धन में वृद्धि के योग हैं।

**मीन :** मीन राशि वालों के लिए आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने से बेहतर परिणाम मिलेंगे। परेशानियों को धैर्य और अच्छे व्यवहार से ठीक किया जा सकता है।

# जन कल्याण के कार्यों में ढिलाई बर्दाश्त नहीं होगी : सीएम योगी



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए बुधवार को कहा कि जन कल्याणकारी कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और किसी भी तरह की अनियमितता होने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने लाल बहादुर शास्त्री भवन स्थित 'सीएम कमांड सेंटर' के निरीक्षण के दौरान राज्य भर में विभिन्न सरकारी विभागों और परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कहा कि जनकल्याण से जुड़े कार्यों में ला-परवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी तरह की अनियमितता होने पर दोषी अफसरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिया कि सटीक डेटा रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर अधिकारियों की नियुक्ति की जाए। साथ ही विभागीय प्रदर्शन की समीक्षा महीने में एक बार मंत्री स्तर पर की जाए और सभी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को प्रस्तुत की जाए। उत्तराधिकार संबंधी मामलों और भूमि उपयोग निर्धारण जैसी सेवाओं में समयसीमा के पालन पर जोर देते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि प्रमुख योजनाओं की निगरानी करने के लिए एक रैंकिंग प्रणाली विकसित की गई है। उन्होंने कहा, ''ध्यान केवल संख्याओं पर नहीं बल्कि गुणवत्ता और पारदर्शिता पर भी होना चाहिए।'' मुख्यमंत्री ने जवाबदेही तय करने के लिए शीर्ष-10 प्रदर्शन करने वाले विभागों और योजनाओं को उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठकों में अपनी प्रगति प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने खराब प्रदर्शन के कारणों की पहचान करने और उसमें सुधार करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

## राजस्थान : अवैध खनन के मुद्दे पर विधानसभा में हंगामा

**जयपुर :** राजस्थान में अवैध खनन के मुद्दे पर बुधवार को विधानसभा में हंगामा हुआ और कांग्रेस विधायकों ने सरकार से जवाब की मांग करते हुए सदन से बहिर्गमन किया। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने शून्यकाल के दौरान स्थगन प्रस्ताव के जरिए यह मुद्दा उठाया और राज्य सरकार पर निशाना साधा। टीकाराम जूली ने कहा, '' प्रदेश में जिस प्रकार से बजरी का अवैध खनन हो रहा है और आए दिन जो घटनाएं घट रही हैं ...लेकिन 'डबल इंजन' की सरकार गहरी सांस लेकर कुंभकर्णी नींद में सो रही है।'' उन्होंने कहा, '' उच्च न्यायालय को यह टिप्पणी करनी पड़ी है कि आप लोग केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) का सहयोग नहीं कर रहे हो और अगर आप लोगों से अवैध खनन का मामला नहीं संभल सकता तो केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) लगा दो।'' कांग्रेस नेता ने कहा कि राज्य की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के कैबिनेट मंत्री अपनी सरकार पर ही रोजाना बजरी चोरी होने का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सत्ता पक्ष के 20 से अधिक विधायक इस सदन के अंदर आवाज उठा चुके हैं कि राज्य में अवैध खनन हो रहा है।

## वाराणसी जेल के एसपी पर जूनियर को परेशान करने का आरोप, शिकायत दर्ज

**वाराणसी :** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में एक महिला डिप्टी जेलर की बेटी ने जिला जेल अधीक्षक के खिलाफ अपनी मां को प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराई है। डिप्टी जेलर मीना कनौजिया की बेटी नेहा शाह ने दावा किया कि उन्होंने लालपुर पांडेयपुर पुलिस थाने में वाराणसी के जिला जेल अधीक्षक उमेश कुमार सिंह के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। नेहा शाह ने कहा, "पुलिस ने मुझे आश्वासन दिया है कि वे वरिष्ठ अधिकारियों से परामर्श करेंगे और एक दिन के भीतर प्राथमिकी दर्ज करने पर निर्णय लेंगे। '' विवाद के बीच, वाराणसी जिला जेल अधीक्षक उमेश कुमार सिंह का तबादला सोनभद्र जिला जेल में कर दिया गया है। जिला जेल कार्यालय ने तबादले की पुष्टि की है। मीना कनौजिया का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद इस मामले ने तूल पकड़ा, जिसमें उन्होंने अधीक्षक उमेश सिंह पर उत्पीड़न का आरोप लगाया था। इस वीडियो के प्रसारित होने के बाद, मीना को नैनी जिला जेल में स्थानांतरित कर दिया गया। महानिदेशक (कारागार) पीवी रामशास्त्री द्वारा 18 मार्च को जारी आदेश के अनुसार, सिंह को बिना किसी अतिरिक्त वेतन या भत्ते के सोनभद्र जिला जेल में विशेष ड्यूटी पर रखा गया है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह नियुक्ति अस्थायी है और अगली सूचना तक प्रभावी रहेगी। इसके अतिरिक्त, सोनभद्र जिला जेल अधीक्षक सौरभ श्रीवास्तव को इसी तरह की शर्तों के तहत विशेष ड्यूटी पर वाराणसी भेजा गया है। नेहा शाह की शिकायत में आरोप लगाया गया है कि अनुसूचित जाति की अधिकारी उनकी मां को महीनों तक सिंह द्वारा मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ा। नेहा शाह ने अपनी शिकायत में कहा, " वह अक्सर मेरी मां को अपमानित करते थे, जाति-आधारित गालियां देते थे और अपने कार्यालय में उनके साथ दुर्व्यवहार करते थे।'' नेहा ने सिंह पर उनकी मां को अश्लील इशारे करने, अपने कार्यालय और आवास पर आने का दबाव डालने तथा महिला कैदियों को लुभाने के लिए मजबूर करने का भी आरोप लगाया।

## मैनपुरी में दहेज के लिए हत्या मामले में दोषी करार पति को आजीवन कारावास

मैनपुरी : उत्तर प्रदेश के मैनपुरी जिले की एक अदालत ने दहेज की खातिर अपनी पत्नी की हत्या करने के मामले में एक व्यक्ति को दोषी करार देते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। जिला शासकीय अधिवक्ता (डीजीसी) पुष्पेंद्र सिंह चौहान ने बुधवार को बताया कि अलीगढ़ के लोको कॉलोनी निवासी मंजर जमाल ने एक मई 2018 को जिले के कुरावली थाने में एक प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि उसकी बहन मुसरत जमाल (28) की उसके पति आरिफ ने अपने रिश्तेदारों सरवर, परवीन और वसीम के साथ मिलकर हत्या कर दी। प्राथमिकी के मुताबिक आरिफ ने अपनी पत्नी से 10 लाख रुपये दहेज की मांग की थी। मुसरत की शादी आरिफ से सात साल पहले हुई थी और शादी के समय पर्याप्त दहेज मिलने के बावजूद ससुराल वाले कथित तौर पर उस पर अतिरिक्त पैसे के लिए दबाव डाला करते थे। जब उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो उन्होंने एक मई 2018 को मुसरत की गला घोंटकर हत्या कर दी।

## संभल में नेजा मेला विवाद के बाद मुसलमानों के सद्भावना मेले के लिए मांगी गयी अनुमति

**संभल :** उत्तर प्रदेश के संभल जिले के शाहवाजपुर सूरा नगला के ग्राम प्रधान ने उपजिलाधिकारी (एसडीएम) से 25 और 26 मार्च को 'सद्भावना मेला' आयोजित करने की अनुमति मांगी है। संभल के अपर पुलिस अधीक्षक ने हाल ही में परंपरागत 'नेजा मेला' का पुरजोर विरोध करते हुए कहा था कि आक्रमणकारी महमूद गजनवी के भतीजे सैयद सालार मसूद गाजी की याद में आयोजित किया जाने वाला यह मेला अब नहीं होगा। इसके बाद अब मुस्लिम वर्ग द्वारा लगवाये जाने वाले 'सद्भावना मेले' के आयोजन के लिये उपजिलाधिकारी वंदना मिश्रा से अनुमति मांगी गयी है। वंदना मिश्रा के अनुसार सद्भावना मेले के आयोजन के लिये मांगी गयी अनुमति के आवेदन को पुलिस विभाग को भेज दिया गया है। वंदना मिश्रा ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, सद्भावना मेले के लिए आवेदन प्राप्त हो गया है, और इसे आगे की जांच के लिए पुलिस विभाग को भेज दिया गया है। ग्राम प्रधान मरगूब फातिमा ने कहा कि मेला उनके गांव में लंबे समय से चली आ रही एक परंपरा है। मरगूब फातिमा ने कहा, हमने 25 मार्च को सद्भावना मेला आयोजित करने की अनुमति के लिए आवेदन किया है। वर्ष 2023 में इसी नाम से इसे सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था। हालांकि, कुछ कारणों से इसे 2024 में आयोजित नहीं किया जा सका। मेले में झूले और विभिन्न स्टॉल लगाये जाते हैं। एक अन्य स्थानीय निवासी अतीक अहमद ने पुष्टि की कि उन्हें 2023 में मेले के लिए अनुमति मिल गई थी और उन्हें इस साल भी इजाजत मिलने की उम्मीद है। अतीक अहमद ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''अगर प्रशासन अनुमति देता है, तो हम इसका आयोजन करेंगे। अगर नहीं देगा तो नहीं करेंगे। मेला दो दिनों तक चलता है।'' उप जिलाधिकारी से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल मोहम्मद जिया-उल ने कहा कि यह मेला मुस्लिम समुदाय की वार्षिक परंपरा है। उन्होंने कहा, जिस तरह हिंदू होली के बाद मेले का आयोजन करते हैं, उसी तरह यह 'सद्भावना मेला' नाम से मुस्लिम लोग मेला लगाते हैं। उप जिलाधिकारी ने हमें आश्वासन दिया है कि हमारे अनुरोध पर विचार किया जाएगा।

# बिहार: नौकरी के बदले जमीन घोटाले मामले में लालू ईडी के समक्ष पेश हुए



**पटना :** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद कथित "नौकरी के बदले जमीन" घोटाले की जांच के सिलसिले में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बीमार लालू प्रसाद (76) सुबह करीब 10.30 बजे पटना के बैंक रोड स्थित ईडी के कार्यालय पहुंचे, जहां करीब चार घंटे तक उनसे पूछताछ की गई। इसके बाद लालू वहां से अपने आवास लौट गए। लालू की सबसे बड़ी बेटी और पाटलिपुत्र से राजद सांसद मीसा भारती इस दौरान अपने पिता के साथ थीं। ईडी के कार्यालय की ओर जाने वाली सड़क पर बड़ी संख्या में राजद के कार्यकर्ता एकत्र हुए और लालू प्रसाद के समर्थन में नारेबाजी की। अपनी हाजिरजवाबी के लिए मशहूर लालू प्रसाद ने संवाददाताओं के किसी भी सवाल का जवाब नहीं दिया और अपनी कार के अंदर से ही चुपचाप हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया। इससे पहले, लालू की पत्नी राबड़ी देवी और बड़े बेटे तेज प्रताप यादव से मंगलवार को ईडी ने करीब चार घंटे तक पूछताछ की थी। आरोपपत्र के अनुसार ये दोनों भी मामले में सह-आरोपी के तौर पर नामजद हैं। इस बीच लालू के छोटे बेटे तेजस्वी यादव ने संवाददाताओं से कहा, "जितना हमें परेशान किया जाएगा, हम उतने ही मजबूत होते जाएंगे। बेशक, यह मामला राजनीति से प्रेरित है। अगर मैं राजनीति में नहीं होता, तो मुझे इसमें नहीं घसीटा जाता। मैंने दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद भविष्यवाणी की थी कि अब केंद्रीय एजेंसियां बिहार की ओर अपना रुख करेंगी।'' तेजस्वी को भी इस मामले में आरोपी बनाया गया है। हालांकि, जनता दल (यूनाइटेड) के विधान परिषद सदस्य एवं प्रवक्ता नीरज कुमार ने आरोप लगाया, "लालू प्रसाद ने जो बोया है, वही काट रहे हैं। बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री के रूप में वे चारा घोटाले में शामिल थे। उन्हें अदालत ने दोषी ठहराया है और वे चुनाव लड़ने के अयोग्य हो गए हैं। इस मामले में राजनीतिक प्रतिशोध का आरोप फर्जी है। चारा घोटाले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दाखिल किया गया आरोपपत्र इंद्र कुमार गुजराल के प्रधानमंत्रित्व काल में दायर की गई थी, जिनके साथ राजद सुप्रीमो के बहुत अच्छे संबंध थे।''

# एटीएस ने कानपुर ऑर्डिनेंस फैक्टरी के कर्मी को किया गिरफ्तार

### पाकिस्तान की एजेंसी आईएसआई के लिए कर रहा था काम



**कानपुर :** उत्तर प्रदेश एटीएस ने ऑर्डिनेंस फैक्टरी, हजरतपुर फिरोजाबाद में कार्यरत रविंद्र कुमार को गिरफ्तार गया था। बताया जा रहा है कि आरोपी कथित पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा के साथ षड्यंत्र कर ऑर्डिनेंस फैक्टरी की गोपनीय और संवेदनशील सूचनाएं व दस्तावेज साझा कर रहा था।

इसी क्रम में एटीएस उत्तर प्रदेश को जानकारी मिली थी कि रविंद्र कुमार कथित पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा से ऑर्डिनेंस फैक्टरी, कानपुर में कार्यरत कुमार विकास भी जुड़ा है और ऑर्डिनेंस फैक्टरी की गोपनीय सूचनाएं व दस्तावेज व्हाट्सएप के माध्यम से कथित पाकिस्तानी एजेंट को उपलब्ध करा रहा है।

**जनवरी 2025 में पाकिस्तानी एजेंट के संपर्क में आया था**

एटीएस उत्तर प्रदेश द्वारा सूचना की गहनता से जांच व अभियुक्त से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि कुमार विकास पुत्र अशोक कुमार निवासी थाना सट्टी, जनपद कानपुर देहात कानपुर ऑर्डिनेंस फैक्टरी में जूनियर वर्क्स मैनेजर के पद पर नियुक्त है। यह जनवरी 2025 में कथित पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा से फेसबुक के माध्यम से संपर्क में आया था।

**लूडो एप का इस्तेमाल किया जाता था**

उक्त कथित पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा द्वारा खुद को भारत हैवी इलेक्ट्रानिक लिमिटेड में कार्य करना बताकर व्हाट्सएप मैसेंजर पर बातचीत कर मोबाइल नंबर साझा किए गए। अभियुक्त कुमार विकास द्वारा पाकिस्तानी कथित एजेंट नेहा शर्मा से गोपनीय रूप से वार्ता करने के लिए लूडो एप का इस्तेमाल किया जाता था।

**गोपनीय जानकारियां एजेंट को भेजीं**

कथित एजेंट के कहने पर पैसों के लालच में अभियुक्त कुमार विकास द्वारा आर्डिनेंस फैक्टरी के डॉक्यूमेंट्स, उपकरणों व निर्माण होने वाले गोला बारूद, कानपुर के कर्मचारियों की अटेन्डेंस शीट, ऑर्डिनेंस फैक्टरी कानपुर के अंदर मशीनें व ऑर्डिनेंस फैक्टरी कानपुर की प्रोडक्शन संबंधी चार्ट आदि की महत्वपूर्ण गोपनीय सूचनाएं कथित पाकिस्तानी एजेंट नेहा शर्मा को भेजी गई है।

## बच्ची की हत्या के लिए व्यक्ति को फांसी की सजा

**बदायूं (उप्र) :** उत्तर प्रदेश के बदायूं में एक विशेष पॉक्सो अदालत ने एक व्यक्ति को 2024 में सात वर्षीय एक बच्ची का यौन उत्पीड़न करने में विफल रहने के बाद उसकी हत्या करने के लिए बुधवार को फांसी की सजा सुनायी। विशेष लोक अभियोजक वीरेंद्र सिंह एवं प्रदीप भारती ने बताया कि चार महीने की सुनवायी के बाद विशेष न्यायाधीश दीपक कुमार यादव ने 22 वर्षीय जाने आलम को अपराध का दोषी पाया और फांसी की सजा सुनायी। उन्होंने बताया कि यह पूरा मामला 18 अक्टूबर 2024 का है जब सात वर्षीय बच्ची अपने घर से सब्जी लेने निकली थी लेकिन वापस नहीं लौटी। उन्होंने बताया कि न्यायाधीश दीपक कुमार यादव ने आरोपी का दोष सिद्ध होने पर सजा के साथ ही उस पर एक लाख 75 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। उन्होंने बताया कि बच्ची के परिवार ने बच्ची के घर नहीं लौटने की जानकारी पुलिस को दी थी और पुलिस ने उसका शव एक खंडहर नुमा मकान से बरामद किया था।

## रिश्वत लेने के आरोप में चौकी प्रभारी सहित छह पुलिसकर्मी निलंबित

**खगड़िया :** बिहार के खगड़िया जिले में एक व्यक्ति पर शराब रखने का आरोप लगाकर उससे 80 हजार रुपये लेकर छोड़ने के आरोप में बहादुरपुर पुलिस चौकी के प्रभारी अजय कुमार सहित छह पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। खगड़िया के पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने बुधवार को बताया कि अनुशासनहीनता और संदिग्ध आचरण के आरोप में बहादुरपुर पुलिस चौकी के प्रभारी अजय कुमार और इस चौकी में तैनात तीन सिपाही और दो चौकीदार को निलंबित किया गया है। खगड़िया पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक अलौली थाना अंतर्गत पड़री गांव के आशुतोष कुमार द्वारा आवेदन दिया गया था। आशुतोष के मुताबिक वह अन्य छह व्यक्तियों के साथ अपनी गाड़ी से घर जा रहा था इसी दौरान बहादुरपुर थाना पुलिस द्वारा पोखरा गांव के समीप उनकी तलाशी के दौरान शराब की बोतल रख फोटो खींचने तथा थाने लाकर उन्हें हिरासत में रखा गया था। आशुतोष ने चौकी प्रभारी पर दबाव बनाकर बखरी स्थित एटीएम से 80 हजार रूपये निकलवाने का भी आरोप लगाया है। बयान में कहा गया है कि इस संबंध में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-02 द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण, सीसीटीवी फुटेज तथा जीपीएस मैप का अवलोकन किया गया तथा सभी पक्षों से पूछताछ के आधार पर जांच प्रतिवेदन समर्पित किया गया था। बयान में कहा गया है कि जांच प्रतिवेदन से स्पष्ट होता है कि इस पूरे प्रकरण में बहादुरपुर पुलिस चौकी प्रभारी अजय कुमार, पुलिस वाहन चालक-सह सिपाही नागेश्वर राम, दो अन्य सिपाही मनोज कुमार एवं भीम कुमार, चौकीदार सुरेश कुमार एवं दीपक कुमार की भूमिका संदिग्ध पाई गई। बयान के अनुसार इन सभी पुलिसकर्मियों का आचरण कर्त्तव्य के प्रति लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं एक अयोग्य पुलिस कर्मी होने का परिचारक है इसलिए तत्काल प्रभाव से सभी को निलंबित किया जाता है।

## वर्ग पहेली नं. 3037

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | 7 | | ■ | 8 | | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | ■ | | ■ | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | | ■ | 14 | | 15 | |
| ■ | 16 | | | ■ | 17 | | ■ | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | 21 |
| | ■ | ■ | | ■ | 22 | 23 | | ■ | |
| | ■ | 24 | | 25 | ■ | | ■ | 26 | |
| 27 | | | ■ | 28 | | | | | |

*बायें से दायें:-* 1) इच्छापूर्ति कामना; मनौती, 3) ख़ाली; बस इतना, 6) जादूगर, 8) तमाचा, 9) प्रकार; भाँति, 11) समस्या का समाधान, 12) मिट्टी; धूल, 13) गहन *(वन)*; गाढ़ा, 14) चट्टानी; प्रस्तरमय, 16) सूर्योदय देश का एक स्थानीय नाम, 17) गुट; समूह *(राजनीतिक)*; वृंद, 18) भोगविलास, 19) स्वादप्रेमी; भोजनप्रेमी, 20) अपराध, 22) साहित्यिक कृति, 24) सत्याग्रह; *पिकैटिंग*; पकड़ना, 26) शीतला; चेचक; अम्मा, 27) ऐरा ग़ैरा; साधारण; औसत, 28) रौनक.

*ऊपर से नीचे:-* 1) अंतरावधि; *इंटरवल*, 2) बरबाद, 3) भारत का एक घटक राज्य, 4) गीला; भींगा हुआ, 5) सिर-भुजा-चरण हीन शरीर; तना *(वृक्ष)*, 7) आभूषण, 10) चंद्रमा, 13) अक़्ल का मारा; आवारा; मूर्ख, 14) क्षण, 15) मोहित होना, 17) झिरी; विभाजन; अलगाव, 18) महत्त्वहीन, 20) गुणित, 21) चक्का जाम; कामबंदी; *स्ट्राइक*, 23) एक पादत्राण, 24) संतुष्ट; सफल, 25) नृत्य, 26) चंद्रमा; महीना.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | नि | क | ■ | न | ट | ना | ■ | रो | ष |
| ■ | ■ | ल | ल | का | र | ■ | भे | जा | ■ |
| ज | र | दा | ■ | र | ट | ना | ■ | ना | म |
| ब | ■ | र | ज | ■ | रा | श | न | ■ | हा |
| त | ■ | ■ | ह | ट | ना | ■ | य | व | न |
| ब | द | ना | म | ■ | ■ | आ | न | न | ■ |
| ■ | बं | ■ | त | ज | वी | ज | ■ | र | क्षा |
| अ | ग | ला | ■ | नि | ■ | क | टा | क्ष | ■ |
| च्छा | ■ | गू | ■ | ता | मी | ल | ■ | क | म |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2997

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 8 | 1 | | | |
| 6 | | | | | | | 3 | |
| | | 4 | | | | | | |
| | 2 | | | | | 8 | | 5 |
| 7 | | | 4 | | | | | |
| | | | | | | 1 | | |
| | | | 6 | 5 | | | 4 | |
| 3 | | 9 | | | | | | |
| | 8 | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सुडोकू पहेली - 2996 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 8 | 2 | 6 | 9 | 7 | 5 | 4 | 1 |
| 9 | 4 | 7 | 5 | 2 | 1 | 8 | 3 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 8 | 3 | 9 | 7 | 2 |
| 1 | 5 | 8 | 2 | 3 | 4 | 7 | 6 | 9 |
| 2 | 3 | 9 | 7 | 6 | 5 | 4 | 1 | 8 |
| 7 | 6 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 5 | 2 | 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 9 | 4 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 4 | 6 | 2 | 5 | 3 |
| 4 | 9 | 6 | 3 | 5 | 2 | 1 | 8 | 7 |

## बंगाल सरकार ने इस वित्त वर्ष में फसल बीमा योजना पर 3,564 करोड़ रुपये खर्च किए : कृषि मंत्री

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के कृषि मंत्री शोभनदेव चट्टोपाध्याय ने बुधवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार ने किसानों को प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाले किसी भी वित्तीय नुकसान से बचाने के लिए फसल बीमा योजना के तहत इस वित्त वर्ष में 3,564 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। मंत्री ने प्रश्नकाल में विधायकों के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि शष्य बीमा (फसल बीमा) योजना के तहत 16 फसलें कवर की जाती हैं। उन्होंने सदन को बताया कि फसल बीमा योजना के तहत करीब 1.12 करोड़ किसान पहले ही लाभान्वित हो चुके हैं, जिसके लिए इस वित्त वर्ष में 3,564 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बीमा योजना के तहत, संकटग्रस्त किसान को आपदाओं के कारण फसल के नुकसान की भरपाई के लिए राज्य से अपील किए जाने के 45 दिनों के भीतर मुआवजा मिल जाता है।

# विभाजन की राजनीति करने वालों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए जनता तैयार : ममता

## कहा... 'भाजपा सिर्फ अपने राजनीतिक फायदे के लिए समाज में विभाजन और दंगा की राजनीति करने में व्यस्त'

**मुख्यमंत्री ने बिना नाम लिए भाजपा पर बोला जोरदार हमला**



**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को विधानसभा में भाजपा का नाम लिए बिना उनपर जोरदार निशाना साधते हुए चेतावनी दी कि धर्म व विभाजन की राजनीति करने वालों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए लोग तैयार हो रहे हैं। ममता ने आरोप लगाया कि भाजपा सिर्फ अपने राजनीतिक फायदे के लिए समाज में विभाजन और दंगा की राजनीति करने में व्यस्त है। ममता ने राज्य के कुछ हिस्सों में भाजपा द्वारा लगाए गए बैनर व फ्लेक्स जिनपर लिखा है– हिंदू-हिंदू, भाई- भाई, 2026 में भाजपा के चाई का भी उल्लेख करते हुए इसकी खिल्ली उड़ाई। ममता ने कहा कि वह (भाजपा) सिर्फ हिंदू-हिंदू, भाई- भाई वह करती है लेकिन चुनाव के बाद उन्हें उनसे कोई सरोकार नहीं रहता है। ममता ने जोर देकर कहा कि आम लोगों के वास्तविक मुद्दे और उनके विकास से भाजपा का कोई मतलब नहीं है। स्वास्थ्य विभाग के अनुदान मांगों पर चर्चा के दौरान ममता ने कहा, बंगाल की पहचान बंगाली है। सबसे पहले खुद का सम्मान करना सीखें। अपनी पहचान के साथ खुद का सम्मान करें। बंगाल विविधता में एकता का प्रतीक है। ममता ने कहा कि स्वास्थ्य मामले में मुझे कोई तमिलनाडु न दिखाएं। उन्होंने कहा कि बिहार और त्रिपुरा सहित कई भाजपा शासित राज्यों से लोग बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की तलाश में बंगाल आते हैं और यहां अपना इलाज करवाते हैं। बंगाल सरकार भेदभाव से ऊपर उठकर उन्हें स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब बिहार और त्रिपुरा से लोग इलाज के लिए यहां आते हैं, तो हम नहीं पूछते हैं कि वे कौन हैं। मैं यह नहीं कहता कि हम उनका इलाज नहीं करेंगे। उनका धर्म क्या है? हमलोग सभी राज्यों के लोगों का परस्पर सम्मान करते हैं। सभी धर्मों पर विश्वास और उनका सम्मान करते हैं। ममता ने कहा कि बंगाल रामकृष्ण परमहंस और विवेकानंद के हिंदुत्व में विश्वास करता है, जो सबको साथ लेकर चलना और सबका सम्मान करना सिखाते हैं। ममता ने कहा कि हम शांति में विश्वास करते हैं। उन्होंने विपक्ष को चेतावनी देते हुए कहा कि लोग योगय जवाब देने के लिए तैयार हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मुझे किसी राजनीतिक पार्टी से कोई मेडल नहीं चाहिए।

# फर्जी पासपोर्ट मामले में कोलकाता पुलिस ने 69 बांग्लादेशियों के खिलाफ जारी किया लुकआउट नोटिस

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता पुलिस ने 69 बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया है। इन लोगों ने अलग-अलग समय पर अवैध रूप से देश में प्रवेश करने के बाद नकली दस्तावेज पेश करके भारतीय पासपोर्ट हासिल किए हैं। लुकआउट नोटिस इस आशंका में जारी किए गए हैं कि ये 69 घुसपैठिए अभी भी देश में, खासकर पश्चिम बंगाल में, छिपकर रह रहे हैं और दूसरे देशों में भाग सकते हैं। यह कदम राज्य में फर्जी पासपोर्ट रैकेट का भंडाफोड़ होने और जांच के दौरान इनकी पहचान उजागर होने के बीच उठाया गया। देश में आव्रजन, सीमा शुल्क और विभिन्न सीमा सुरक्षा एजेंसियों सहित संबंधित विभागों को सतर्क कर दिया गया है। शहर पुलिस के सूत्रों ने बताया कि एजेंसियों को इन 69 बांग्लादेशी घुसपैठियों का विवरण उपलब्ध कराया गया है। जांच अधिकारियों को शक है कि ये अवैध बांग्लादेशी घुसपैठिए दो श्रेणियों के हो सकते हैं। पहली श्रेणी में वे लोग शामिल हैं जो मूल रूप से 'आर्थिक शरणार्थी' हैं और भारत आने का उनका इरादा अपनी आजीविका कमाने के लिए रास्ते तलाशना है। दूसरे वर्ग में वे लोग शामिल हो सकते हैं जिनका संबंध बांग्लादेश से संचालित होने वाले भूमिगत आतंकी समूहों से है और वे पश्चिम बंगाल में स्लीपर सेल स्थापित करने सहित अन्य नापाक इरादों से भारत में घुसे होंगे। पिछले सप्ताह कोलकाता पुलिस ने पश्चिम बंगाल से संचालित एक फर्जी भारतीय पासपोर्ट रैकेट के बारे में कोलकाता की एक निचली अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। आरोप पत्र में कुल 130 व्यक्तियों के नाम हैं, जिनमें से 120 बांग्लादेशी निवासी हैं और शेष भारतीय नागरिक हैं। बांग्लादेशी नागरिकों के खिलाफ मुख्य आरोप यह है कि उन्होंने जाली दस्तावेज प्रस्तुत करके और भारी धनराशि देकर नकली भारतीय पासपोर्ट बनाए। आरोपी भारतीय नागरिकों के खिलाफ आरोप यह है कि उन्होंने इन अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों के लिए पासपोर्ट सहित नकली भारतीय पहचान दस्तावेजों की व्यवस्था करने में मदद की।

# विधानसभा अध्यक्ष ने सरकारी नौकरियों में भर्ती के मुद्दे पर स्थगन प्रस्ताव के लिए भाजपा विधायकों की मांग खारिज की

**भाजपा विधायक ने कहा... 'हम स्पीकर के अधिकार का सम्मान करते हैं, लेकिन आगामी सत्रों में इस मुद्दे को फिर से उठाएंगे'**



**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल विधानसभा के अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने बुधवार को विपक्षी भाजपा विधायकों को राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में पर्याप्त भर्तियों की कमी पर स्थगन प्रस्ताव लाने से मना कर दिया। जब भाजपा के मुख्य सचेतक शंकर घोष ने सत्र के पहले हाफ के दौरान प्रस्ताव पेश करने का प्रयास किया, तो अध्यक्ष ने इसे यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पहले ही इस मुद्दे पर बोल चुकी हैं और इस समय पूर्ण चर्चा की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि अन्य सूचीबद्ध मुद्दों पर चर्चा पहले ही निर्धारित है। इसके बाद, अध्यक्ष ने सत्र के पहले भाग को दोपहर 12.45 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया। इसके तुरंत बाद, घोष और 20 अन्य भाजपा विधायक शांतिपूर्वक बाहर निकलकर विधानसभा के गेट पर चले गए।

घोष ने संवाददाताओं से कहा कि हम स्पीकर के फैसले का सम्मान करते हैं, लेकिन हम स्कूलों में शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों सहित विभिन्न विभागों में सैकड़ों पदों पर रिक्तियों के मुद्दे को उजागर करना चाहते थे। हम राज्य सरकार की नौकरियों की भर्ती में भ्रष्टाचार और कटमनी के बारे में बात करना चाहते थे। इसके अलावा, हमारा उद्देश्य पिछड़ी जातियों और ओबीसी समुदायों के हजारों योग्य उम्मीदवारों के सामने आने वाली वंचितता को उजागर करना था। घोष ने कहा, हम सदन के संरक्षक के रूप में स्पीकर के अधिकार का सम्मान करते हैं, लेकिन भाजपा आगामी सत्रों में इस मुद्दे को फिर से उठाएगी।

## राज्य में उद्योगों के लिए 'लैंड पॉलिसी' में बदलाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में औद्योगिक विकास को गति देने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भूमि नीति में बदलाव करने की घोषणा की है। बुधवार को उन्होंने विधानसभा में कहा कि 2011 में सत्ता परिवर्तन के बाद राज्य में कई छोटे-बड़े उद्योग स्थापित हुए हैं, लेकिन कुछ मामलों में मौजूदा भूमि नीति के कारण उद्योगों की स्थापना में देरी हो रही है। इसे देखते हुए सरकार नई नीति लाने की तैयारी कर रही है। इस दिन, विधानसभा में स्वास्थ्य बजट चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पुरानी भूमि अधिग्रहण नीतियों के कारण अब भी सरकार को मुआवजा देना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि 1957 में अधिग्रहीत जमीन का मुआवजा आज तक देना पड़ रहा है। वाममोर्चा सरकार के दौरान भी बड़ी मात्रा में जमीन अधिग्रहित की गई थी, जिसका भुगतान अथ तक किया जा रहा है। इससे ट्रेजरी पर बोझ बढ़ रहा है। अब इस स्थिति को बदलना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए नई भूमि नीति की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि राज्य में बड़े उद्योग आ रहे हैं, कई नए प्रोजेक्ट प्रस्तावित हैं और आईटी क्षेत्र का भी तेजी से विकास हो रहा है। उन्होंन कहा कि स्वास्थ्य सेवा में पश्चिम बंगाल देश में अग्रणी है।

## राज्य सरकार ने भेदभाव की दीवार को तोड़ा, अब रेस्टोरेंट के बार काउंटर पर भी होंगी महिलाएं

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने अब रेस्टोरेंट और लिकर ऑन शॉप्स में महिलाओं के बैठने पर लगी प्रतिबंध को हटा दिया है। यह महत्वपूर्ण कदम राज्य सरकार ने विधानसभा में प्रस्तुत नए आर्थिक बिल में उठाया है। इस नए नियम के तहत, अब महिलाएं भी बार और रेस्टोरेंट के काउंटर पर बैठ सकती हैं, जैसा कि अन्य राज्यों में पहले से ही था। अभी तक बंगाल में यह नियम लागू नहीं था, जिससे महिलाओं को बार और रेस्टोरेंट के काउंटर पर बैठने से रोका जाता था। लेकिन अब राज्य सरकार ने इसे भेदभावपूर्ण मानते हुए इसे बदल दिया है। नए बिल में कहा गया है कि लिकर ऑन शॉप्स में महिलाओं के बैठने पर अब कोई प्रतिबंध नहीं होगा। हालांकि, मोहल्ले के शराब की दुकानों पर पुराना नियम अभी भी लागू रहेगा। विधानसभा में पारित हुए नए आर्थिक बिल के बाद इस बदलाव को लेकर विशेषज्ञों का मानना है कि इस कदम से रोजगार के अवसरों में भेदभाव कम होगा और महिलाओं को समान अधिकार मिलेगा।

# शुभेंदु को देखते ही लगे 'गो बैक' के नारे, बिना जुलूस निकाले लौटे नेता प्रतिपक्ष

**बारुईपुर में भाजपा और तृणमूल में झड़प, शुभेंदु ने बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग**



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर में बुधवार की दोपहर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के कार्यक्रम को लेकर विरोध प्रदर्शन हुआ। दरअसल, इस दिन, दोपहर में भाजपा नेता रासमाठ (रासमैदान) से बारुईपुर स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय तक जुलूस निकालने वाले थे। उस कार्यक्रम में भाजपा विधायकों को भी उपस्थित रहना था। लेकिन अंत में भाजपा ने जुलूस रद्द कर दिया। दोपहर में घोषित कार्यक्रम के लिए शुभेंदु के बारुईपुर पहुंचने पर इलाके में तनाव बढ़ गया। तृणमूल और भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों में झड़प हो गई। शुभेंदु ने आरोप लगाया कि जब वह वहां पहुंचे तो उनकी कार पर हमला किया गया। विपक्षी नेता का दावा है कि अगर वह उस समय बाहर होते तो उनका सिर पर आघात हुआ होता। उन्होंने घटना के विरोध में हाई कोर्ट जाने की भी धमकी दी। तृणमूल ने भाजपा के कार्यक्रम के ही दिन बारुईपुर में 'प्रतिशोध' कार्यक्रम का आह्वान किया। तृणमूल कार्यकर्ता पुराने बाजार और शिवानी पीठ इलाकों में विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। दोनों राजनीतिक दलों के कार्यक्रमों के दौरान किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए क्षेत्र में पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात किया गया था। इस बीच, दोपहर में शुभेंदु ने आरोप लगाया कि जब वह बारुईपुर पहुंचे तो उनकी गाड़ी पर हमला किया गया। जब शुभेंदु इलाके में प्रवेश किया तो उनके खिलाफ 'गो बैक' के नारे लगाए गए और काले झंडे भी दिखाए गए। इसके अलावा, भाजपा ने आरोप लगाया कि 'चोर चोर' का नारा भी लगाया गया। उनका दावा है कि झड़प के दौरान कई भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गए। भाजपा विधायक ने अपनी पार्टी के सदस्यों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जतायी। उन्होंने कहा कि मैं किसी से नहीं डरता। हर चीज का हिसाब होगा। अधिकारी ने निर्वाचन आयोग से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की और कहा कि राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किए बिना निष्पक्ष चुनाव कराना असंभव होगा। नेता प्रतिपक्ष अधिकारी ने कहा कि हमें बंगाल में राष्ट्रपति शासन चाहिए और निर्वाचन आयोग को इन घटनाओं पर संज्ञान लेना चाहिए। हालांकि, बुधवार का कार्यक्रम रद्द कर दिया गया, लेकिन भाजपा ने नया कार्यक्रम घोषित कर दिया है। उन्होंने बुधवार की घटना के विरोध में 27 मार्च को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर धरना देने का आह्वान किया है।

# भाजपा विधायक विलियम्स को बधाई देने वाली तख्तियां लेकर विधानसभा परिसर में हुए एकत्रित

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में विपक्षी भाजपा के विधायकों ने बुधवार को नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स को अंतरिक्ष में नौ महीने बिताने के बाद सुरक्षित धरती पर लौटने पर बधाई दी। भाजपा विधायक विलियम्स को बधाई देने वाली तख्तियां लेकर विधानसभा परिसर में एकत्र हुए। सत्र के पहले हाफ की कार्यवाही समाप्त होने के बाद भाजपा के मुख्य सचेतक शंकर घोष ने पार्टी विधायकों के समूह का नेतृत्व किया। भाजपा के करीब 30 विधायक विधानसभा के प्रवेश द्वार के पास खड़े होकर सुनीता विलियम्स को बधाई दी। प्रत्येक विधायक के हाथ में विलियम्स की एक तस्वीर थी, जिसके नीचे अभिनंदन सुनीता विलियम्स और भारतेर कन्या (भारत की बेटी) लिखा हुआ था। घोष ने कहा कि उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी से अनुरोध किया है कि वे विलियम्स को बधाई देने के लिए विधानसभा को सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित करने की अनुमति दें। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हम सभी को सुनीता विलियम्स की उपलब्धि पर गर्व है।



**सुनीता विलियम्स को सुनीता चावला कहने पर भाजपा ने कसा तंज**

विधानसभा में संबोधन के दौरान सुनीता विलियम्स को गलती से सुनीता चावला कहने पर भाजपा ने मुख्यमंत्री पर तंज कसा। विधानसभा के बाहर पत्रकारों से बातचीत में भाजपा विधायक शंकर घोष ने कहा कि वह (ममता) हमारी सीएम हैं, वह जो बोलेंगी हमें मान लेना होगा। घोष ने कहा कि ममता ने इससे पहले अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा को भी राकेश रोशन कह दिया था। उन्होंने खिल्ली उड़ाते हुए कहा कि हम विधानसभा में मुख्यमंत्री के मुंह से इस तरह की गलतियां सुनने के अभ्यस्त हैं। इसमें कोई नई बात नहीं हैं। वह कुछ भी बोलती रहती हैं।

# हाथियों के हमलों के लिए इंसान भी जिम्मेदार : वन मंत्री बिरबाहा हांसदा



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में हाथियों के हमलों की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं, जिससे कई लोगों की जान जा चुकी है। इस समस्या पर राज्य की वन मंत्री बिरबाहा हांसदा ने विधानसभा में चिंता जताई और चेतावनी दी कि जंगलों में इंसानों की दखलअंदाजी ही इस समस्या की जड़ है। उन्होंने कहा कि जब तक लोग वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास को नुकसान पहुंचाते रहेंगे, तब तक ऐसी घटनाओं को रोक पाना मुश्किल होगा। बुधवार को विधानसभा में बोलते हुए बिरबाहा हांसदा ने कहा कि इंसान ही वन्यजीवों के प्राकृतिक आवास को नष्ट कर रहा है। जंगलों से उनके भोजन को बाजार में बेचा जा रहा है, जिससे वे खाने की तलाश में गांवों और शहरों की ओर आ रहे हैं। उन्होंने सभी को सतर्क रहने और वन्यजीवों के संरक्षण के प्रति जागरूक होने की सलाह दी। वन मंत्री ने कहा कि जब तक हाथियों को जंगल में शांतिपूर्वक रहने नहीं दिया जाएगा, तब तक वे बस्तियों में आते रहेंगे। उन्होंने विधायकों से भी अपील की कि वे इस मुद्दे पर जनता को जागरूक करें और जंगलों में इंसानी हस्तक्षेप को रोकने के प्रयास करें।

# हाई कोर्ट ने कुणाल घोष को विदेश यात्रा की दी अनुमति

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के प्रदेश महासचिव कुणाल घोष को विदेश यात्रा की अनुमति मिल गई है। वह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ लंदन जाने वाले हैं। बुधवार को कलकत्ता हाई कोर्ट के जस्टिस देवांशु बसाक और स्मिता दास दे की खंडपीठ ने उन्हें 21 मार्च से 30 मार्च तक विदेश यात्रा पर जाने की अनुमति दी। बता दें कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी इस महीने के तीसरे सप्ताह में लंदन दौरे पर जा रही हैं, जहां वह तीन कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में व्याख्यान देंगी। पेशेवर कारणों से इस दौरे में शामिल होने के लिए कुणाल घोष ने हाई कोर्ट से अनुमति मांगी थी। इस पर, सुनवाई के दौरान उनके वकीलों अयन चक्रवर्ती और जिष्णु चौधरी ने दलील दी कि पहले भी कुणाल घोष कोर्ट की अनुमति से विदेश यात्रा कर चुके हैं और सभी शर्तों का पालन किया है। इस आधार पर उन्हें दोबारा अनुमति दी जानी चाहिए। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पूछा कि इस यात्रा का खर्च कौन वहन करेगा। इस पर कुणाल घोष के वकीलों ने बताया कि वह जिस संगठन से जुड़े हैं, वही उनकी यात्रा का खर्च उठाएगा। इस संबंध में आवश्यक दस्तावेज भी कोर्ट में प्रस्तुत किए गए। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के वकील अमजीत दे ने भी कहा कि यदि पिछली बार की तरह इस बार भी सभी शर्तों का पालन किया जाता है तो उन्हें यात्रा पर कोई आपत्ति नहीं है। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कोर्ट ने कुणाल घोष को विदेश यात्रा की अनुमति दे दी। हालांकि, शर्त के तहत उन्हें पांच लाख रुपये की राशि जमा देनी होगी और यात्रा के बाद अपना पासपोर्ट निचली अदालत में जमा करना होगा।

# बंगाल पुलिस में खाली पड़े हैं 46 हजार पद, मुख्य निर्वाचन अधिकारी को दी गई जानकारी

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य पुलिस महकमे में इस समय करीब 46 हजार पद खाली पड़े हैं। यह जानकारी राज्य पुलिस निदेशालय ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ), पश्चिम बंगाल के माध्यम से चुनाव आयोग (ईसीआई) को सौंपी है। राज्य पुलिस सूत्रों के अनुसार, इन 46 हजार रिक्तियों में से 30 हजार पद केवल कांस्टेबलों के हैं, जो पुलिस बल की रीढ़ माने जाते हैं। इसके अलावा, सब-इंस्पेक्टर (एसआई) या समकक्ष रैंक के पदों पर भी बड़ी संख्या में रिक्तियां हैं, जो बल में सबसे निचले अधिकारी स्तर का प्रतिनिधित्व करते हैं। दरअसल, ईसीआई ने आगामी 2026 के विधानसभा चुनावों की तैयारी के तहत राज्य पुलिस बल की मौजूदा संख्या और रिक्तियों का ब्यौरा मांगा था। इसके जवाब में, राज्य पुलिस निदेशालय ने बताया कि मौजूदा समय में कुल पुलिस बल की संख्या करीब 80 हजार है, जबकि 46 हजार पद रिक्त पड़े हैं। इस तरह, राज्य में पुलिस बल का एक-तिहाई हिस्सा खाली है। राज्य पुलिस द्वारा चुनाव आयोग को सौंपी गई सूची में नागरिक स्वयंसेवकों (सिविक वॉलंटियर्स) का कोई आंकड़ा शामिल नहीं है, क्योंकि नियमों के अनुसार, इन्हें चुनावी ड्यूटी में नहीं लगाया जा सकता। इसके अलावा, कलकत्ता हाई कोर्ट के एक निर्देश के तहत इन्हें कानून-व्यवस्था से जुड़े अभियानों में तैनात करने पर भी रोक है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के सूत्रों के अनुसार, उपलब्ध पुलिस बल के आधार पर चुनाव आयोग यह तय करेगा कि चुनाव के दौरान राज्य पुलिस और केंद्रीय अर्धसैनिक बलों (सीएपीएफ) का अनुपात क्या रहेगा। राज्य सरकार पहले भी सिविक वॉलंटियर्स को उनकी अधिकृत भूमिका से बाहर तैनात करने को लेकर आलोचनाओं का सामना कर चुकी है। अब चुनाव आयोग की रिपोर्ट के बाद यह देखना होगा कि राज्य सरकार इन रिक्तियों को भरने के लिए क्या कदम उठाती है।

## सूचना आयोग में दो सदस्य के रूप में डीजीपी राजीव कुमार की पत्नी व तृणमूल के पूर्व सांसद शामिल

**मुख्यमंत्री और संसदीय कार्यमंत्री की मौजूदगी में हुआ फैसला, नेता प्रतिपक्ष ने किया बैठक का बहिष्कार**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल सूचना आयोग के दो नए सदस्यों के नाम बुधवार को तय कर दिए गए। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और संसदीय कार्य मंत्री शोभनदेव चटर्जी की उपस्थिति में विधानसभा में सदस्य मनोनयन के लिए बैठक हुई। पूर्व घोषित निर्णय के अनुसार, नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी बैठक में शामिल नहीं हुए। संचिता कुमार और मृगांक महतो का चयन अंततः आठ लोगों की सूची में से किया गया। पूर्व आयकर अधिकारी संचिता ने सेवा से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ले ली है। बताते चलें कि संचिता राज्य पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कुमार की पत्नी हैं। वहीं, मृगांक 2014 में तृणमूल के टिकट पर पुरुलिया लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुने गए थे। विपक्षी खेमा सत्तारूढ़ पार्टी के पूर्व सांसद को सूचना आयोग में शामिल किए जाने को लेकर सवाल उठाया है। हालांकि, तृणमूल के शीर्ष नेतृत्व का दावा है कि मृगांक अब पार्टी से जुड़े नहीं हैं। इसलिए, सरकारी समिति में उनके शामिल होने पर कोई सवाल नहीं होना चाहिए। हालांकि, विपक्ष के अनुसार, इस नियुक्ति की 'पारदर्शिता और निष्पक्षता' पर सवाल बने हुए हैं। राज्य पुलिस के पूर्व महानिदेशक श्रीवीरेंद्र बंगाल के सूचना आयुक्त हैं। सरकार का कहना है कि दो नए सदस्यों की नियुक्ति से आयोग का ढांचा मजबूत हुआ है। हालांकि, बैठक में नेता प्रतिपक्ष की अनुपस्थिति के कारण विपक्षी खेमे को मुद्दा मिल गया है।

**पूर्व रेलवे**

**विज्ञापित निविदा सं. ईआरडब्ल्यूके-एमडीएसटीसी-एवीएस, दिनांक: 12.03.2025,** मुख्य कारखाना प्रबंधक, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, कांचरापाड़ा, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल, पिन-743145 द्वारा **निविदा सं.: ईआरडब्ल्यूके-एमडीएसटीसी-एवीएस, दिनांक: 12.03.2025** के तहत खुली निविदा प्रक्रिया के आधार पर 06 माह की अवधि के लिए "एमडीएसटीसी/केपीए में स्मार्ट क्लास रूम, कॉन्फ्रेंस रूम और सेमिनार हॉल के लिए ऑडियो एवं विजुअल सिस्टम की आपूर्ति एवं स्थापना" हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **बयाना राशि:** रु. 18,400/- **निविदा कागजात की लागत:** रु.0.00, **निविदा मूल्य:** रु. 9,20,441.30 जीएसटी सहित। **अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 02.04.2025 को 16.00 बजे। निविदा कागजात और संपूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
MISC-393/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**एनआईटी सं. 371_2024-25, 372_2024-25 और 373_2024-25, दिनांक 18.03.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है **(वरिष्ठ डीईएन/1/ हावड़ा के क्षेत्राधिकार के लिए): क्रम सं. 1, एनआईटी सं. 371_2024-25, कार्य का विवरण** : एईएन/टीआर-हावड़ा के अधीन एसएसई/पी.वे/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में हावड़ा यार्ड की उन्नति के सिलसिले में पी.वे रखरखाव कार्य। **अनुमानित मूल्य** : रु. 1,18,80,090.79, **बयाना राशि:** रु. 2,09,400/-, **क्रम सं. 2, एनआईटी सं. 372_2024-25, कार्य का विवरण** : एईएन/ट्रैक/हावड़ा के अधीन एसएसई/पी.वे/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में टीकेपीआर कोचिंग कॉम्प्लेक्स में लाइन नं. 2, 3, 17 और 40 का उन्नयन एवं सुदृढ़ीकरण और फ्लाई ओवर लाइन पर ट्रैक स्ट्रक्चर की उन्नति एवं अन्य महत्वपूर्ण अनुषंगी कार्य। **अनुमानित मूल्य** : रु. 1,30,85,195.08, **बयाना राशि:** रु. 2,15,400/-, **क्रम सं. 3, एनआईटी सं. 373_ 2024-25, कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के अधीन बीईक्यू स्टेशन (पीएफ नं. 3 एवं 4) पर और यूपीए स्टेशन (पीएफ नं. 1 एवं 2) पर पीएफ की ऊँचाई बढ़ाते हुए पीएफ सतह की उन्नति। **अनुमानित मूल्य** : रु. 1,92,21,392.44, **बयाना राशि:** रु. 2,46,100/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य (क्रम सं. 1, 2 एवं 3 प्रत्येक हेतु)। **समापन अवधि** : 06 (छह) माह (क्रम सं. 1, 2 एवं 3 प्रत्येक हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 07.04.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।
HWH-685/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इन निविदाओं के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रमांक एवं निविदा सूचना सं., कार्य का नाम, निविदा मूल्य, ईएमडी (1) सीकेपी-सेंट्रल-24-25-057, दिनांक 18.03.2025;** पाटासाहीः यार्ड को दोनों छोर पर शंटिंग नेक का विस्तार तथा पूरी लंबाई की अतिरिक्त लोडिंग लाइन का निर्माण; रु. 9,17,65,315.81; रु. 6,08,800; **(2) सीकेपी-सेंट्रल-24-25-58, दिनांक 18.03.2025;** रांगराः यार्ड को दोनों छोर पर शंटिंग नेक का विस्तार तथा पूरी लंबाई की अतिरिक्त लोडिंग लाइन का निर्माण; रु. 11,32,88,018.08; रु. 7,16,500; **(3) सीकेपी-सेंट्रल-24-25-59, दिनांक 18.03.2025;** वरिष्ठ मंडल अभियंता/सेंट्रल/चक्रधरपुर के क्षेत्राधिकार के अधीन एलडब्ल्यूआर ट्रैक के रखरखाव के लिए विभिन्न रेल सेक्शन हेतु सिर्फ ऑटोमेटिक टेपिंग थिम्बलों द्वारा तीन-पीस मोल्ड सहित कम्प्रेस्ड एयर पेट्रोल/एलपीजी के प्रयोग द्वारा रेलवे ज्वाइंटों की फ्यूजन वेल्डिंग के लिए 6000 एटी वेल्डिंग पोर्सन की आपूर्ति कार्य का निष्पादन; रु. 1,48,87,971.40; रु. 2,24,400; **निविदा प्रपत्र की कीमतः** प्रत्येक के लिए रु. 0.00। **खुलने की तारीखः** क्रमांक 1 एवं 3 के लिए 11.04.2025 तथा क्रमांक 2 के लिए 15.04.2025; निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। **टिप्पणी: सभी निविदादाताओं को ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किए जाएंगे। (प्राधिकारी-रेलवे बोर्ड पत्रांक 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020).** (PR-1247)

**NOTICE INVITING e-TENDER**

**Ref NIeT No: 414/15th F.C./2024-25 Date: 18.03.2025**
E-Tender are invited from bonafied resourceful contractors for development works. For Scheme details, other Terms and Conditions please visit **www.wbtenders.gov.in**
Documents Download Date: From **19.03.2025 at 05.00 PM** to **02.04.2025** up to **03.00 PM.** Bid Submission Date: **19.03.2025 at 05.30 PM** to **02.04.2025** up to **03.30 PM.** Date of Technical Bid Opening: **04.04.2025** at **04:00 PM.**
Sd/-,
Executive Officer
Chinsurah-Mogra Panchayet Samity

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**सं. सीओएम/डीईवी/ई-ऑक्शन/पीयू/एचडब्ल्यूएच/2022 दिनांक 17.03.2025** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, चतुर्थ तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत 15 (पंद्रह) वर्ष की अवधि के लिए बर्द्धमान स्टेशन (बीडब्ल्यूएन) के सर्कुलेटिंग एरिया में बीओटी (बिल्ड, ऑपरेट एवं ट्रांसफर) के आधार पर पे एंड यूज शौचालय के लिए नया ठेका प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। संदर्भित ई-ऑक्शन रेलवे बोर्ड के फ्रेट मार्केटिंग सर्कुलर नं. 11 ऑफ 2022 एवं कमर्शियल सर्कुलर नं. 14 ऑफ 2022 के अनुसार संचालित है। अधिक जानकारी और ई-नीलामी में भागीदारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल** के माध्यम से देखें। **ऑक्शन कैटलॉग सं. पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-01-25-आर, लॉट सं./कैटेगरी:** पीएनयू-एचडब्ल्यूएच-बीडब्ल्यूएन-टीओआई-72-25-1, **स्टेशन:** बर्द्धमान (बीडब्ल्यूएन)। **नीलामी की तिथि और समय :** दिनांक 27.03.2025 को 13.30 बजे।
HWH-687/2024-25
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

www.samagya.in
ॐ विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
MATRIMONIAL
EDUCATION
OBITUARY
PROPERTY
NAME CHANGE
REMEMBRANCE
RECRUITMENT
PUBLIC NOTICE
DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
81, Chintamani Dey Road, Howrah 711 101, Mobile: 70444 44522

# जेयू हिंसा : शिक्षाबंधु कार्यालय में आगजनी मामले में एक और छात्र गिरफ्तार, कोर्ट में पेशी



**कोलकाता, समाज्ञा :** जादवपुर विश्वविद्यालय में तनाव कम होने का नाम नहीं ले रहा है। तृणमूल समर्थित संगठन 'शिक्षाबंधु' के कार्यालय में आगजनी के मामले में पुलिस ने एक और छात्र को गिरफ्तार कर लिया है। इस गिरफ्तारी के विरोध में छात्रों ने जादवपुर थाने के सामने प्रदर्शन किया और पुलिस पर झूठे मामलों में छात्रों को फंसाने का आरोप लगाया। गिरफ्तार छात्र का नाम सौमिक चंद्र बताया गया है, जो सिविल इंजीनियरिंग के दूसरे वर्ष का छात्र है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, एक मार्च की रात विश्वविद्यालय परिसर में 'शिक्षाबंधु' कार्यालय में आगजनी की घटना हुई थी, जिसके बाद थाने में मामला दर्ज किया गया था। इसी मामले में पूछताछ के लिए मंगलवार को सौमिक को जादवपुर थाने बुलाया गया था, जहां देर शाम को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इसके बाद, ज्यादा फिर विश्वविद्यालय में छात्रों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया जो बुधवार की सुबह तक जारी है। एक मार्च को हुई आगजनी की घटना के संबंध में सौमिक सहित कई अन्य छात्रों को मंगलवार को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। सभी छात्र एक साथ रैली करते हुए थाने पहुंचे थे। पुलिस ने सभी से पूछताछ की, जिसके बाद सौमिक की गिरफ्तारी की गई। जैसे ही यह खबर फैली, छात्रों का एक गुट थाने के बाहर जुटकर विरोध प्रदर्शन करने लगा। उनका आरोप है कि पुलिस छात्रों को झूठे मामलों में फंसा रही है, जबकि वे अपनी शिकायतों की जांच नहीं कर रही है। छात्रों ने थाने के बाहर नारेबाजी करते हुए पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाया। उनका कहना था कि जब उन्होंने अपनी शिकायतें दर्ज करवाईं, तो उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई, लेकिन छात्रों को बार-बार निशाना बनाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इस घटना के सिलसिले में अब तक तीन छात्रों को गिरफ्तार किया जा चुका है। घटना के अगले ही दिन कोलकाता पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा ने घोषणा की थी कि आगजनी मामले में साहिल अली को गिरफ्तार किया गया है, हालांकि बाद में अदालत से उसे जमानत मिल गई। इसके बाद 12 मार्च को दर्शनशास्त्र विभाग के प्रथम वर्ष के छात्र सौम्यदीप उर्फ उजान को पुलिस ने गिरफ्तार किया। मंगलवार को उनकी न्यायिक हिरासत पूरी होने पर अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें जमानत मिल गई। लेकिन पुलिस ने तुरंत अदालत में नई याचिका दायर कर फिर से उनकी गिरफ्तारी की मांग की।

## रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने तारकेश्वर-बिष्णुपुर रेलवे लाइन परियोजना की स्थिति पर दी जानकारी



**कोलकाता, समाज्ञा :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो द्वारा पूछे गए सवाल के उत्तर में पश्चिम बंगाल के तारकेश्वर-बिष्णुपुर रेलवे लाइन परियोजना की वर्तमान स्थिति पर विस्तृत जानकारी दी। मंत्री ने बताया कि पश्चिम बंगाल में 01 अप्रैल 2024 तक कुल 43 रेलवे परियोजनाएं चल रही हैं, जिनमें 13 नई लाइनें, 4 गेज रूपांतरण और 26 डबलिंग परियोजनाएं शामिल हैं। इनकी कुल लंबाई 4479 किमी है और इनकी लागत 60,168 करोड़ अनुमानित की गई है। इनमें से 1655 किमी लंबाई का कार्य पूरा किया जा चुका है और मार्च 2024 तक 20,434 करोड़ का व्यय हो चुका है। इनमें से 13 नई लाइनें 1087 किमी लंबी हैं, जिनमें 322 किमी का कार्य पूरा हो चुका है। गेज रूपांतरण परियोजनाओं की लंबाई 1201 किमी है, जिसमें 854 किमी का काम संपन्न हो चुका है। वहीं, डबलिंग/मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं की कुल लंबाई 2192 किमी है, जिसमें 479 किमी का कार्य पूरा हुआ है। रेलवे मंत्रालय ने यह भी बताया कि पश्चिम बंगाल राज्य के लिए 2024-25 का बजट 13,941 करोड़ निर्धारित किया गया है, जो 2009-14 की तुलना में तीन गुना अधिक है। इन परियोजनाओं का कार्य मुख्य रूप से पूर्व-मध्य रेलवे, पूर्व रेलवे, दक्षिण-पूर्व रेलवे और उत्तर-पूर्व सीमा रेलवे क्षेत्रों के तहत किया जा रहा है। हालांकि, पश्चिम बंगाल में कई महत्वपूर्ण रेलवे अवसंरचना परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण में देरी हो रही है, जिसके कारण कार्य में रुकावट आ रही है। वर्तमान में कुल 4093 हेक्टेयर भूमि की आवश्यकता है, जिसमें से 1086 हेक्टेयर (26.5%) भूमि का अधिग्रहण किया गया है और 3007 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण बाकी है। रेल मंत्रालय ने बताया कि इन परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिए राज्य सरकार के सहयोग की आवश्यकता है। तारकेश्वर-बिष्णुपुर नई लाइन परियोजना (83 किमी) में अब तक 64 किमी का कार्य पूरा किया गया है। इसमें तारकेश्वर-गोगाट (34 किमी) और बिष्णुपुर-मायोनापुर-बरोगोविनाथपुर (30 किमी) खंड शामिल हैं। हालांकि, गोघाट-रामपुर-बरोगोविनाथपुर (19 किमी) खंड पर कानून-व्यवस्था से संबंधित समस्याओं के कारण कार्य रुक गया है। रेल मंत्रालय ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी रेलवे परियोजना की सफलता कई कारकों पर निर्भर करती है। इन सभी जटिलताओं के बावजूद, परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

## कोलकाता हवाईअड्डे पर तैनात किए गए तीन नए एयरफील्ड क्रैश फायर टेंडर

**कोलकाता, समाज्ञा :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर अग्निशमन क्षमता को मजबूत करने के लिए तीन नए एयरफील्ड क्रैश फायर टेंडर (एसीएफटी) तैनात किए गए हैं। एक अधिकारी ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हवाईअड्डा निदेशक प्रभात रंजन बेउरिया ने मंगलवार को इन अत्याधुनिक अग्निशमन वाहनों को आधिकारिक रूप से हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) के अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। दुबई में निर्मित ये अग्निशमन वाहन अत्याधुनिक तकनीक से लैस हैं और सिर्फ 35 सेकंड में शून्य से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकते हैं। इनका कुल वजन 39 टन है। प्रत्येक वाहन में 10 हजार लीटर पानी, एक हजार 300 लीटर फोम और 250 किलोग्राम ड्राई केमिकल पाउडर (डीसीपी) की क्षमता है, जिससे जेट ईंधन से लगी आग को प्रभावी तरीके से बुझाया जा सकता है। बेउरिया ने बताया कि इन तीन नए वाहनों की तैनाती के बाद कोलकाता हवाईअड्डे पर अब कुल आठ अग्निशमन वाहन हो गए हैं। एएआई के अनुसार, ये नई 66 कॉन्फ़िगरेशन वाले हाई-परफॉर्मेंस ट्रक हैं, जो तेज प्रतिक्रिया और प्रभावी अग्निशमन के लिए विशेष रूप से डिजाइन किए गए हैं। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि 66 कॉन्फ़िगरेशन का मतलब है कि ये वाहन तीन एक्सल वाले हैं, जिनके सभी पहिए संचालित होते हैं, जिससे ये किसी भी आपात स्थिति में तेजी से कार्रवाई कर सकते हैं।

## मालदह डिविजनल रेलवे अस्पताल में गुर्दे की बीमारी से बचाव पर जागरूकता कार्यक्रम



**कोलकाता, समाज्ञा :** मालदह डिविजनल रेलवे अस्पताल में गुर्दे की बीमारी से बचाव के लिए एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मालदह मेडिकल कॉलेज कॉ प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ. बी.पी. बाला और डॉ. तपन हलदर ने मुख्य भूमिका निभाई। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मरीजों, डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ को गुर्दे की बीमारी के प्रारंभिक लक्षणों, बच्चों में गुर्दे की बीमारियों और उनके दीर्घकालिक प्रभावों के बारे में जागरूक करना था, साथ ही हाइ-परटेंशन और डायबिटीज से प्रभावित व्यक्तियों में पुराने गुर्दे की बीमारी के बचाव के उपायों को साझा करना था। इस कार्यक्रम में करीब 30 व्यक्तियों ने हिस्सा लिया। जिनमें मरीज, डॉक्टर और पैरामेडिकल पेशेवर शामिल थे। इस तरह की पहलें समुदाय में जागरूकता बढ़ाने और सक्रिय स्वास्थ्य देखभाल को प्रोत्साहित करने में अहम भूमिका निभाती हैं।

## अखिल भारतीय गोड ब्राह्मण सभा का होली प्रीति सम्मेलन



**कोलकाता, समाज्ञा :** अखिल भारतीय गोड ब्राह्मण सभा का होली प्रीति सम्मेलन सह स्वरूचि भोज समाज के स्थापित और उदीयमान व्यक्तित्वों की मौजूदगी एवं सबका साथ सबका विकास की शपथ के साथ कला मंदिर में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथियों में बाल ब्यास श्रीकांत शर्मा, भागवत मर्मज्ञ पंडित मालीराम शास्त्री, भाईजी बजरंगलाल शर्मा बाल हनुमान, सभा के संस्थापक सीताराम शर्मा बेलारूस, सुनील शर्मा, बालकिशन कालावटिया, राजेन्द्र जोशी रायपुर, सभा के पूर्व अध्यक्ष डॉ सुरेन्द्र शर्मा, सीताराम शर्मा गुरुजी, सुभाष शर्मा, वीरेन्द्र शर्मा, बनवारी लाल सोती, भंवरलाल जोशी, गोविन्द शर्मा, लाला बाबू, महेश शर्मा (पार्षद), हरि किशोर शर्मा, भिकामचंद मिश्रा, रामबिलास शर्मा लिलुआ, विष्णु शर्मा, रामबलव मिश्रा, विकास शर्मा बर्कीयान, नवीन जोशी, दिपू शर्मा, योगेश शर्मा, कविता शर्मा, सीमा मिश्रा, नंदकिशोर पुरोहित, राजाराम पटेल, वेदप्रकाश जोशी, अभिषेक कौशिक, वंदना मिश्रा, भरतराम तिवाड़ी, राजकुमार व्यास उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ गणेश वंदना से हुआ। समारोह चैयरमैन श्री पवन कुमार भुवानिया ने आगत अतिथियों क स्वागत किया। सभा के अध्यक्ष अनिल दत्त शर्मा, उपाध्यक्ष सुशील ढणड, सचिव संजीव मिश्रा, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। संयोजक सुशील ढणड, रवि शर्मा, गणेश डोकवाल, राहुल जोशी, सज्जन शर्मा, बालाजी के साथ अजय जोशी, अनिल मिश्रा, अशोक सहल, संतोष थलिया, सज्जन सहल, बनवारी शर्मा का कार्यक्रम को सफल बनाने में यो-गदान रहा।

# पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन का 29 मार्च को होगा होली प्रीति सम्मेलन




**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन द्वारा होली प्रीति सम्मेलन 2025 का 29 मार्च को आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन एफ.ई. पार्क, साल्टलेक, कोलकाता में किया जाएगा। जो एक सांस्कृतिक और सामाजिक मिलन का प्रतीक होगा, जिसमें मारवाड़ी समाज के लोग एकत्रित होकर एक-दूसरे से जुड़ने और रंगों की प्रीत में सहभागी बनने का अवसर प्राप्त करेंगे। सम्मेलन के प्रांतीय अध्यक्ष नंद किशोर अग्रवाल ने इस आशय की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पश्चिम बंग प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन की स्थापना 1939 में मंगलूरामजी जैपुरिया की अध्यक्षता में की गई थी। संस्था का उद्देश्य राष्ट्र की प्रगति एवं समाज के सर्वांगीण विकास में योगदान देना है। सतत प्रयासों और विशिष्ट संरक्षक सदस्यों के सहयोग से यह संस्था निरंतर गतिशील रही है और समाज के लिए विभिन्न कार्यों को अंजाम देती रही है। सम्मेलन द्वारा मेधावी छात्रों को सम्मानित किया जाता है और निःशुल्क शिक्षा का आयोजन किया जाता है। साथ ही, संस्था समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन, प्रवासी बंधुओं को जोड़ने, युवाओं को रोजगार देने, पीड़ित महिलाओं की सहायता करने तथा राजस्थानी भाषा और संस्कृति के संवर्धन के लिए निरंतर प्रयासरत है। सम्मलेन के प्रांतीय सचिव पंकज भालोटिया ने बताया कि इस वर्ष के होली प्रीति सम्मेलन में एक विशेष आकर्षण कुमार शर्मा की उपस्थिति होगी। शर्मा, जो एक प्रतिष्ठित कथक नर्तक और कोरियोग्राफर हैं, ने अपनी कला के माध्यम से भारतीय नृत्य जगत में एक विशिष्ट स्थान प्राप्त किया है। उनके द्वारा कोरियोग्राफ किए गए प्रस्तुतियों ने बॉलीवुड के प्रमुख सितारों जैसे माधुरी दीक्षित, रणवीर सिंह, आलिया भट्ट और जैकलीन फर्नांडीस को अपनी आकर्षक प्रस्तुतियों से मंत्रमुग्ध किया है। इसके अलावा, शर्मा का अभिनय समूह कथक रॉकर्स ने कई प्रसिद्ध टीवी शो जैसे डांस दीवाने, रूस गॉट टैलेंट, डांस इंडिया डांस, झलक दिखला जा, सुपर डांसर और इंडियाज बेस्ट डांसर में शानदार प्रदर्शन किया है। कुमार शर्मा की रचनात्मकता और समर्पण ने नृत्य की कला को एक नए आयाम तक पहुंचाया है। वे इस सम्मेलन के माध्यम से अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे और समाज के युवाओं को प्रेरित करेंगे। यह आयोजन न केवल एक सांस्कृतिक उत्सव होगा, बल्कि मारवाड़ी समाज की एकता, संस्कृति और प्रेरणा का प्रतीक भी बनेगा। सम्मेलन में समाज के विभिन्न वर्गों के लोग एकत्रित होकर अपनी परंपराओं को पुनः जीवित करेंगे और होली के पर्व का उल्लास मनाएंगे। सभी समाज के सदस्यों और कला प्रेमियों से निवेदन है कि वे इस भव्य आयोजन में सम्मिलित होकर इसका हिस्सा बनें और एक नई ऊर्जा के साथ इस कार्यक्रम का आनंद लें।

## बैरकपुर स्टेशन के पास लेवल क्रॉसिंग गेट पर चलाया गया सुरक्षा जागरूकता अभियान



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के जनसंपर्क विभाग ने बुधवार को बैरकपुर स्टेशन के पास स्थित लेवल क्रॉसिंग गेट के पास सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। इस अभियान में बैरकपुर रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट के कर्मियों ने भी सक्रिय रूप से हिस्सा लिया। इस अभियान के दौरान, लेवल क्रॉसिंग से गुजरने वाले पैदल यात्रियों और सड़क वाहन मालिकों को सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी दी गई। जनसंपर्क विभाग के कर्मचारियों और आरपीएफ अधिकारियों ने लोगों को यह सलाह दी कि वे लेवल क्रॉसिंग गेट के बंद और खुले होने की प्रक्रिया में धैर्य रखें और ट्रेन को प्राथमिकता दें, ताकि ट्रेन और सड़क यातायात दोनों का सुचारू रूप से संचालन हो सके। इस अभियान में सूचना-शिक्षा-प्रसार सामग्री लोगों के बीच बांटे गए और लेवल क्रॉसिंग पर बैनर लगाए गए, ताकि लेवल क्रॉसिंग से गुजरने के दौरान पालन किए जाने वाले नियमों और सावधानियों को प्रभावी रूप से साझा किया जा सके। इसके अलावा, आरपीएफ कर्मियों ने सड़क उपयोगकर्ताओं को भी जागरूक किया।

# कैंसर उपचार के लिए इंडियन ऑयल और टाटा मेडिकल सेंटर कोलकाता में साझेदारी



**कोलकाता, समाज्ञा :** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (इंडियन ऑयल) ने टाटा मेडिकल सेंटर, कोलकाता के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। यह साझेदारी क्षेत्र में कैंसर उपचार सुविधाओं को और अधिक सशक्त बनाने और मरीजों को अत्याधुनिक चिकित्सा तकनीकों तक पहुंच दिलाने के उद्देश्य से की गई है। इस समझौते के तहत इंडियनऑयल टाटा मेडिकल सेंटर को 26.20 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। इस सहायता राशि का उपयोग ब्रैकीथेरेपी उपकरण और रेडियो सीटी प्लानर जैसे आधुनिक कैंसर उपचार उपकरणों की खरीद में किया जाएगा। ये उपकरण कैंसर रोगियों को सटीक विकिरण चिकित्सा (रेडिएशन थेरेपी) देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जिससे इलाज की गुणवत्ता और प्रभावशी-लता में उल्लेखनीय सुधार आएगा। टाटा मेडिकल सेंटर, कोलकाता में आयोजित समझौता समारोह में इंडियन ऑयल के पश्चिम बंगाल राज्य कार्यालय के कार्यकारी निदेशक और राज्य प्रमुख एल. के. एस. चौहान, मानव संसाधन, विपणन मुख्यालय के मुख्य महाप्रबंधक गौतम दत्ता और एचआर-सीएसआर के उप महाप्रबंधक अजय कुमार वजीर उप-स्थित रहे। टाटा मेडिकल सेंटर की ओर से सीईओ डॉ. पी. अरुण और ऑन्कोलॉजी व रेडिएशन विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के छात्र ने गेट परीक्षा 2025 में अखिल भारतीय रैंक 1 किया हासिल




**कोलकाता, समाज्ञा :** हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के 4वीं वर्ष के बी.टेक-बायोटेक्नोलॉजी इंजीनियरिंग के छात्र, अर्नब पॉल ने ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट (गेट) 2025 में बायोटेक्नोलॉजी श्रेणी में अखिल भारतीय रैंक 1 प्राप्त किया है। इस वर्ष लगभग 17,078 छात्रों ने बायोटेक्नोलॉजी में जी-टीए परीक्षा दी थी, और यह उपलब्धि न केवल हेरिटेज इंस्टीट्यूट के लिए गर्व का विषय है, बल्कि पश्चिम बंगाल राज्य के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि अर्नब ने राष्ट्रीय स्तर पर पहली रैंक प्राप्त की है। हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के बायोटेक्नोलॉजी विभाग की सहायक प्रोफेसर, प्रो. ऋद्धि गोस्वामी ने कहा, अर्नब एक बहुत मेहनती और आत्मविश्वासी छात्र हैं, जिन्होंने संस्थान को गर्वित किया है। 2019 में सयंतिका घोष ने भी गेट परीक्षा में अखिल भारतीय रैंक 1 प्राप्त किया था। हेरिटेज इंस्टीट्यूट के प्राचार्य प्रो. बासब चौधरी ने अर्नब को भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। बायोटेक्नोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीबांती बसु, ने कहा, हम छात्रों को गेट परीक्षा के लिए काफी मार्गदर्शन प्रदान करते हैं और उन्हें भारतीय विज्ञान अकादमी के समर रिसर्च फेलोशिप कार्यक्रमों में भी सफलता प्राप्त करने में मदद करते हैं। अर्नब ने अपनी सफलता का श्रेय संस्थान और शिक्षकों को देते हुए कहा, नियमित अध्ययन के अलावा, संकाय सदस्यों से निरंतर मार्गदर्शन ने मुझे बहुत मदद की। बायोटेक्नोलॉजी में मेरी नींव बहुत मजबूत थी और हेरिटेज ने मुझे सही मंच प्रदान किया। हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ, पी.के. अग्रवाल ने कहा, हमारे संस्थान के बायोटेक्नोलॉजी विभाग ने अपनी स्थापना से लेकर अब तक न केवल गेट परीक्षा, बल्कि अन्य विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में भी कई रैंक धारक तैयार किए हैं। विभाग के पूर्व छात्रों ने कोविड-19 वैक्सीन कोविशील्ड के निर्माण में सक्रिय रूप से योगदान किया और नासा के मार्स मिशन में भी हिस्सा लिया।

### ईस्ट-वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर पर हर रविवार रहेगा संपूर्ण ब्लॉक

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता मेट्रो रेलवे ने घोषणा की है कि आगामी 23 मार्च से हर रविवार को ईस्ट-वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर (ग्रीन लाइन) पर ट्रेनों का संचालन पूरी तरह से बंद रहेगा। यह निर्णय पूरे कॉरिडोर, जो हावड़ा मैदान से सॉल्ट लेक सेक्टर त तक फैला है, पर कम्युनिकेशन बेस्ड ट्रेन कंट्रोल (सीबीटीसी) सिस्टम के परीक्षण के लिए लिया गया है। मेट्रो रेलवे ने अपने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि यह ट्रैफिक ब्लॉक अगली सूचना तक जारी रहेगा। रविवार को ईस्ट-वेस्ट लाइन पर कोई सेवा उपलब्ध नहीं होगी। हालांकि, ब्लू लाइन पर सामान्य मेट्रो सेवाएं पूर्ववत जारी रहेंगी और यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। मेट्रो रेलवे ने यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिएफ खेद प्रकट किया है और यात्रियों से सहयोग की अपील की है।

### अमेजन फैशन के नेक्स्ट जेन स्टोर ने जेन जेड शॉपर्स में 3 गुना वृद्धि

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन फैशन ने अपनी नेक्स्ट जेन स्टोर के माध्यम से भारत में फैशन उपभोक्ताओं के बीच तेज वृद्धि का खुलासा किया है। 2023 में लॉन्च हुआ यह डिजिटल हब अब जेन जेड ग्राहकों में 3 गुना वृद्धि और टियर-2 शहरों से 4 गुना वृद्धि दिखा रहा है। 2 मिलियन से अधिक उत्पादों और 340 से अधिक ब्रांड्स के साथ, नेक्स्ट जेन स्टोर ने युवा फैशन ट्रेंड्स को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अमेजन फैशन ने आगामी 20-24 मार्च तक नेक्स्ट जेन ऑनलाइन शॉपिंग इवेंट का आयोजन किया है, जिसमें वाई2के बैडी, 90 के दशक के ग्रंज और स्ट्रीट स्टाइल कलेक्शन पर 60% तक छूट दी जाएगी। अमेजन फैशन एंड ब्यूटी इंडिया के डायरेक्टर सिद्धार्थ भगत, ने कहा, नेक्स्ट जेन स्टोर की सफलता यह दर्शाती है कि डिजिटल प्लेटफॉर्म फैशन की पहुंच को नया रूप दे रहे हैं।

### अमेजन का इलेक्ट्रॉनिक्स प्रीमियर लीग, टॉप ब्रांड्स पर 21 से 26 मार्च तक शानदार डील्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन ने अपनी पहली इलेक्ट्रॉनिक्स प्रीमियर लीग की घोषणा की है, जो 21 मार्च से 26 मार्च 2025 तक लाइव रहेगी। इस इवेंट में सैमसंग, जेबीएल, हायर, बोट, लेनोवो, वनप्लस, आईक्यूओ, गोप्रो, सोनी और अन्य प्रमुख ब्रांड्स के आकर्षक ऑफर पेश किए जाएंगे। स्मार्टफोन, लैपटॉप, स्मार्ट टीवी, कैमरा, हेडफोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों पर 65% तक की छूट मिलेगी। इसके अलावा, आईसीआईसीआई और एक्सिस बैंक क्रेडिट कार्ड से भुगतान करने पर 7.5% की अतिरिक्त छूट भी दी जा रही है।इस दौरान, स्मार्टफोन और एक्सेसरीज पर 40% तक की छूट, प्रीमियम कैमरा नो कॉस्ट ईएमआई के साथ 8999 रुपए प्रति माह से, और बड़े उपकरणों जैसे रेफ्रिजरेटर और वॉशिंग मशीन पर 65% तक की छूट मिलेगी। ग्राहकों को तेज डिलीवरी, एक्सचेंज बोनस और नो कॉस्ट ईएमआई जैसे लाभ भी मिलेंगे।

### डॉ. वनीता रहमान ने ब्रेस्ट कैंसर व महिला स्वास्थ्य के लिए पौध आधारित आहार को बताया कारगर उपाय

**कोलकाता, समाज्ञा :** फिजीशियंस कमेटी फॉर रिस्पॉन्सिबल मेडिसिन (पीसीआरएम) की आंतरिक चिकित्सा विशेषज्ञ, प्रमाणित न्यूट्रिशनिस्ट और फिटनेस एक्सपर्ट डॉ. वनीता रहमान ने लोरेटो कॉलेज, कोलकाता में पौध आधारित आहार (प्लांट-बेस्ड डाइट) और जीवनशैली सुधार पर व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि कोलकाता में 60% महिला कैंसर मामलों में ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर शामिल हैं। भारत में 2%-35% महिलाएं पी-सीओएस और 4.2 करोड़ लोग थायरॉइड विकारों से पीड़ित हैं। डॉ. रहमान ने बताया कि कम वसा वाले पौध आधारित आहार से ब्रेस्ट कैंसर की पुनरावृत्ति का खतरा 23% और मृत्यु दर 17% तक कम हो जाती है।

## खण्डेलवाल वैश्य समाज का होली मिलन समारोह



**कोलकाता, समाज्ञा :** खण्डेलवाल वैश्य समाज का होली मिलन समारोह बीकाजी रिद्म बैंक्वेट में हर्षोल्लास से मनाया गया। चन्दन तिलक एवं गुलाल से स्वागत करते हुए गणेश पूजन से समारोह प्रारंभ हुआ। समाज उपाध्यक्ष सुरेश कायथवाल ने स्वागत सम्बोधन किया। मंत्री वैभव तांबी ने समाज की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। महासभा संरक्षक सुभाष बम्ब ने महासभा के शीघ्र अधिवेशन की जानकारी दी। खण्डेलवाल धर्मादा ट्रस्ट के प्रबन्ध न्यासी अमरनाथ चौधरी ने समाज बन्धुओं से सक्रिय सहयोग की अपील की। रिसड़ा आंचलिक समिति के गोपाल सहारिया ने भी होली की शुभकामनाएं दी। समारोह के मुख्य अतिथि गौहाटी से पधारे सुप्रसिद्ध चिकित्सक डा. अंकुर खण्डेलवाल ने स्वास्थ्य सम्बंधित जानकारी देते हुए जागरूक रहने की सलाह दी। प्रश्नोत्तरी श्रृंखला का रोचक संचालन रवि तमोलिया ने किया। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन सांस्कृतिक मंत्री मीनाक्षी तमोलिया ने किया। वरिष्ठ सदस्य महाबीर प्रसाद रावत ने धन्यवाद ज्ञापित किया। लड्डूगोपाल खूंटेटा, रविन्द्र डंगायच, बिमल आमेरिया, शंकर खूंटेटा, साकेत दुसाद, जगमोहन खण्डेलवाल, कृष्ण कुमार खूंटेटा, कमल आमेरिया, विठ्ठल जसोरिया, रामकिशन खूंटेटा, नितीन साकुनिया, घनश्याम टटार, महेश शाह, पंकज खूंटेटा आदि की उल्लेखनीय उपस्थिति रही एवं कार्यकारिणी सदस्यों का सक्रिय सहयोग रहा।

## सेल, केंद्रीय विपणन संगठन, मुख्यालय में आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता (उपक्रम) नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के तत्वावधान में बुधवार को सेल, केंद्रीय विपणन संगठन, मुख्यालय, कोलकाता के सौजन्य से आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के उप निदेशक (कार्या.) डॉ विचित्रसेन गुप्त विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। इस प्रतियोगिता में समिति के 26 सदस्य कार्यालयों के कुल 45 अधिकारियों एवं कर्मियों ने हिस्सा लिया। निर्णायक के रूप में कोलकाता महानगर के उमेश चन्द्र कॉलेज के प्रोफेसर डॉ कमल कुमार एवं सलाहकार एसआरएफटीआई, एस पी दुबे, कोलकाता उपस्थित थे। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में राजभाषा सर्वकार्य प्रभारी मुख्य महाप्रबंधक (मा.सं.) बिजया मिश्रा ने विभिन्न उपक्रमों से पधारे सभी प्रतिभागियों के प्रति स्वागत सम्बोधन किया। महाप्रबंधक (का. व प्रशा.) संजित कुमार दास ने विभिन्न उपक्रमों से पधारे प्रतिभागियों, निर्णायक वृंद व अतिथियों को कंपनी की तरफ से स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के सफल समन्वयन व संचालन में महाप्रबंधक (मा.सं.) संजित कुमार दास, राजभाषा अधिकारी अजय शंकर मिश्र, हिन्दी अनुवादक डॉ. अमित कुमार दीक्षित, कपिल प्रसाद साव एवं अनुप कुमार की अग्रणी भूमिका रही।

## हावड़ा में मंदिर के दान पेटी से चोरी 74,867 के साथ एक आरोपी को किया गिरफ्तार



**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत एक बड़ी कार्रवाई करते हुए गत सोमवार की रात पुलिस ने छापेमारी कर चोरी के मामले का खुलासा किया। यह कार्रवाई पर्णश्री थाने में दर्ज केस नंबर 142, दिनांक 23.02.2025, धारा 303(2) बीएनएस के तहत की गई। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपी समीर हलदार उर्फ जोजो (22) को गिरफ्तार किया है। वह हावड़ा जिला के दासनगर थाना अंतर्गत दासनगर का निवासी है। उसके घर से भारतीय मुद्रा के सिक्के और विभिन्न मूल्य के नोट बरामद किए। जब्त की गई राशि 74,867 है, जो मंदिर के प्रणामी बॉक्स से चुराई गई थी। पुलिस ने इस रकम को विधिवत जब्ती सूची के तहत बरामद कर लिया है। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है और अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## चितपुर में बच्ची से गहने लूटकर की हत्या की कोशिश, आरोपी तैराकी शिक्षक गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के चितपुर थाना क्षेत्र से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। 11 वर्षीय बच्ची ने अपने लिखित बयान में आरोप लगाया है कि गत मंगलवार की दोपहर करीब 3:15 बजे उसके तैराकी शिक्षक संदीप साव ने उसके घर में घुसकर उसकी मां के गहने लूट लिए और फिर उसकी हत्या का प्रयास किया। बच्ची ने बताया कि आरोपी संदीप साव उनके घर आया और उसे बहकाते हुए कहा कि उसकी मां ने लॉकर से गहने उसे देने को कहा है। मासूम बच्ची ने विश्वास कर गहने उसे सौंप दिए। इसके बाद, आरोपी ने एक गमछे की मदद से उसका गला घोंटने की कोशिश की और फिर रसोई में रखे चाकू से उसका गला रेतने का प्रयास किया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल बच्ची को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां ऑपरेशन के बाद उसकी हालत अब स्थिर बताई जा रही है। मामले की जांच करते हुए पुलिस ने आरोपी संदीप साव को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के दौरान उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। फिलहाल, पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।

# वोटर और आधार कार्ड पर पता एक, हकीकत में लोग रहते हैं कहीं और!

- सरकारी योजनाओं और चुनावों के लिए गंभीर
- खतरा जमीनी सत्यापन से मिल सकती है राहत

**हावड़ा, समाज्ञा :** वोटर और आधार कार्ड पर पता एक, लेकिन असलियत में लोग रहते कहीं और हैं। जब यह तथ्य सामने आया तो यह एक गंभीर मुद्दा बन गया। कई मामलों में वोटर कार्ड और आधार कार्ड पर दिए गए पते में भी अंतर पाया गया है। यह स्थिति सरकारी रिकॉर्ड्स और योजनाओं के लिए समस्या उत्पन्न करती है। कई बार लोग पुराने पते को नहीं बदलते, जिससे न केवल वोटिंग प्रक्रिया में बाधा आती है, बल्कि योजनाओं का लाभ भी नहीं मिल पाता। उदाहरण के तौर पर, लिलुआ बेलुर बाली इलाके के कुछ लोगों ने 10 साल पहले ही रेलवे क्वार्टर खाली कर दिया है, लेकिन उनके वोटर कार्ड और आधार कार्ड में वही पुराना पता दर्ज है। इससे ना केवल सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना मुश्किल हो रहा है, बल्कि चुनाव में भी असुविधा हो सकती है। लोग इस बारे में जागरूक नहीं हैं कि उनके दस्तावेजों में सही जानकारी होनी जरूरी है। फुटपाथ पर रहने वाले लोग भी हैं जिनके आधार कार्ड में किसी बिल्डिंग का पता दिया गया है। वॉर्ड 29 के पूर्व पार्षद शैलेश राय ने 171 मध्य हावड़ा के विधान सभा की जानकारी देते हुए बताया कि यह समस्या तब तक रहेगी जब तक जमीनी तौर पर यह नहीं देखा जाता कि असल में वह व्यक्ति उसे पते पर




रहता है भी या नहीं, जिसका उल्लेख उसके दस्तावेजों में हैं। पता सही नहीं होने पर कई तरह की परेशानी का भी सामना करना पड़ता है, जैसे अगर ऐसा कोई व्यक्ति दुर्घटना का शिकार होता है, तो मदद करने के दौरान पुलिस को उसका असल पता तलाशने में मुश्किल होगी। वहीं, अगर कोई व्यक्ति अपराध करता है, तो उसको तलाशने में भी मुश्किलें होंगी।

**❑ समाधान क्या है?**

इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया को बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) को निर्देश देना चाहिए कि वे घर-घर जाकर नागरिकों के पते की सत्यता की जांच करें। इसके साथ ही, लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न शिविरों का आयोजन किया जाए, ताकि वे अपने पुराने पते को अपडेट कर सकें। जमीनी सर्वे से न केवल अपराधों पर काबू पाया जा सकेगा, बल्कि इससे बैंकिंग व्यवस्था में भी सुधार होगा, जिससे ऋण देने में आसानी होगी। यह पहल समाज में पारदर्शिता और सही जानकारी के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देगी। इस मामले पर **डीएम पी. दीपाप्रिया** ने कहा, 'इस तरह की शिकायत मिलने पर हम तुरंत जांच शुरू करते हैं। जांच रिपोर्ट के आधार पर, यदि किसी व्यक्ति के पते में गड़बड़ी पाई जाती है, तो हम उसके दस्तावेजों को निरस्त कर देते हैं।' राज्य के सहकारिता मंत्री **अरूप राय** ने इस मामले पर कहा, 'इस तरह की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। हम इसे गंभीरता से जांच रहे हैं और स्वयं भी स्क्रूटनी करने के लिए उतरेंगे। साथ ही, हम डीएम और रिटर्निंग ऑफिसर को भी लगातार इन शिकायतों से अवगत कराते रहेंगे।'

## केंद्र ने सोशल मीडिया पर कौन से पोस्ट डिलीट किए हैं? अभिषेक बनर्जी लिखेंगे पत्र

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्र सरकार ने पिछले तीन वर्षों में सोशल मीडिया से कितने पोस्ट हटाने का आदेश दिया है? इस संबंध में सूचना मंत्रालय से सूचना की जानकारी नहीं है। हालांकि, डायमंड हार्बर के एक व्यक्ति ने याचिका दायर की कि उन्हें अपने प्रश्नों का कोई विशिष्ट उत्तर नहीं मिला। वह विपक्ष के अध्यक्ष ओम बिरला को आईटी मंत्रालय में नियुक्ति पत्र देकर प्रति अपना असंतोष व्यक्त कर रहे हैं। इसे लेकर स्थानीय सांसद व तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी का कहना है कि मैं राष्ट्रपति महोदय से अपील करूंगा कि वे यह सुनिशित करें कि सूचना मंत्रालय सही संख्या में जानकारी उपलब्ध कराए। यह आरोप लगाते हुए कहा गया है कि सरकार सोशल मीडिया पर विभिन्न वेबसाइट से पोस्ट का ऑर्डर दे रही है। उन्होंने इस मुद्दे पर केंद्र पर भी हमला किया। तृणमूल कांग्रेस के अखिल भारतीय महासचिव ने केंद्र से जानकारी हटाने के लिए पोस्ट डिलीट करने की जानकारी मांगी है। विभिन्न सरकारी मंत्रालयों द्वारा सोशल मीडिया साइट्स एक्स और मेटा पर कितनी पोस्ट हटाने की सूचनाएं जारी की गई है? पोस्ट हटाने के पीछे क्या कारण था? अभिषेक बनर्जी ने सूचना मंत्रालय को पत्र लिखकर यह प्रश्न पूछा है। अभिषेक के सवाल के जवाब में मंत्रालय के राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने बिना लिखित विशिष्ट संख्याएं दर्ज कीं, जिसमें कहा गया है कि देश की संप्रभुता, शालीनेता और विरासत की रक्षा, अदालत के समर्थकों पर प्रतिबंध, मित्र पड़ोसी देशों के सम्मान की रक्षा और देश के हित में कुछ सहयोगियों को प्रकाशित करने के लिए इसे सोशल मीडिया पोस्ट के अनुसार हटाने के लिए सूचनाएं जारी की गई हैं।

## कोलकाता पुलिस ने कैब से रामनवमी पर ईडन गार्डंस पर मैच नहीं रखने का किया अनुरोध

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच छह अप्रैल को ईडन गार्डन्स में मुकाबला होना है। लेकिन, इसी दिन रामनवमी भी है, जिस कारण मैच के आयोजन को लेकर सुरक्षा चिंताएं खड़ी हो गई हैं। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल (सीएबी) के अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने स्पष्ट किया है कि अगर पर्याप्त सुरक्षा नहीं मिलती है, तो मैच कराना संभव नहीं होगा। दरअसल, शहर में रामनवमी के अवसर पर कई जुलूस निकलने वाले हैं। हाल के वर्षों में रामनवमी के दौरान पश्चिम बंगाल में हिंसा की घटनाएं भी देखी गई हैं, जिसके चलते कोलकाता पुलिस पहले से ही सतर्क है। ऐसे में ईडन गार्डन्स में हजारों दर्शकों की भीड़ को नियंत्रित करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। सीएबी अध्यक्ष स्नेहाशीष गांगुली ने इस मुद्दे पर कहा कि अगर पुलिस पर्याप्त सुरक्षा मुहैया नहीं कराती है, तो मैच आयोजित करना संभव नहीं होगा। हमने इस बारे में भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को सूचित कर दिया है। पुलिस की ओर से हमें बताया गया है कि मैच के लिए पर्याप्त सुरक्षा देना मुश्किल होगा। अगर पुलिस सुरक्षा नहीं होगी, तो 65 हजार दर्शकों की व्यवस्था संभालना असंभव होगा। उन्होंने यह भी याद दिलाया कि पिछले साल भी एक आईपीएल मैच का शेड्यूल बदला गया था। हालांकि, इस मामले पर बीसीसीआई की ओर से अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## हाई कोर्ट ने शाहजहां के खिलाफ हत्या के मामले में राज्य से मांगा जवाब

**कोलकाता, समाज्ञा :** छह साल पुरानी तीन हत्याओं के मामले में शाहजहां शेख और अन्य आरोपियों के खिलाफ निचली अदालत द्वारा उठाए गए कदमों को लेकर कोलकाता हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से जानकारी मांगी है। न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने राज्य सरकार को आवश्यक सूचना पेश करने का आदेश दिया। संदेशखाली के 'आतंकी' शाहजहां और अन्य अपराधियों के खिलाफ 2019 में तीन हत्याओं का आरोप लगाया गया था। इस मामले में सीबीआई जांच की मांग करते हुए कोलकाता हाई कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। बुधवार को इस मामले की सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने पूछा कि शाहजहां शेख के खिलाफ निचली अदालत ने इस मामले में क्या कदम उठाए थे। राज्य सरकार के वकील ने बताया कि इस मामले में 25 संदिग्धों को चिन्हित किया गया था। इसके बाद न्यायमूर्ति



सेनगुप्ता ने सवाल किया कि क्या गवाहों के बयान के आधार पर शाहजहां को पहचाना गया था और क्या उसकी स्वीकृति ली गई थी? यदि लिया गया था, तो उसका दस्तावेज अदालत में पेश किया जाए। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या 2019 में आरोपपत्र दाखिल किया गया था। न्यायमूर्ति सेनगुप्ता ने निर्देश दिया कि 2019 में इस मामले में निचली अदालत द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी जाए। राज्य सरकार या याचिकाकर्ता, कोई भी इस जानकारी को अदालत में प्रस्तुत कर सकता है। इस मामले की अगली सुनवाई गुरुवार को होगी।

## जेल से ही लोगों को फोन कर धमकी दे रहा शेख शाहजहां, परिवार ने ईडी से की शिकायत

संदेशखाली के पूर्व तृणमूल नेता शेख शाहजहां पर जेल में रहते हुए एक परिवार को धमकी देने का आरोप लगा है। परिवार ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को इसकी शिकायत दर्ज कराई है। उत्तर 24 परगना के पुराना सरबेड़िया इलाके में रहने वाले मंडल परिवार ने आरोप लगाया है कि शेख शाहजहां के समर्थक मफिजुल मोल्ला ने दो दिन पहले उनके घर फोन किया था। परिवार के मुखिया रविन मंडल ने फोन उठाया, तो उन्हें कहा गया कि भाई ने फोन किया है, बात करो। इसके बाद, कॉल पर मौजूद शख्स ने कहा, मैं शेख शाहजहां बोल रहा हूं। बहुत बढ़ गए हो, बाजार को लेकर ज्यादा हंगामा कर रहे हो। तुम्हारे घर पर हमला होगा, बमबारी होगी, बाहर निकलना बंद कर दूंगा। मंडल परिवार का दावा है कि जिस 'शेख शाहजहां मार्केट' के नाम से बड़ा बाजार इलाके में स्थित है, वह उनकी पैतृक जमीन पर बनाया गया है। परिवार का आरोप है कि शेख शाहजहां ने जबरन इस जमीन पर कब्जा कर बाजार बनवाया था। परिवार का कहना है कि शाहजहां और उनके समर्थक लगातार उन पर दबाव बना रहे हैं ताकि वे शिकायत वापस ले लें। परिवार की बुजुर्ग सदस्य शिखा मंडल ने कहा कि फोन पर धमकी मिलने के बाद हम डरे हुए हैं। घर के गेट को बंद करके बैठे हैं। बाजार जाने की हिम्मत नहीं हो रही। पड़ोसियों से सामान मंगवाना पड़ रहा है। हालांकि, जिस नंबर से कॉल आया था, उसके मालिक मफिजुल मोल्ला ने इन आरोपों को खारिज किया है। उनका कहना है कि मेरी किसी से कोई बात नहीं हुई है, यह सब झूठे आरोप हैं।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत किसी भी राज्य पर कोई भाषा नहीं थोपी जाएगी : सुकांत मजूमदार

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सुकांत मजूमदार ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के तहत, स्कूली छात्रों द्वारा सीखी जाने वाली तीन भाषाओं का चयन राज्य, क्षेत्र और बच्चे करेंगे तथा किसी भी राज्य पर कोई भाषा नहीं थोपी जाएगी। इस दिन, राज्यसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में मजूमदार ने कहा कि बच्चों द्वारा सीखी जाने वाली तीन भाषाएं राज्यों, क्षेत्रों और निश्चित रूप से छात्रों की पसंद से तय होंगी, बशर्ते तीन भाषाओं में से कम से कम दो भारत की मूल भाषाएं हों। उन्होंने कहा कि तीन-भाषा फार्मूले में अधिक लचीलापन होगा और किसी भी राज्य पर कोई भाषा नहीं थोपी जाएगी। मजूमदार ने कहा कि एनईपी 2020 में प्रावधान है कि संवैधानिक प्रावधानों, लोगों, क्षेत्रों



और संघ की आकांक्षाओं और बहुभाषावाद को बढ़ावा देने के साथ-साथ राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए तीन-भाषा फार्मूले को लागू किया जाना जारी रहेगा। मंत्री ने कहा कि नीति में घरेलू भाषा या मातृभाषा में उच्च गुणवत्ता वाली पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध कराने और शिक्षकों को पढ़ाते समय द्विभाषी दृष्टिकोण का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने का भी प्रावधान है।

## कोलकाता में बढ़ते तापमान के बीच ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की ड्यूटी के समय में कटौती

**पुलिस कर्मी 8 घंटे की बजाय 6 घंटे करेंगे ड्यूटी**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बंगाल में बसंत के मौसम में ही तापमान में बढ़ोतरी देखी जा रही है, जिसके कारण गर्मी का असर तेजी से बढ़ रहा है। इस मौसम के चलते कोलकाता में ट्रैफिक पुलिसकर्मियों के काम के समय में कटौती करने का निर्णय लिया गया है। बुधवार को विभिन्न ट्रैफिक गार्ड का निरीक्षण करने के बाद कोलकाता के पुलिस कमिश्नर मनोज वर्मा ने बताया कि अब ट्रैफिक पुलिसकर्मी 8 घंटे की बजाय 6 घंटे की ड्यूटी करेंगे। चैत्र के महीने की शुरुआत में ही लोगों को गर्मी से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग घर से बाहर निकलते ही पसीने में तर हो जाते हैं और हर कोई अब बारिश का इंतजार



कर रहा है। इस दाबदाह के बीच, ट्रैफिक पुलिसकर्मी तेज धूप में 8 घंटे तक अपनी ड्यूटी निभा रहे थे। बुधवार सुबह, पुलिस कमिश्नर ने विभिन्न ट्रैफिक गार्ड का निरीक्षण किया और इसके बाद उन्होंने बताया कि सड़क पर काम करते वक्त ट्रैफिक पुलिसकर्मियों का स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है। इसी कारण, ड्यूटी के समय में 2 घंटे की कटौती की गई है। अब ट्रैफिक पुलिसकर्मी 6 घंटे की ड्यूटी करेंगे। इसके अतिरिक्त, उन्हें ओआरएस, छाता और पर्याप्त पानी भी प्रदान किया जाएगा ताकि वे गर्मी के इस मौसम में बेहतर तरीके से काम कर सकें।

## देश के सकल घरेलू उत्पाद का छह प्रतिशत शिक्षा पर खर्च हो : सीआईआई



**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने बुधवार को कहा कि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का छह प्रतिशत शिक्षा क्षेत्र पर खर्च किया जाना चाहिए। सीआईआई के अध्यक्ष संजीव पुरी ने कहा कि भारत की अनुमानित 6.5 प्रतिशत वृद्धि दर का अनुमान उचित लगता है। पुरी ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) के प्रमुख केंद्र के रूप में भारत वृद्धि को गति देने के लिए अच्छी स्थिति में है। आईटीसी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक पुरी ने कहा कि राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद का छह प्रतिशत शिक्षा क्षेत्र पर खर्च किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और शुल्क ढांचे को सुव्यवस्थित करने की जरूरत है। पुरी ने कहा कि यूरोपीय संघ के साथ एफटीए भारत के लिए काफी महत्व रखता है और अन्य देशों के साथ इस तरह के अन्य समझौते जल्द ही होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि आठ प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करने के लिए कृषि, सेवा और विनिर्माण जैसे अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों को सक्रिय करने की आवश्यकता है। पुरी ने कहा कि श्रम की अधिकता वाले उद्योगों में वृद्धि के साथ विनिर्माण क्षेत्र का पुनरुद्धार भी आवश्यक है।

# कसबा में अंतरराष्ट्रीय फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, छह गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** कसबा थाना अंतर्गत टैगोर पार्क स्थित सनशाइन अपार्टमेंट में डीडी और साइबर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक अंतरराष्ट्रीय कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया गया। इस छापेमारी के दौरान पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई साइबर थाना के डीडी केस नंबर 12, दिनांक 26 फरवरी के तहत की गई। मामला भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं 61(2), 319(2), 318(4), 336(2), 336(3), 338, 340(2) बीएनएस और आईटी एक्ट 2000 की धाराओं 66, 66सी, 66डी, 84बी, 43 के तहत दर्ज किया गया है। पुलिस की टीम ने 12, एनडीबी रोड, सनशाइन अपार्टमेंट, दूसरी मंजिल, टैगोर पार्क में छापा मारा और वहां से 5 लैपटॉप, 10 मोबाइल फोन, 4 पेन ड्राइव, 1 राउटर, 3 हेडसेट और कई आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए। गिरफ्तार किए गए अभियुक्तों की पहचान शुबहम जायसवाल, शानवाज अहमद उर्फ साद, जुबैर आलम, सौमेन प्रधान उर्फ बाबाई, राजा साव और श्रीकांत मुनास्वामी के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार,



ये सभी अभियुक्त गत मंगलवार की देर रात करीब 1.15 बजे उक्त स्थान से विधिवत प्रक्रिया का पालन करते हुए गिरफ्तार किए गए। इन्हें कोर्ट समय के दौरान माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, कोलकाता के समक्ष पेश किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि इस गिरोह का नेटवर्क अंतरराष्ट्रीय स्तर पर फैला हुआ था और ये लोग कॉल सेंटर के जरिए विदेशी नागरिकों को धोखाधड़ी का शिकार बना रहे थे। मामले की जांच जारी है और पुलिस को इस रैकेट से जुड़े और लोगों की तलाश है।

## नियुक्ति घोटाले में अयन शील की जमानत याचिका खारिज, सीबीआई की दलील को कोर्ट की मंजूरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कलकत्ता हाई कोर्ट ने नगर निकाय भर्ती घोटाले में गिरफ्तार अयन शील की जमानत याचिका खारिज कर दी है। केंद्रीय जांच एजेंसी सीबीआई ने इस मामले में जो दलीलें दी थीं, अदालत ने उन्हें स्वीकार कर लिया। अयन शील ने हाई कोर्ट में जमानत की अपील की थी। लेकिन, बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान सीबीआई ने इसका विरोध किया। एजेंसी ने अदालत को बताया कि राज्य में 17 नगरपालिकाओं में भर्ती घोटाले के आरोप लगे हैं, लेकिन अब तक केवल एक नगरपालिका की जांच पूरी हुई है। इस मामले में अभी तक चार्जशीट दाखिल नहीं की गई है। ऐसे में, अयन शील को जमानत देना उचित नहीं होगा। सीबीआई की इस दलील को स्वीकार करते हुए हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच, जिसमें जस्टिस देबांशु बसाक और जस्टिस स्मिता दास शामिल थे, ने अयन शील की जमानत याचिका खारिज कर दी। उल्लेखनीय है कि अयन शील को सबसे पहले स्कूल भर्ती घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। जांच के दौरान, साल्टलेक स्थित उनके घर से कई ओएमआर शीट बरामद हुईं, जिससे भर्ती घोटाले का पर्दाफाश हुआ। दरअसल, अयन शील की कंपनी ही नगर निकायों की भर्ती प्रक्रिया में ओएमआर शीट की जिम्मेदारी संभाल रही थी। नगर निकाय भर्ती घोटाले के बाद से ही अयन शील पर लगातार गंभीर आरोप लगते रहे हैं। अब हाई कोर्ट के इस फैसले के बाद उनकी कानूनी मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

# चेतला में किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** महानगर के चेतला थाना क्षेत्र से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जिसमें 18 वर्षीय युवती ने एक युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। युवती ने अपने बयान में बताया कि आरोपी राजा राय (28 ने पहली बार 12 अक्टूबर 2024 को कालीघाट स्काईवॉक के पास एक होटल के कमरे में उसके साथ दुष्कर्म किया। इस घटना के दौरान आरोपी ने उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें और वीडियो बना लिए और उन्हें सार्वजनिक करने की धमकी देते हुए उसे बार-बार प्रताड़ित किया। पीड़िता ने बताया कि इसी डर के साये में आरोपी ने दोबारा 27 दिसंबर 2024 को उसी होटल में उसके साथ



फिर से दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की और 19 मार्च 2025 को आरोपी राजा राय को उसके निवास स्थान के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने अपराध को स्वीकार कर लिया, जिसके बाद सभी कानूनी औपचारिकताओं को पूरा करते हुए उसे हिरासत में लिया गया। पीड़िता का प्रारंभिक चिकित्सकीय परीक्षण एसएसकेएम अस्पताल में किया गया। आरोपी को 19 मार्च को अलीपुर के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में पेश किया गया, जहां उपलब्ध साक्ष्यों की समीक्षा के बाद अदालत ने उसे 27 मार्च 2025 तक पुलिस हिरासत में भेजने का आदेश दिया। अदालत के समक्ष पीड़िता के बयान को धारा 183 बीएनएसएस के तहत दर्ज कराने के लिए आवेदन दिया गया है और आरोपी तथा पीड़िता दोनों के चिकित्सकीय और कानूनी परीक्षण की अलग-अलग प्रार्थनाएं भी दायर की गई हैं। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया जारी है।

## बंगाल की सभी 294 सीट पर खुद को मजबूत करेगी कांग्रेस, गठबंधन को लेकर अभी कुछ तय नहीं

**नई दिल्ली/कोलकाता :** कांग्रेस नेतृत्व ने बुधवार को पार्टी की पश्चिम बंगाल इकाई के नेताओं के साथ मंथन किया, जिसमें यह फैसला किया गया कि पार्टी राज्य के सभी 294 विधानसभा क्षेत्रों में खुद को मजबूत करेगी। हालांकि, पार्टी ने गठबंधन को लेकर फिलहाल कुछ तय नहीं किया है। कांग्रेस मुख्यालय 'इंदिरा भवन' में हुई बैठक में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल के अलावा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष शुभांकर सरकार, वरिष्ठ नेता अधीर रंजन चौधरी, दीपा दासमुंशी और कई अन्य नेता शामिल हुए। राहुल ने बैठक के बाद नेताओं के साथ अपनी तस्वीर साझा करते अपने व्हाट्सएप चैनल पर कहा कि आज इंदिरा भवन, नयी दिल्ली में हमारे पश्चिम बंगाल कांग्रेस नेतृत्व के साथ मेरी सार्थक चर्चा हुई। फोकस स्पष्ट था कि जमीनी स्तर पर अपनी पार्टी को मजबूत करना और लोगों के अधिकारों के लिए लड़ना। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बंगाल की आकांक्षाओं की आवाज बनने का प्रयास करेगी। बैठक के बाद मीर ने संवाददाताओं से कहा कि इस बैठक में पश्चिम बंगाल कांग्रेस के नेताओं ने अपनी बात रखी और नेतृत्व के साथ प्रदेश के मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि राज्य और केंद्र सरकार की खामियों के चलते आज पश्चिम बंगाल की जनता नाराज है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी की एक अहम भूमिका बनती है और इसके लिए हम योजनाबद्ध तरीके से पश्चिम बंगाल के लोगों की नुमाइंदगी करने को तैयार हैं। मीर ने कहा कि पश्चिम बंगाल के लोग चाहते हैं कि राज्य में कांग्रेस पार्टी मजबूत भूमिका निभाए, इसलिए हम उनकी आवाज और उनके मुद्दे सड़क पर उतरकर उठाएंगे। अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए गठबंधन की संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर मीर ने कहा कि अभी हम अपनी पार्टी को मजबूत करने और बंगाल के लोगों की आवाज पेश करने के लिए खुद को मैदान में उतार रहे हैं। चुनाव बहुत दूर हैं। जब समय आएगा, हम देखेंगे। उन्होंने कहा कि अभी बंगाल की जनता, युवा, बेरोजगार लोग चाहते हैं कि कांग्रेस एक मजबूत भूमिका निभाए। अभी हम सभी 294 सीट पर अपनी संगठनात्मक तैयारी करेंगे। मैंने हमेशा यही कहा है।

## नकली नोट के तस्करी के आरोप में महिला को पांच वर्ष की सजा



**मुर्शिदाबाद :** जिले के जंगीपुर की एक अदालत ने नकली नोटों के अवैध कारोबार करने के आरोप में महिला को दोषी ठहराया है। महिला को पांच साल के लिए सश्रम कारावास का फैसला सुनाया है। जानकारी के अनुसार, बुधवार की दोपहर न्यायाधीश अनिल कुमार प्रसाद ने चार लाख रुपये की नकली नोट के साथ पकड़ी गयी महिला संजिमा खातून को पांच वर्ष की सजा सुनाई। बता दें कि फरक्का थाने की पुलिस ने गत 11 दिसंबर 2021 को न्यू फरक्का बस स्टैंड से 4 लाख नकली नोटों के साथ संजिमा खातून को मालदह जिला के कालियाचक बाबूपाड़ा से गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इसके बाद, यह मामला न्यायालय में चल रहा था। सबूतों के आधार पर अदालत ने अपना फैसला सुनाते हुए पांच साल कारावास व 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। वहीं, पैसे नहीं चुका पाने की स्थिति में अतिरिक्त 6 माह का जेल भी हो सकता है। इस मामले में सरकारी वकील राजनारायण मुखर्जी ने बताया महिला को फिलहाल जेल भेज दिया गया है।

# दासपुर में अशांति रोकने गए पुलिस कर्मी पर हमला, सिर फटा व गश्ती वाहन तोड़ा

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के सागरपुर में एक गांव के उत्सव के दौरान हुए हंगामे को शांत कराने पहुंची पुलिस पर हमला कर दिया गया। इस घटना में एक पुलिस कर्मी के सिर में गंभीर चोट आई, जबकि पुलिस की गाड़ी को भी तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी पुलिस बल और रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) तैनात करनी पड़ी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, सागरपुर गांव में एक धार्मिक उत्सव के दौरान कुछ युवक नशे की हालत में आपस में झगड़ रहे थे। घटना की जानकारी मिलते ही दासपुर थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को काबू में कर लिया। लेकिन तभी एक युवक मंदिर के मंच से गिर पड़ा। गांव के कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस की पिटाई से युवक गिरा, जिससे माहौल गरम हो गया। इसके बाद, पंडाल में मौजूद कुछ लोगों ने पुलिस की गाड़ी को घेर लिया। पहले पुलिस के साथ बहस हुई और फिर हाथापाई शुरू हो गई। इस दौरान एक पुलिस कर्मी के सिर पर हमला कर दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। भीड़ ने पुलिस कर्मियों को गालियां दीं और उनकी गाड़ी को भी तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा। हालात बिगड़ते देख रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) को भी बुलाया गया। घाटाल अनुमंडल के पुलिस अधिकारी, घाटाल सर्कल इंस्पेक्टर, दासपुर और घाटाल थाने के ओसी भी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने देर रात 15 लोगों को गिरफ्तार किया, जिन पर पुलिस कर्मियों पर हमला करने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का आरोप है। घायल पुलिस कर्मी का इलाज घाटाल अनुमंडल अस्पताल में चल रहा है। जिला पुलिस के अनुसार, कुछ युवक नशे में महिलाओं से दुर्व्यवहार कर रहे थे और इलाके में उपद्रव मचा रहे थे। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस कर्मियों पर हमला कर दिया गया।

# युवावस्था से ही रखें दिल का ध्यान

नीतू गुप्ता

एक नये अध्ययन के अनुसार जिस उम्र में विकसित देशों में हार्ट अटैक होते हैं, उससे प्रायः 10 से 15 साल पहले हमारे देश के लोग इसका शिकार हो जाते हैं। विकसित देशों में प्रायः हार्ट अटैक 70 वर्ष से ऊपर की आयु वालों को होते हैं। उनसे अधिक संख्या में हार्ट अटैक भारतीयों को 60 से कम आयु वालों को होते हैं। अब तो हार्ट अटैक 30-40 वर्ष के लोगों को भी होने लगे हैं। इस उम्र में होने वाले हार्ट अटैक को प्रीमैच्योर स्टेज कहा जाता है जो अधिक खतरनाक स्टेज है।

### दिल को खुराक देती है अच्छी नींद

आधुनिक लाइफस्टाइल और संचार तकनीकों ने युवाओं की नींद बहुत डिस्टर्ब कर दी है। लेट सोना युवा लोगों के कल्चर में रच बस गया है। उसके साथ लैपटॉप और मोबाइल्स ने नींद और कम करवा दी है। युवा पीढ़ी देर रात तक फेसबुक और चैटिंग पर लगे रहते हैं और लेट नाइट एस एम एस भेजना और रिसीव करना उनकी आदत में शुमार हो चुका है। ऐसे युवा जब सोते हैं तो दिमाग में अगले दिन की प्लानिंग चलती रहती है जिसके कारण नींद पूरी न होना उनकी एक आम समस्या बन चुकी है। अगर नींद पूरी नहीं होगी तो शरीर की शक्ति भी धीरे धीरे क्षीण होनी प्रारंभ हो जाती है और दिल की धड़कन तेज होने लगती है।

युवा पीढ़ी का लाइफस्टाइल ऐसा है कि उनके पास नियमित व्यायाम करने का समय भी नहीं होता। इससे धीरे-धीरे उनका ब्लड प्रेशर बढ़ने लगता है।

विशेषकर जो युवा शिफ्ट डयूटी करते हैं, उनकी हालत तो जल्द खराब होने लगती है क्योंकि दिन में वे पूरी नींद नहीं ले पाते क्योंकि कुछ घरेलू काम भी निपटाने होते हैं। मुश्किल से दिन में वे 4 से 5 घंटे की नींद ही ले पाते हैं। दिल को ठीक रखने के लिए अच्छी नींद भी बहुत योगदान देती है। मानसिक रूप से फ्री होकर ली गई नींद स्वास्थ्य हेतु लाभप्रद होती है। शोधकर्ताओं के अनुसार कम से कम 6 घंटे की शांत नींद अच्छी सेहत के लिए बहुत जरूरी है।



7-8घंटे की मस्ती भरी नींद आपको अगले दिन के काम काज पूरे करने के लिए ताजगी प्रदान करती है। अच्छी डाइट और मानसिक रूप से संतुष्टि होने पर नींद भी अच्छी आती है। रात्रि का भोजन 7 से 8 बजे के बीच में कर लेना चाहिए। लेट भोजन के बाद नींद कभी भी अच्छी नहीं आती।

यह भी ध्यान रखें कि अधिक सोना भी दिल के लिए अच्छा नहीं। कई लोग बिस्तर पर लेटने के तीन चार घंटे के बाद सो पाते हैं, इसलिए वे प्रातः देर तक सोते रहते हैं नींद पूरी करने के लिए। यह गलत आदत है। नियमित समय पर बिस्तर पर जाएं और प्रातः भी नियमित समय पर उठें। सप्ताह भर के बाद आपकी नींद का पैटर्न ठीक हो जाएगा। जो लोग खर्राटे लेते हैं, उन्हें भी डॉक्टर से मिलकर इलाज करवाना चाहिए।

### स्टेऋेस कम करने के लिए मिलें लोगों से

जो लोग अपने में सिमटे रहते हैं, उन लोगों का दिल भी सुरक्षित नहीं रहता, इसलिए ठीक कहा है, 'दिल खोल लेते अगर यारों के साथ' तो न आज खुलवाना पड़ता औजारों के साथ। आजकल 22 से 40 वर्ष तक के लोग दिल के रोगों से अधिक पीड़ित हैं क्योंकि कैरियर को ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए अपने जीवन को स्टेऋस से भर लेते हैं। उनके पास न दोस्तों के लिए समय है, न ही संबंधियों और परिवार वालों के लिए। चूहा दौड़ में दौड़े चले जा रहे हैं। आस पास क्या हो रहा है, उन्हें खबर नहीं। छुट्टी वाले दिन ही बस वे अपनी नींद पूरी करते हैं या अपने बच्चों के साथ समय बिताते हैं।

पहले लोग संयुक्त परिवार में थे तो सभी से कुछ न कुछ बात भी कर लेते थे और पारिवारिक जिम्मेदारियां मिल बांट कर पूरी हो जाती थी। अब एकाकी परिवारों ने अकेले रहना सीख लिया है। बड़े मेट्रो शहरों में ही नहीं, अब छोटे शहरों का जीवन भी एकाकी होता जा रहा है।

युवा लोग स्मोकिंग और डिंऋक्स को अपना स्टेट्स सिंबल मानने लगे हैं जिनके सेवन से ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल को बढ़ावा मिलता है। नतीजा हार्ट डिजीज। युवा लोगों को चाहिए कि ऑफिस और घर परिवार में मिल जुल कर रहें। कोई समस्या हो तो उसका समाधान अपने विश्वासी लोगों की मदद से करने का प्रयास करें। ग्रुप में घूमें, खाएं पर सीमित मात्रा में।

### अगर समस्या आनुवंशिक हो तो

विशेषज्ञों के अनुसार यंग लोगों को दिल की बीमारी की समस्या मुख्यतः दो कारणों से होती है, एक तो आनुवंशिक जिनके माता पिता भी कम उम्र में हार्ट डिजीज के शिकार हो चुके हों दूसरे वे जिनका लाइफस्टाइल खराब है, वे भी इसकी चपेट में जल्दी आ जाते हैं। अगर आनुवंशिक कारण हो तो 35 वर्ष तक पहुंचते पहुंचते अपने सारे हेल्थ चेकअप नियमित करवाते रहें। ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और कोलेस्ट्राल का लेवल चेक करवाते रहें।

अगर दूसरा कारण है तो अपना बिगड़ा लाइफ स्टाइल सुधारने का प्रयास कर अपने दिल को बचा सकते हैं। गलत खाने की आदतों और जंक फूड के स्थान पर संतुलित पौष्टिक आहार का सेवन करें। दाल, हरी सब्जी, चोकर वाली चपाती और दही लें। बीच में सलाद और विभिन्न रंगों के फलों का सेवन करें। दूध और दूध से बने उत्पाद टोंड दूध वाले लें। प्रतिदिन एक मुट्ठी भर नट्स का सेवन करें।

इनके अतिरिक्त युवा लोगों को नियमित सैर और व्यायाम भी अवश्य करना चाहिए ताकि शारीरिक सक्रियता बनी रहे। ब्रिस्क वॉक और वर्क आउट को अपने दैनिक जीवन में शामिल कर अपने दिल को हैल्दी रखें। तनाव से स्वयं को दूर रखें। योगा और मेडिटेशन से स्वयं को रिलैक्स रखें। अच्छे दिल का राज अच्छा भोजन, अच्छी नींद, नियमित व्यायाम और स्टेऋस फ्री जीवन है। जवानी से ही अच्छी आदतें अपना लें ताकि दिल धड़कता रहे लंबे समय तक। ((स्व. द.)

# बहुत लाभ हैं मक्का में



भाषणा बांसल

मक्का को लोग शौक के तौर पर विभिन्न तरह से खाने में प्रयोग में लाते हैं। इसका सेवन भूनकर, उबालकर व इसके आटे की रोटी बनाकर किया जाता है। इसमें वसा, शक्कर व पानी आदि पौष्टिक तत्व पाए जाते हैं। यह एक पौष्टिक व स्वादिष्ट अनाज होने के साथ-साथ कई रोगों का उपचार भी करता है।

- ▲ मक्के की पत्तियों को पीसकर गंजे सिर पर लगाने से लाभ होता है।
- ▲ मासिक धर्म बन्द होने पर मक्के की पत्तियों का अर्क निकाल कर उसमें चीनी मिलाकर सेवन करने से फायदा होता है।
- ▲ मक्के के आटे की रोटी का कुछ दिन लगातार सेवन करने से खून साफ होता हैं।
- ▲ शराब की दुर्गंध से मुक्ति पाने के लिए इसकी पत्तियों को चबाना लाभदायक होता है।
- ▲ इसके आटे को पानी में घोलकर चेहरे पर लगाने से कील मुंहासे दूर होते हैं।
- ▲ इसकी पत्तियों को पीसकर खुजली वाले स्थान लगाने पर लगाने से आराम मिलता है।
- ▲ मक्के के दानों से बने आटे को हाथों पर लगाने से हाथों की दुर्गंध व चिकनाहट दूर होती है।
- ▲ इसके आटे की रोटी के सेवन से कब्ज दूर होती है।
- ▲ मक्के के आटे की रोटी का 5-6 महीने लगातार सेवन करना कोढ़ रोग में लाभप्रद है। (स्व. द.)

# आधुनिक जीवन शैली का अभिशाप-गैस्ट्रिक समस्या

सुनीता गाबा

गैस्ट्रिक को आम भाषा में बदहजमी कहा जाता है। आधुनिक जीवन शैली ने इस समस्या को बढ़ावा दिया है। गैस्ट्रिक बीमारी का सीधा संबंध खानपान से है। जो लोग भोजन में चटपटा, तला, मिर्च मसालेदार, खट्टा, नींबू, संतरा, आदि का सेवन अधिक करते हैं उन लोगों में यह समस्या जल्दी जन्म ले लेती है।



इनके अलावा जो लोग अधिक चाय, काफी, चाकलेट, शराब का अधिक सेवन करते हैं, वे भी इस रोग से ग्रसित हो जाते हैं। खानपान के अलावा तनावग्रस्त रहने वाले लोग भी इसकी गिरफ्त में आ जाते हैं।

गैस्ट्रिक रोगी खट्टी डकारें, खाना या एसिड मुंह में आ जाने के कारण अक्सर परेशान रहते हैं। कभी-कभी तो छाती के निचले भाग में दर्द महसूस होता है और उलटी आने को मन करता है। कुछ लोगों को गले में खरखराहट महसूस होती है और सांस फूलने की भी शिकायत होती है। ऐसे में रोगी की परेशानी बढ़ जाती है और स्वभाव भी चिड़चिड़ा होने लगता है।

लगातार बदहजमी बने रहने से खाने की नली का निचला भाग सिकुड़ सकता है। गैस्ट्रिक की समस्या को हल्का न समझते हुए समय रहते इसका उपचार करवाना उचित है। उपचार के साथ अपनी जीवनशैली में भी बदलाव लाकर इससे छुटकारा पाना ही हितकर है।

गैस्ट्रिक रोगियों को बचाव के लिए कुछ सावधानियां बरतनी चाहिए ताकि रोग उग्र रूप न ले पाये।

- ◆ दिन भर में मुख्य आहार 2 बार के स्थान पर 3-4 बार थोड़ी मात्रा में करें।
- ◆ तनाव, जल्दबाजी, हड़बड़ी न करें। गुस्से पर काबू रखें। काम को तसल्ली से निपटाएं।
- ◆ सोने से 3-4 घंटे पहले ही रात का खाना खा लें ताकि खाना पचाने के लिए पेट को समय मिल सके।
- ◆ स्वभाव से यदि आप जल्दबाज हैं तो योग क्रिया का अभ्यास कर स्वभाव में बदलाव लायें और मेडिटेशन का सहारा लें।
- ◆ बोतलबंद पेय या भोजन का प्रयोग न करें। खाना खाते समय बीच में पानी न पिएं। वैसे दिन में पानी 8-10 गिलास पिएं।

रात्रि में गैस्ट्रिक की समस्या से बचने के लिए पलंग-चारपाई के सिरहाने वाली तरफ से 6 इंच ऊंचा रखें। उसके लिए सिरहाने वाली तरफ लकड़ी का टुकड़ा, ईंट आदि लगायें। ऊंचा तकिया भी रख कर सो सकते हैं।

- ◆ भोजन में चाय, कॉफी, चाकलेट, पिपरमेंट का सेवन बहुत कम मात्रा में करें। तेज मसालेदार, तला हुआ, गरम मसाले वाला, खटाई वाला भोजन न करें।
- ◆ शराब, सिगरेट, बीड़ी, तंबाकू, पान, पान मसाले का सेवन न करें।

संतरा, नींबू, टमाटर भी इस रोग को बढ़ाते हैं। इनका सेवन कम से कम कम करें।

- ◆ सकारात्मक सोच रखें। जीवन को नीरस न बनाएं। खुश मन ही तन को सुखी रख सकता है।
- ◆ नियमित व्यायाम करें। वसा की मात्रा कम करें।
- ◆ गैस्ट्रिक की शिकायत अधिक दिन तक बनी रहे तो चिकित्सक से सलाह कर दवा लें ताकि समय रहते उस पर नियंत्रण पाया जा सके। (स्व. द.)

# ऑफिस में फिट बने रहने के लिए

नीतू गुप्ता

फिट रहना तो सभी को अच्छा लगता है चाहे बात ऑफिस में रहने की हो, घर पर, या व्यापार में। अगर आप वर्किंग हैं तो आपको शरीर के साथ साथ दिमागी रूप से भी फिट रहना बहुत जरूरी होता है। नौकरी में रहते कुछ ऐसी कमिटमेंटस होती हैं जिन्हें समय पर पूरा करना पड़ता है। अगर आप फिट होंगे तो अपनी कमिटमेंटस समय पर पूरी कर लेंगे जो आपके लिए ऑफिस में फायदेमंद साबित होगा। टीम लीडर और बॉस भी प्रसन्न रहेंगे।

वैसे तो यह सच है कि ऑफिस में काम करते हुए समय की कमी होती है और आप स्वयं को फिट रख पाने में असमर्थ महसूस करते हैं, विशेषकर वे लोग जो शिफ्ट डयूटी पर हैं या एम एन सी के साथ कार्यरत हैं। उनके काम करने का समय कुछ अधिक होता है और प्राइवेट नौकरी में जब तक आप काम में आगे हैं तो ठीक नहीं तो प्रमोशन नहीं हो पाती। फिर भी कुछ बातों पर ध्यान देकर आप ऑफिस में फिट रह सकते हैं।



- ■ अपनी वर्क टेबल काम करने वाली मेज को प्रातः ऑफिस जाकर आर्गेनाइज करें। अपनी मेज साफ करें। काम करने का मन भी करेगा, काम गति से होगा।
- ■ जब भी टी ब्रेक मिले या लंच ब्रेक तो पहले 5 मिनट तक लंबी-गहरी सांसें लें। इससे आप रिलेक्स महसूस करेंगे।
- ■ अगर आप ऊपर की मंजिल पर काम करते हैं तो लिफ्ट का प्रयोग न कर सीढ़ी से जाएं। कैलरीज बर्न होंगी।
- ■ आजकल अधिकतर बड़े ऑफिस में इंडोर गेम्स का प्रबंध होता है जैसे टेबल टैनिस, बॉस्केटबाल आदि। समय मिलने पर आप अपनी पसंद की गेम खेल कर स्वयं को तरोताजा रख सकते हैं इससे वजन भी नियंत्राण में रहेगा।
- ■ कुछ दफ्तरों में जिम भी होते हैं अगर आपके दफ्तर में यह सुविधा है तो प्रातः जल्दी जाकर, दोपहर खाना खाने से पूर्व या शाम छुट्टी के बाद आप जिम का प्रयोग कर सकते हैं।
- ■ लंबे समय तक कुर्सी मेज पर काम कर रहे हैं या कुर्सी पर बैठे हुए बहुत समय हो गया है तो आप बीच में उठकर थोड़ी स्टेऋचिंग कर लें। हाथों और पैरों की स्टेऋचिंग से आपका तनाव कम होगा।
- ■ कई दफ्तरों में फिट रहने के लिए योगा क्लास और डांस क्लास चलाई जाती हैं। आप भी इसका लाभ अवश्य उठाएं, योगा और डांस आपको मानसिक और शारीरिक रूप से फिट रखेंगे।
- ■ कुर्सी पर लगातार न बैठें। 40 मिनट के बाद उठकर थोड़ा टहल लें। कभी वाशरूम चले गए तो कभी पानी लेने।
- ■ खाना अपने वर्क टेबल पर न खाएं क्योंकि खाना खाते समय अगर आप मोबाइल अटैंड करते हैं या ईमेल भेजते हैं तो ध्यान खाने की तरफ पूरा नहीं रहता जो ठीक नहीं। खाना खाने के लिए ऑफिस कैंटीन में जाएं। आपको थोड़ा ब्रेक भी मिलेगा और चलना भी होगा।
- ■ कंप्यूटर पर काम करते समय हर आधे घंटे बाद अपनी आंखें झपका लें ताकि आंखों का तनाव कम हो।
- ■ भूख लगने पर चाय-कॉफी, स्नैक्स का सेवन कर अपनी भूख न मारें उस समय घर से लाया खाना ही खाएं।
- ■ प्यास लगने पर पानी ही पियें कोल्ड ड्रिंक न लें। कोल्ड ड्रिंक आपको एक्स्ट्रा कैलोरी देंगी।
- ■ गर्दन को भी दाएं बाएं बीच बीच में घुमाते रहें।
- ■ मेज और कुर्सी के ऊंचाई का लेवल ध्यान में रख कर काम करें अगर असुविधा होती हो तो ऑफिस में रिक्वेस्ट कर के इसका लेवल ठीक करवाएं।
- ■ चाय कॉफी के स्थान पर लस्सी, नारियल पानी का सेवन करें। एनर्जी भी मिलेगी और कैफीन से भी बचाव होगा।
- ■ घर से लंच लेकर जाएं। अगर ले जाना संभव न हो तो ऑफिस कैंटीन से ताजा बना खाना खाएं। डीप फ्राई खाने से दूरी रखें जैसे समोसा, चने भटूरे, पकौड़े आदि। इनके स्थान पर वेजिटेबल सैंडविच, उपमा, इडली आदि खा सकते हैं।
- ■ शाम के स्नैक्स हेतु घर से ड्राई स्नैक्स लेकर जाएं जैसे भुने चने, मुरमुरे, भुना नमकीन आदि।
- ■ अगर ऑफिस में कभी पार्टी हो और पहले से पता हो तो पहले एक फल खा लें। (स्व. द.)

# सोंठ एक औषधि भी है

सुदर्शन चौधरी

सोंठ अदरक का सूखा हुआ दूसरा रूप है। सोंठ स्वाद में चरपरा होता है। यह कफ नाशक, वीर्यवर्धक, उदर विकार के लिए उत्तम माना जाता है। अदरक और सोंठ के गुण में एक समान होते हैं।

जहां अदरक का प्रयोग अचार और सब्जी के मसाले में किया जाता है वहीं सोंठ का प्रयोग कुछ व्यंजनों तथा औषधि के रूप में किया जाता है। आइए जानिए सोंठ हमारे किन किन रोगों को दूर भागने में मदद करता है।



- ◆ हिचकी लगने पर सोंठ और छोटी हरड़ को पानी में घिस कर उस गाढ़े घोल को गुनगुने पानी के साथ लेने से हिचकी बंद हो जाती है।
- ◆ मन्दाग्नि में सोंठ के चूर्ण को आधे चम्मच गुड़ में मिला कर खाना खाने के बाद कुछ दिन नियमित लेने से लाभ होता है।
- ◆ आधे सिर के दर्द में सोंठ को पानी में घिसकर माथे पर लेप करने से आधा सीसी का दर्द दूर होता है।
- ◆ सर्दियों की खांसी में गुड़ को थोड़ा पिघला कर सोंठ चूर्ण डाल कर दिन में दो तीन बार धीरे-धीरे चाटने से खांसी में आराम मिलता है।
- ◆ अपच के कारण से पेट में आंव बनने लगती है जो मल के साथ बाहर निकलती है। ऐसे में पाव भर दूध में आधा चम्मच सोंठ डालकर खूब उबालें। जब दूध पक जाए, उतार कर ठंडा सोते समय कर 3-4 दिन तक पीने से आंव ठीक हो जाता है।
- ◆ कमर दर्द, और कूल्हों के दर्द में सोंठ को मोटा कूट कर 2 कप पानी में उबाल कर काढ़ा बना लें। जब पानी आधा कप रह जाए उसे ठंडा कर 2 चम्मच अरण्डी का तेल डाल कर सोने से पहले पिएं। सभी प्रकार के दर्द में लाभ होगा।
- ◆ जब गर्मी में अदरक अधिक महंगा हो जाए तो सोंठ के चूर्ण को मसाले में प्रयोग किया जा सकता है। (स्व. द.)

# सेहत की खबरें

सीतेश कुमार द्विवेदी

## क्रियाशील बने रहना जरूरी

भौतिक संसाधनों एवं मशीनों की अधिकता के कारण व्यक्ति निष्क्रिय एवं आलस्य से भरा जीवन जी रहा है। यूरोपीय देश माल्टा आलसी देशों में शिखर स्थान पर है। यहां के 72 प्रतिशत लोग आलसी हैं। वैसे सभी पश्चिमी देश इसकी चपेट में हैं। इन देशों में पुरुषों की तुलना में महिलाएं कम आलसी हैं।

आलस्य के कारण व्यक्ति मोटा हो जाता है। कालांतर में उसके जोड़ कमजोर हो जाते हैं। उनमें दर्द होने लगता है। रक्त प्रवाह की गति धीमी हो जाती है। धमनियां मोटी हो जाती हैं। निष्क्रियता के कारण हृदय व किडनी को अधिक काम करना पड़ता है। बीपी बढ़ या घट जाता है।

धमनियों में खराब कोलेस्ट्राल जमा होने लगता है जो हृदय रोगों का कारण बनता है। पाचन तंत्रा कमजोर हो जाता हैं। बवासीर का खतरा बढ़ जाता है। निष्क्रियता के चलते मौत जल्दी आ जाती है। पूरी आयु जीने के लिए सप्ताह में 25 घंटे क्रियाशील रहें। व्यायाम को समय दें।

## लिवर कैंसर से बचाता है पालक

पालक हरी साग - सब्जी प्रजाति की है। इसकी हरी पत्तियां बारहों मास मिल जाती हैं। इसको सलाद, सब्जी व सूप में प्रयोग किया जाता है। इसमें घुलनशील एवं अघुलनशील दोनों प्रकार का रेशा (फाइबर) है जो पाचनतंत्रा के लिए सबसे उपयोगी है। इसमें विटामिन ई पर्याप्त मात्रा में होता है जो लिवर कैंसर से बचाने में मददगार सिद्ध होता है। कैंसर से होने वाली मौतों में लिवर कैंसर तीसरा सबसे बड़ा मौत का कारण है।

इस प्रकार के कैंसर से बचाव के मामले में पालक की पत्तियां, सूरजमुखी के बीज, एवोकडो एवं एप्रिकाट नामक विदेशी फल मददगार सिद्ध होते हैं। विटामिन ई से लिवर कैंसर की आशंका समाप्त होती है। इस मामले में विटामिन ई की पूरक गोली के स्थान पर आहार से प्राप्त विटामिन ई विशेष रूप से लाभदायी होता है। शोध में शंघाई कैंसर संस्थान ने यह परिणाम पाया।

## कैल्शियम का ओवरडोज सदैव खतरनाक

कैल्शियम जीवन के लिए आवश्यक खनिज तत्व है। यह खान पान की सभी चीजों के माध्यम से स्वतः हमें मिल जाता है। विटामिन डी के सहयोग से कैल्शियम को हमारा शरीर ग्रहण करता है। विटामिन डी का प्रमुख स्रोत सूर्य प्रकाश है। कैल्शियम दूध, दाल, अनाज आदि में मौजूद होता है। विटामिन डी के माध्यम से शरीर को मिला कैल्शियम, मांस, मांसपेशियों एवं हड्डियों को मजबूत बनाता है।

खानपान से मिले अतिरिक्त कैल्शियम को शरीर स्वयं बाहर निकाल देता है जबकि पूरक कैल्शियम जो दवा गोलियों के माध्यम से शरीर को मिलता है, वह ओवरडोज होने पर शरीर को नुकसान पहुंचाता है। इससे हृदय कड़ा हो जाता है जिससे बीपी, हृदय रोग एवं हार्ट अटैक का खतरा बढ़ जाता है। अतिरिक्त कैल्शियम से पथरी विकसित होने की आशंका भी बढ़ जाती है।

## सेहत की दुश्मन बनी चना-मटर की दाल

दालों की महंगाई के कारण लोग सस्ती दालों का सेवन करने लगे हैं जबकि कुछ जगह व्यापारी मिलावट कर लाभ अधिक कमाने के फेर में अरहर दाल में चना, मटर एवं लाखड़ी की दाल मिलाने लगे हैं। लगभग सभी दालों में कम या अधिक प्रोटीन की मात्रा होती है। प्रोटीन एक जरूरी तत्व है जो भारत के शाकाहारियों को दालों के माध्यम से मिल पाता है इसीलिए दाल भारतीय खानपान में एक जरूरी चीज है।

सभी दालें पौष्टिक हैं किंतु अरहर इनमें श्रेष्ठ है इसीलिए दाल के रूप में अरहर का अधिक प्रयोग किया जाता है। अरहर में सबसे देर में खमीर उठता है जबकि उसको छोड़ कर सभी अन्य दालों में जल्दी खमीर उठकर खराब हो जाता है। चना, मटर, उड़द, मसूर आदि में पकने के दो घंटे भीतर खमीर उठकर खराब हो जाता है। यह विषाक्त होकर पेट खराब कर देता है। पाचन तंत्र बेकाबू हो जाता है जिससे उल्टी दस्त एवं डायरिया हो जाता है। ऐसी दाल दो घंटे के भीतर खराब होकर खट्टी, बासी एवं बेकार हो जाती है।

## चाय कॉफी से बढ़ता है आलस्य

खाली बैठा व्यक्ति आलस्य से घिरा होता है। ऐसे में वह चाय व काफी का सेवन करता है जो आलस्य को और बढ़ाते हैं। चाय, काफी में कैफीन की मात्रा होती है। कैफीन मेहनती व्यक्ति को आलसी बनाती है और आलसी व्यक्ति की काम करने की इच्छा भी खत्म कर देती है अतः आलस्य से बचने के लिए चाय काफी का सेवन कम से कम करें।

## दिल व दिमाग के लिए लाभदायी - अलसी

अलसी तिलहन प्रजाति से है। इसमें ओमेगा थ्री फैटी एसिड होता है जो रक्त नलिकाओं में कोलेस्ट्रॉल के जमाव को रोकता है। यह हृदय रोग को दूर करने में मददगार होता है। आधुनिक व्यस्त जीवन शैली के कारण बीपी एवं हृदय रोगों का खतरा बढ़ गया है। ऐसे मामले में किसी रूप में भी अलसी का उपयोग लाभदायी होता है।

## हृदय रोगी नमक एवं मांसाहार से बचें

नमक एवं मांसाहार दिल के रोगियों के खतरे को बढ़ा देते हैं। नमक के कारण शरीर में पानी रूकने लगता है जिसके प्रभाव से बीपी एवं हृदय रोग का खतरा बढ़ जाता है। वहीं मांसाहार के कारण रक्त में कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ जाती है। यह भी खतरे को बढ़ाता है। बीपी एवं दिल के रोगी को जरूरी होने पर कम मात्रा में नमक, मछली एवं मांस का सेवन करना चाहिए। तेल में पके मांस की तुलना में भुना मांस कुछ ठीक रहता है। (स्व. द.)

# याददाश्त कम करता है कंप्यूटर

भाषणा बांसल

टेक्नोलॉजी के इस युग में मनुष्य अपने अधिकांश कामों के लिए नयी नयी तकनीकों का सहारा लेता है, इन्हीं में से एक है कंप्यूटर। किसी भी कार्य को करने हेतु हम कंप्यूटर पर निर्भर हैं। यदि कोई चीज खोजनी है तो हम झट से इंटरनेट ऑन करते हैं व हमारा काम हो जाता है और हमें कुछ भी याद रखने की जरूरत नहीं पड़ती।

शायद आप यह नहीं जानते कि इस तरह झटपट काम करके कंप्यूटर हमारी स्मरण शक्ति को कम कर रहा है। अमेरिका में हुए नए शोधों के अनुसार जब हम कंप्यूटर पर निर्भर रहते हैं तो हमें फोन नंबर, डेट्स इत्यादि याद रखने की जरूरत ही नहीं पड़ती जिससे हमारी याद रखने की क्षमता पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ता है क्योंकि ऐसी स्थिति में हम अपनी दिमागी शक्ति का तो प्रयोग कर रहे हैं पर स्मरण शक्ति वाला हिस्सा इस्तेमाल नहीं करते।

वैज्ञानिकों का मानना है कि अपनी स्मरण शक्ति को बचाए रखने के लिए हमें कंप्यूटर का कम इस्तेमाल करना चाहिए ताकि हम अपनी स्मरण शक्ति का प्रयोग कर सकें क्योंकि इसका जितना ज्यादा उपयोग होगा, उतनी यह बढ़ती चली जाएगी। (स्व. द.)



## न्यूज इन ब्रीफ

### हिमाचल के ऊना में रील बनाने के दौरान दो लड़के नहर में गिरे, मौत

**ऊना (हिमाचल प्रदेश) :** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में एक किशोर रील बनाने की कोशिश में फिसलकर नहर में गिर गया, जबकि उसे बचाने की कोशिश कर रहा उसका दोस्त गिर कर डूब गया। इस घटना में दोनों लड़कों की मौत हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि जोल के सोहारी इलाके में मंगलवार शाम चार किशोर नहाने के लिए नहर में गए थे। नहाने के बाद 16 वर्षीय सक्षम ठाकुर रील बना रहा था, तभी उसका पैर फिसला और वह पानी में गिर गया। उसने बताया कि ठाकुर को बचाने की कोशिश में अद्विक परमार (17) भी गिर गया। पुलिस ने बताया कि उनके साथ मौजूद दो अन्य किशोर मौके से भाग गए। पुलिस के मुताबिक, ठाकुर की मौत हो गई, जबकि परमार पानी से बाहर आया और उसने मदद के लिए पुलिस को फोन किया। परमार को पहले एक निजी अस्पताल और फिर क्षेत्रीय अस्पताल ऊना ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### अवैध रूप से रह रहे 10 विदेशी नागरिकों को दिल्ली से निर्वासित किया गया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी के द्वारका इलाके में अवैध रूप से रह रहे 10 विदेशी नागरिकों को निर्वासित कर दिया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (द्वारका) अंकित सिंह ने बताया कि जिन विदेशी नागरिकों के पास वैध दस्तावेज नहीं थे, उन्हें एक गोपनीय सूचना के बाद गिरफ्तार कर लिया गया और फरवरी में निरोधक केंद्र भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि निर्वासित लोगों में आठ नाइजीरियाई नागरिक और घाना तथा आइवरी कोस्ट के एक-एक नागरिक शामिल हैं।

### भारत आतंकवाद के प्रति अपनी 'कतई बर्दाश्त नहीं करने' की नीति पर अडिग है : रक्षा सचिव

**नयी दिल्ली :** रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत आतंकवाद के प्रति अपनी ''कतई बर्दाश्त नहीं करने'' की नीति पर अडिग है तथा इस खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए मजबूत घरेलू तंत्र और क्षेत्रीय सहयोग की आवश्यकता है। सिंह राष्ट्रीय राजधानी में भारत द्वारा आयोजित 10 देशों के समूह 'आसियान' और इसके कुछ वार्ता साझेदारों के दो दिवसीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। रक्षा सचिव ने कहा कि आतंकवादी समूहों द्वारा उन्नत प्रौद्योगिकी और मानव रहित प्रणालियों के उपयोग के मद्देनजर आतंकवाद की चुनौती से निपटने के लिए एक सुसंगत और कार्रवाई-उन्मुख दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

# कुरान की आयत वाला कोई कपड़ा नहीं जलाया गया, दंगाइयों को कब्र से खोदकर निकाला जाएगा: फडणवीस



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि अफवाहों के विपरीत, नागपुर शहर में विरोध प्रदर्शन के दौरान कुरान की आयत वाला कोई चादर या कपड़ा नहीं जलाया गया। फडणवीस ने साथ ही कहा कि नागपुर हिंसा के दौरान पुलिस पर हमला करने वालों को ''कब्र से भी खोदकर निकाला जाएगा'' और कानून के सामने पेश किया जाएगा। सोमवार रात को हुई हिंसा के दौरान दंगाइयों ने एक महिला कांस्टेबल को कथित रूप से अनुचित तरीके से छूने और उसके कपड़े उतारने की कोशिश की। नागपुर में हिंसा के दौरान उपद्रवियों ने पत्थर और पेट्रोल बम फेंके, जिसमें उपायुक्त (डीसीपी) रैंक के तीन अधिकारियों सहित 33 पुलिसकर्मी घायल हो गए। नागपुर से विधायक एवं मुख्यमंत्री फडणवीस ने विधानसभा में कहा कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने के लिए हिंसा की साजिश रची गई थी। फडणवीस राज्य के गृहमंत्री भी हैं। उन्होंने कहा, ''दो दिन पहले जो कुछ भी हुआ, वह कुछ लोगों द्वारा रची गई एक पूर्वनियोजित साजिश थी। मैं किसी समुदाय को दोष नहीं दे रहा हूं....हमें जलाये गए कपड़े पर (कुरान की) कोई 'आयत' नहीं मिली।'' उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोगों ने जानबूझकर सांप्रदायिक अशांति भड़काने के लिए झूठी अफवाह वाले संदेश भेजे। मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि पुलिसकर्मियों पर हमले अक्षम्य हैं। उन्होंने कहा, ऐसे लोगों को सख्त से सख्त सजा दी जाएगी। नागपुर में पुलिस पर हमला करने वालों को उनकी कब्रों से खोदकर निकाला जाएगा। हम उन्हें नहीं छोड़ेंगे।''

### नागपुर में दंगाइयों की भीड़ ने महिला कांस्टेबल से छेड़छाड़ की, उसे निर्वस्त्र करने की कोशिश की

मुगल शासक औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर विरोध-प्रदर्शन के बाद नागपुर शहर में भड़की हिंसा के दौरान दंगाइयों की भीड़ ने एक महिला कांस्टेबल से कथित तौर पर छेड़छाड़ की और उसे निर्वस्त्र करने की कोशिश की। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हिंसा के दौरान भीड़ ने पुलिस पर पेट्रोल बम भी फेंके। उन्होंने कहा कि पुलिस अब तक 51 दंगाइयों को गिरफ्तार कर चुकी है और उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की कुल 57 धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

### नागपुर हिंसा के पीछे के मास्टरमाइंड को पुलिस ने किया अरेस्ट

महाराष्ट्र के नागपुर में भड़की हिंसा के पीछे मास्टरमाइंड को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया है। नागपुर के महाल इलाके में तोड़फोड़ के बाद आगजनी हुई थी। इसके बाद सीएम फडणवीस ने पुलिस को कड़े कदम उठाने के लिए कहा था। पुलिस ने जिस शख्स को अरेस्ट किया है। उसका नाम फहीम शमीम खान है। यह भी सामने आया है कि नागपुर हिंसा के मास्टरमाइंड के तौर गिरफ्तार किए फहीम खान ने 2024 में बीजेपी नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के खिलाफ चुनाव लड़ा था।

## भारत से और अधिक मिसाइल प्रणाली, प्लेटफॉर्म खरीदने की योजना: फिलीपीन के शीर्ष जनरल



**नयी दिल्ली :** फिलीपीन के सशस्त्र बलों के 'चीफ ऑफ स्टॉफ' जनरल रोमियो सैटर्निनो ब्रॉनर जूनियर ने बुधवार को कहा कि उनका देश भारत से और अधिक मिसाइल प्रणाली और अन्य सैन्य प्लेटफॉर्म खरीदने की संभावना पर विचार कर रहा है। उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन से बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच भारत के साथ रक्षा साझेदारी को मजबूत करने के लिए अपने देश की प्रतिबद्धता पर बल दिया। जनरल ब्रॉनर ने 'पीटीआई वीडियो' के साथ साक्षात्कार में भारत से प्राप्त ब्रह्मोस मिसाइल प्रणालियों के फिलीपीन के मौजूदा भंडार पर संतोष व्यक्त किया और उनके सामरिक मूल्य पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ''हम भारत से और अधिक मिसाइल प्रणालियां और अन्य प्लेटफॉर्म खरीदने की संभावना पर विचार कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''हमारे पास पहले से ही ब्रह्मोस प्रणाली हैं। हम इनसे खुश हैं। हम अभी और अधिक प्रणालियों के मिलने का इंतजार कर रहे हैं।'' अपनी गति और सटीकता के लिए प्रसिद्ध सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस, फिलीपीन की समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के प्रयासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, विशेष रूप से विवादित दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में। जनरल ब्रॉनर ने कहा कि भारत और फिलीपीन के बीच सैन्य सहयोग लगातार बढ़ रहा है।

## अदालत ने युजवेंद्र चहल और उनकी पत्नी की तलाक अर्जी पर 20 मार्च तक फैसला देने का निर्देश दिया

**मुंबई :** बॉम्बे उच्च न्यायालय ने बुधवार को क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और उनकी अलग रह रही पत्नी धनश्री वर्मा द्वारा तलाक की याचिका दायर करने के बाद कानूनी रूप से अनिवार्य छह महीने की अवधि से छूट देते हुए कुटुम्ब अदालत को बृहस्पतिवार तक उनकी तलाक अर्जी पर फैसला करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति माधव जमदार की एकल पीठ ने कहा कि चहल 21 मार्च से उपलब्ध नहीं होंगे क्योंकि उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) क्रिकेट टूर्नामेंट में भाग लेना है। चहल और वर्मा ने इस साल पांच फरवरी को यहां एक कुटुम्ब अदालत में तलाक की याचिका दायर की थी। चहल और उनकी अलग रह रही पत्नी ने आपसी सहमति से तलाक लेने के कारण कानूनी रूप से अनिवार्य छह महीने की अवधि को माफ करने का अनुरोध करते हुए एक याचिका दायर की थी। हालांकि, 20 फरवरी को कुटुम्ब अदालत ने इससे छूट देने से इनकार कर दिया। इसके बाद दोनों ने कुटुम्ब अदालत के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी। हिंदू विवाह अधिनियम के तहत, तलाक दिए जाने से पहले हर जोड़े को छह महीने की इस अवधि को पूरा करना पड़ता है।

## 'हाइपरलूप' अभी शुरुआती चरण में, दुनिया भर में सुरक्षा मानक अभी तय नहीं : वैष्णव

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा को बताया कि 'हाइपरलूप' परिवहन की एक उभरती हुई तकनीक है और देश में यह विकास के शुरुआती चरण में है। वैष्णव ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा, ''दुनिया भर में हाइपरलूप के तकनीकी और सुरक्षा मानकों को अभी तक तैयार नहीं किया गया है।'' हाइपरलूप ट्रेन चुंबकीय शक्ति पर आधारित तकनीक है जिसके तहत खंभों पर पारदर्शी ट्यूब बिछाई जाती है। रेल मंत्री ने हवाई गतिशीलता समाधानों के अनुसंधान और विकास के संबंध में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिया। दुबे ने प्रस्तावित 11.5 किलोमीटर लंबे 'हाइपरलूप ट्रैक' के पूरा होने की अनुमानित समयसीमा और अन्य चीजों के अलावा गति, ऊर्जा दक्षता और पर्यावरणीय प्रभाव के संदर्भ में हाइपरलूप तकनीक के अपेक्षित लाभों के बारे में सवाल किया था।

### ट्रेनों का किराया उपलब्ध सुविधाओं पर आधारित होता है

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि विभिन्न ट्रेनों में अलग-अलग श्रेणियों का किराया उनमें दी जाने वाली सुविधाओं पर आधारित होता है तथा विभिन्न प्रकार के यात्री वर्गों के लिए अलग-अलग ट्रेन सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। मंत्री ने वंदे भारत ट्रेनों के अधिक किराये के संबंध में लोकसभा में पूछे गए प्रश्नों के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी।

## स्वास्थ्य सेवा पर जीडीपी के 2.5 प्रतिशत खर्च के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं : नड्डा

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य क्षेत्र में देश में बहुत बड़ा नीतिगत परिवर्तन हुआ है और इसके दूरगामी प्रभाव पड़ेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवा पर सरकार का खर्च सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 1.84 प्रतिशत तक पहुंच गया है और यह धीरे-धीरे 2.5 प्रतिशत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय के कामकाज पर राज्यसभा में हुई चर्चा का जवाब देते हुए नड्डा ने कहा कि 2013-14 में, स्वास्थ्य सेवा के लिए धन का आवंटन लगभग 38,000 करोड़ रुपये था जो वर्तमान में 99,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि मान लें कि यह एक लाख करोड़ रुपये है। नड्डा ने कहा, ''2013-14 में सरकारी स्वास्थ्य व्यय, जिसमें राज्य और केंद्र शामिल हैं, 1.15 प्रतिशत था और जब स्वास्थ्य नीति प्रतिपादित की गई थी तब यह 1.35 प्रतिशत था। अब, यह जीडीपी का 1.84 प्रतिशत है। हम धीरे-धीरे 2.5 प्रतिशत की ओर बढ़ रहे हैं।''

## राज्यसभा में गृह मंत्री के बारे में तृणमूल सदस्य की टिप्पणी पर भाजपा ने जताई कड़ी आपत्ति

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा में बुधवार को गृह मंत्री अमित शाह के बारे में तृणमूल कांग्रेस सदस्य साकेत गोखले द्वारा की गयी 'आपत्तिजनक' टिप्पणी पर सत्ता पक्ष की ओर से कड़ी आपत्ति जताई गई और सभापति जगदीप धनखड़ ने गोखले को आगाह किया तथा उनके शब्दों को रिकॉर्ड से हटा दिया। गृह मंत्रालय के कामकाज पर उच्च सदन में चर्चा के दौरान गोखले ने शाह पर टिप्पणी की। इसके बाद, गृह मंत्री शाह ने आसन की अनुमति से हस्तक्षेप करते हुए कहा, ''मैं किसी की कृपा से यहां नहीं आया। मैं सात बार चुनाव जीतकर आया हूं। एक विचारधारा का विरोध कर यहां नहीं घुस गया हूं। डरने का सवाल ही नहीं उठता।'' गोखले ने चर्चा की शुरुआत करते हुए गृह मंत्री के साथ-साथ भाजपा पर भी आक्षेप किया, जिसके बाद सदन के नेता जेपी नड्डा, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू और कुछ अन्य भाजपा सदस्यों ने उनसे अपना बयान वापस लेने की मांग की, लेकिन गोखले ने ऐसा करने से इनकार कर दिया। नड्डा ने कहा कि गोखले की टिप्पणी असंसदीय और अपमानजनक है और अगर गोखले इसे वापस लेने से इनकार करते हैं तो सभापति को इसे रिकॉर्ड से हटा देना चाहिए। रीजीजू ने यह भी कहा कि उनकी टिप्पणी उचित नहीं थी और चर्चा के लिए यह सही माहौल नहीं बनाती। सभापति ने कहा कि गोखले को वरिष्ठ मंत्री के खिलाफ ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए था और यह टिप्पणी रिकॉर्ड से हटा दी जानी चाहिए क्योंकि यह 'व्यक्तिगत' थी। गोखले ने चर्चा की शुरुआत करते हुए आरोप लगाया कि सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार से जुड़े 6900 से अधिक मामले लंबित हैं। इस पर उन्हें टोकते हुए गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि सदस्य को गृह मंत्रालय के कामकाज पर चर्चा शुरू करने के लिए कहा गया है किंतु उन्हें शायद यह नहीं मालूम कि सीबीआई या जिन एजेंसियां के बारे में वह चर्चा करना चाहते हैं, वे गृह मंत्रालय के तहत नहीं आती हैं। उन्होंने कहा कि यदि सदस्य को चर्चा का दायरा बढ़ाने की अनुमति दी जाती है तो वह भी अपने जवाब का दायरा बढ़ाएंगे और 'हर चीज का जवाब दिया जाएगा।

## पत्नी ने प्रेमी संग पति के शव के किए 15 टुकड़े, फिर सीमेंट से चुनवाया



साहिल मुस्कान सौरभ

**मेरठ :** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले से सनसनीखेज खबर सामने आई है। यह दिल दहलाने वाली खबर जिसने भी सुनी वो ही हैरान हो गया। दरअसल, एक महिला ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पति को बर्बरता से मार डाला। इसके बाद शव के टुकड़े किए और ड्रम में रखकर चिनाई करा दी। इसके बाद बेवफा पत्नी ने शिमला जाकर प्रेमी के साथ मौज मस्ती भी की। जब वापस आई तब पत्नी ने अपने पति की हत्या की जानकारी परिवार को दी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही पति की लाश के टुकड़े बरामद कर लिए हैं। पुलिस ने टुकड़ों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। यह रूह कंपाने वाला मामला मेरठ के ब्रह्मपुरी थानाक्षेत्र के अंतर्गत इंदिरानगर मास्टर कॉलोनी में सामने आया है। जानकारी के अनुसार, लंदन से लौटे सौरभ कुमार (29) की चार मार्च की रात पत्नी मुस्कान रस्तोगी ने प्रेमी साहिल शुक्ला के साथ मिलकर हत्या कर दी। आरोपियों ने चार मार्च को शव के 15 टुकड़े ड्रम में रखकर ऊपर से चिनाई कर दी। मुस्कान अपनी पांच साल की बेटी को मायके में छोड़कर प्रेमी के साथ शिमला घूमने चली गई। वापस लौटकर मुस्कान ने अपने पिता को सौरभ की हत्या करने की जानकारी दी।

### चाकू सीने में घोंपा, छुरे से टुकड़े किए

पुलिस के मुताबिक, मुस्कान और साहिल ने सौरभ के सीने में चाकू घोंपा और फिर शव को बाथरूम में ले जाकर छुरे से उसके 15 टुकड़े किए। शव सीमेंट में इस कदर धंसा हुआ था कि पोस्टमार्टम के लिए पूरे ड्रम को ही मोर्चरी भेजना पड़ा। पुलिस ने ड्रम तोड़कर शव निकाला, जिसमें सिर, दोनों हाथ, पैर के पंजे अलग-अलग मिले।

## मध्यप्रदेश नौका पलटी: सभी सात लोगों के शव बरामद, बचाव अभियान समाप्त



**शिवपुरी :** मध्यप्रदेश के शिवपुरी जिला स्थित माताटीला बांध में नौका पलटने से डूबे चार बच्चों समेत सभी सात लोगों के शव बुधवार को प्राधिकारियों ने बरामद कर लिए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह घटना मंगलवार शाम को उस समय हुई जब नौका पर सवार होकर 15 लोग खनियाधाना थाना क्षेत्र के माताटीला बांध के टापू पर स्थित एक मंदिर जा रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि ग्रामीणों की मदद से आठ लोगों को बचा लिया गया और सात अन्य लोग लापता हो गए। पिछोर के उपसंभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीओपी) प्रशांत शर्मा ने बताया कि रात भर बचाव अभियान जारी रहा और बुधवार शाम तक सभी सात शवों को बरामद कर लिया गया। उन्होंने बताया कि सबसे आखिर में लापता लड़की कुमकुम (15) का शव बरामद किया गया और शाम के समय शव को बाहर निकाला गया। एसडीओपी ने बताया कि इससे पहले जो छह शव बरामद किये गये उनकी पहचान कान्हा (सात), शिवा (आठ), छाया (14), रामदेवी (35), लीला (40) और शारदा (55) के रूप में हुई है।




## भारत का ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र 2029 तक 9.1 अरब डॉलर का होगा : रिपोर्ट

**नयी दिल्ली :** भारत में ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र 2029 तक दोगुना होकर 9.1 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंचने का अनुमान है। इसमें बड़े पैमाने पर असली पैसे वाले खेलों का दबदबा होगा। रियल मनी गेमिंग मंच विंजो गेम्स और आईईआईसी की सैन फ्रांसिस्को में गेम डेवलपर्स कॉन्फ्रेंस (जीडीसी) में बुधवार को जारी संयुक्त रिपोर्ट के अनुसार, भारत का ऑनलाइन गेमिंग बाजार राजस्व 2024 में 3.7 अरब डॉलर था, जिसमें वास्तविक धन गेमिंग खंड की हिस्सेदारी लगभग 86 प्रतिशत थी। विंजो के सह-संस्थापक पवन नंदा ने कहा, 'भारत में ऑनलाइन गेमिंग उद्योग अभूतपूर्व विकास पथ पर अग्रसर है। इसमें 2029 तक 9.1 अरब अमेरिकी डॉलर के अनुमानित बाजार आकार और 63 अरब डॉलर के निवेशक मूल्य तक पहुंचने की क्षमता है। ....विंजो भारत को वैश्विक गेमिंग गढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।' रिपोर्ट में साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, भारत में 59.1 करोड़ गेमर्स हैं जो कुल वैश्विक गेमर्स का करीब 20 प्रतिशत हैं। करीब 11.2 अरब मोबाइल गेम ऐप डाउनलोड किए गए, जो गूगल प्लेस्टोर के लिए मजबूत उभरते विकल्प हैं। वहीं लगभग 1,900 गेमिंग कंपनियां हैं, जो 1.3 लाख उच्च कुशल पेशेवरों को रोजगार देती हैं। इस क्षेत्र को तीन अरब अमेरिकी डॉलर का प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है, जिसमें से 85 प्रतिशत प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 'पे-टू-प्ले' क्षेत्र में आया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र में निवेशकों के लिए 63 अरब अमेरिकी डॉलर का मूल्य प्राप्त करने की क्षमता है। भारत की एकमात्र सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध गेमिंग कंपनी नजारा विश्व स्तर पर सूचीबद्ध गेमिंग कंपनियों में सबसे अधिक प्रीमियम प्राप्त करती है।

### हुंदै, होंडा अप्रैल से बढ़ाएंगी अपने वाहनों के दाम

**नयी दिल्ली :** वाहन विनिर्माता कंपनियों हुंदै मोटर इंडिया और होंडा कार्स ने बढ़ती उत्पादन लागत को देखते हुए अगले महीने से अपने वाहनों के दाम बढ़ाने की बुधवार को घोषणा की। हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड ने बयान में कहा कि वह अप्रैल, 2025 से अपने वाहनों के दाम तीन प्रतिशत तक बढ़ाने जा रही है। वाहन मॉडल एवं संस्करणों के आधार पर कीमत वृद्धि की मात्रा निर्धारित होगी। कंपनी ने कहा कि कीमत वृद्धि का यह फैसला उत्पादन की बढ़ती लागत, जिंसों के बढ़े दाम और उच्च परिचालन लागत को देखते हुए किया गया है।

### विज्ञापन एजेंसियों पर छापेमारी में जुटाए गए डिजिटल डेटा की जांच करेंगे सीसीआई के फॉरेंसिक विशेषज्ञ

**नयी दिल्ली :** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के फॉरेंसिक विशेषज्ञ, एजेंसियों और प्रसारकों के बीच कुछ वाणिज्यिक व्यवस्थाओं के संबंध में विज्ञापन एजेंसियों के कार्यालयों पर छापेमारी के दौरान एकत्र किए गए डिजिटल डेटा और दस्तावेजों की जांच करेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी है। संदेह है कि मूल्य निर्धारण और अन्य पहलुओं के संबंध में व्यवस्थाओं से संबंधित कथित प्रतिस्पर्धा-रोधी तरीके अपनाये गये हैं। घटनाक्रम के जानकार सूत्र ने कहा कि दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में मीडिया एजेंसियों के विभिन्न कार्यालयों पर मंगलवार सुबह से छापेमारी शुरू हुई और बुधवार सुबह तक चली। छापे पर सीसीआई की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। इस घटनाक्रम के जानकार सूत्र ने कहा कि सीसीआई के महानिदेशक कार्यालय में फॉरेंसिक विशेषज्ञ छापेमारी के दौरान एकत्र किए गए डिजिटल डेटा और दस्तावेजों की जांच करेंगे। सीसीआई के महानिदेशक (डीजी) विज्ञापन एजेंसियों और प्रसारकों के बीच कुछ वाणिज्यिक व्यवस्थाओं के संबंध में कथित प्रतिस्पर्धा-रोधी तौर-तरीके की जांच कर रहे हैं। विशेष विवरण का तुरंत पता नहीं लगाया जा सका।

## सोना 700 रुपये चढ़कर 91,950 रुपये के नए उच्चस्तर पर, चांदी का भी नया रिकॉर्ड

**नयी दिल्ली :** शादी-विवाह के सीजन से पहले आभूषण विक्रेताओं की सतत लिवाली के कारण बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 700 रुपये के उछाल के साथ 91,950 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गई। अखिल भाारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। इसके अलावा, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और अमेरिकी आर्थिक मंदी की चिंताओं ने सुरक्षित-संपत्तियों की मांग को बरकरार रखा है। पिछले कारोबारी सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 91,250 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 700 रुपये बढ़कर 91,500 रुपये प्रति 10 ग्राम की रिकॉर्ड ऊंचाई को छू गया। बाजार सूत्रों ने कहा कि त्योहारी और शादी-ब्याह के मौसम की मांग को पूरा करने के लिए स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की लिवाली बढ़ने तथा विदेशी बाजारों में मजबूती के रुख से सोने की कीमतें इस साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं।

## शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 148 अंक और चढ़ा

**मुंबई :** लंबे अंतराल के बाद विदेशी निवेशकों की खरीदारी के बीच दिग्गज कंपनियों एलएंडटी, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में जबर्दस्त लिवाली आने से स्थानीय शेयर बाजार बुधवार को लगातार तीसरे दिन भी बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि, सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली से निवेशकों की कारोबारी धारणा पर थोड़ा प्रतिकूल असर देखा गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 147.79 अंक यानी 0.20 प्रतिशत चढ़कर 75,449.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 267.12 अंक बढ़कर 75,568.38 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 73.30 अंक यानी 0.32 प्रतिशत बढ़कर 22,907.60 अंक पर पहुंच गया। सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील, जोमैटो, पावर ग्रिड, अल्ट्राटेक सीमेंट, इंडसइंड बैंक, लार्सन एंड टुब्रो, अदाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईटीसी, इन्फोसिस, सन फार्मा, मारुति सुजुकी, एच-सीएल टेक और नेस्ले के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'घरेलू बाजार ने अपनी सकारात्मक गति जारी रखी। हालांकि, गिरावट के बाद बढ़त का यह दौर बुनियादी पहलुओं में सुधार पर निर्भर करेगा।'

## गेट्स ने प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात, कहा कि भारत के नवाचार से विकास को बल मिल रहा है



**नयी दिल्ली :** सॉफ्टवेयर कंपनी माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और प्रौद्योगिकी, नवाचार तथा स्थिरता सहित कई विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि वह इस बात से प्रभावित हैं कि भारत में किस तरह नवाचार ''स्थानीय और वैश्विक स्तर पर प्रगति'' को गति दे रहा है। गेट्स ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा से भी मुलाकात की। इस दौरान स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सरकार और बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के बीच सहयोग की समीक्षा की गई। उन्होंने 'रायसीना डायलॉग' से इतर विदेश मंत्री एस जयशंकर से भी मुलाकात की और इस दौरान उनके बीच विस्तृत बातचीत हुई। जयशंकर ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''विकास चुनौतियों, नवाचार की संभावना और भारत की प्रासंगिकता पर चर्चा हुई।'' गेट्स ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू के साथ भी बैठक की। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कृषि और रोजगार सृजन के क्षेत्रों में सेवा वितरण में सुधार के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) और पूर्वानुमान विश्लेषण का लाभ उठाने पर चर्चा की। मोदी से मुलाकात के बाद गेट्स ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मेरी भारत के विकास, 2047 तक विकसित भारत के मार्ग और स्वास्थ्य, कृषि, एआई और अन्य क्षेत्रों में रोमांचक प्रगति के बारे में बहुत अच्छी चर्चा हुई, जो आज प्रभाव पैदा कर रही है। यह देखना प्रभावशाली है कि भारत में नवाचार किस तरह स्थानीय और वैश्विक स्तर पर प्रगति को गति दे रहा है।'' प्रधानमंत्री ने कहा,''हमेशा की तरह, बिल गेट्स के साथ एक शानदार बैठक हुई। हमने आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर भविष्य बनाने की दिशा में तकनीक, नवाचार और स्थिरता सहित विविध मुद्दों पर चर्चा की।'' नड्डा ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में गेट्स फाउंडेशन के सहयोग से मातृ स्वास्थ्य, टीकाकरण और स्वच्छता जैसे क्षेत्रों में भारत द्वारा की गई प्रगति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ''हम अपने सहयोग ज्ञापन को नवीनीकृत करने तथा सभी नागरिकों के लिए किफायती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करने की अपनी साझा प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं।'' गेट्स के साथ अपनी बैठक के बाद नायडू ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में राज्य के दीर्घकालिक विकास लक्ष्य 'स्वर्ण आंध्र प्रदेश 2047' के दृष्टिकोण को साकार करने में गेट्स फाउंडेशन की भूमिका की सराहना की। नायडू ने कहा, ''हमारा मानना है कि गेट्स फाउंडेशन के साथ यह साझेदारी हमारे लोगों को सशक्त बनाने और इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।''


आरसीबी टीम के साथ विराट कोहली पहुंचे कोलकाता

# अभिषेक बल्लेबाजों और चक्रवर्ती गेंदबाजों की टी20 रैंकिंग में दूसरे नंबर पर बरकरार

**दुबई :** भारतीय विस्फोटक बल्लेबाज अभिषेक शर्मा और 'मिस्ट्री' स्पिनर वरूण चक्रवर्ती ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में क्रमश: बल्लेबाजों और गेंदबाजों की सूची में करियर का सर्वश्रेष्ठ दूसरा स्थान कायम रखा। हार्दिक पंड्या 252 अंक से हरफनमौला खिलाड़ियों की सूची में शीर्ष पर बने हुए हैं जिसमें नेपाल के दीपेंद्र सिंह ऐरी (233 अंक) दूसरे और ऑस्ट्रेलिया के मार्कस स्टोइनिस (210 अंक) तीसरे स्थान पर हैं। तिलक वर्मा और भारत के टी20 अंतरराष्ट्रीय कप्तान सूर्यकुमार यादव बुधवार को जारी इस रैंकिंग में क्रमश: चौथे और पांचवें नंबर पर काबिज हैं। ऑस्ट्रेलिया के ट्रेविस हेड 856 रेटिंग अंक लेकर बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं जिसमें इंग्लैंड के फिल सॉल्ट 815 अंक से तीसरे नंबर पर बने हुए हैं। अभिषेक के 829, तिलक वर्मा के 804 और सूर्यकुमार के 739 रेटिंग अंक हैं।गेंदबाजी सूची की अगुआई वेस्टइंडीज के अकील हुसैन (707 अंक) कर रहे हैं जिसमें चक्रवर्ती (706 अंक) उनसे महज एक अंक पीछे हैं और इंग्लैंड के लेग स्पिनर आदिल राशिद (705 अंक) से एक अंक आगे हैं। श्रीलंका के वानिंदु हसारंगा (700) और ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा (694 अंक) इनसे पीछे हैं। भारत के रवि बिश्नोई 674 अंक से छठे स्थान पर हैं जबकि बायें हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने 653 अंक से नौवां स्थान बरकरार रखा है। जहां तक भारतीय खिलाड़ियों का संबंध है तो उनके स्थान में बदलाव नहीं हुआ है क्योंकि टीम ने जनवरी-फरवरी में घरेलू मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के बाद से इस प्रारूप का कोई मैच नहीं खेला है।



## 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम में शुरूआती एकादश में जगह पाने के लिए पूरी तरह ऑलराउंडर होना होगा: पंड्या

**मुंबई :** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने बुधवार को कहा कि अब जब विवादास्पद 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम तीन साल के लिए बढ़ा दिया गया है तो एक क्रिकेटर को शुरुआती एकादश में जगह पाने के लिए शुद्ध रूप से ऑलराउंडर होना चाहिए। इस नियम में एक टीम को मैच के बाद के चरण में अपनी अंतिम एकादश में से एक खिलाड़ी को बदलने की अनुमति देता है। टीमें स्थिति की मांग के अनुसार बल्लेबाजी या गेंदबाजी विशेषज्ञ को लाती हैं। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने रोहित शर्मा सहित कुछ मुख्य भारतीय खिलाड़ियों की आपत्तियों के बावजूद इस नियम को कम से कम 2027 चरण तक बढ़ा दिया है। रोहित ने कहा था कि 'इम्पैक्ट प्लेयर' की रणनीति भारतीय ऑलराउंडरों के विकास को रोक रही है और टीमें खेल के दौरान उनकी जगह एक अतिरिक्त बल्लेबाज या गेंदबाज को शामिल करती हैं। पंड्या ने सत्र की शुरूआती प्रेस कांफ्रेंस में कहा, 'मौजूदा परिदृश्य में अगर आप पूरी तरह से 50-50 ऑलराउंडर नहीं हैं तो अपनी जगह पाना मुश्किल हो जाता है। देखते हैं कि आगे चलकर यह नियम बदल



सकता है या बदलेगा। लेकिन हां, निश्चित रूप से अगर आप अधिक ऑलराउंडरों को प्रोत्साहित करना चाहते हैं तो उन्हें टीम में एक निश्चित स्थान की जरूरत होगी।' पंड्या पिछले साल धीमी ओवर गति के उल्लंघन के कारण एक मैच के लिए निलंबित हैं जिससे वह रविवार को मुंबई इंडियंस के चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मैच में नहीं खेल पाएंगे जिससे सूर्य कुमार यादव टीम की अगुआई करेंगे। पिछले सत्र में मुंबई इंडियंस में पंड्या की वापसी इतनी आसान नहीं रही थी और यह प्रतिष्ठित फ्रेंचाइजी 10 टीम में आखिरी स्थान पर रही थी। उन्हें घरेलू प्रशंसकों ने हूट भी किया था। पांच आईपीएल खिताबों को देखते हुए मुंबई इंडियंस का 2021 से प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। इस हरफनमौला ने कहा कि वह पिछले एक साल में भारतीय टीम के साथ दो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) खिताब जीत चुके हैं और इसी आत्मविश्वास को जारी रखकर चलेंगे।

## छेत्री ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी में गोल किया, भारत ने मैत्री मैच में मालदीव को हराया

**शिलांग :** करिश्माई स्टार सुनील छेत्री ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वापसी करते हुए हेडर से शानदार गोल दागा जिससे भारत ने बुधवार को यहां मैत्री फुटबॉल मैच में मालदीव को 3-0 से हरा दिया। इस जीत से घरेलू टीम को नवंबर 2023 से शुरू हुए 12 मैच के हार के सिलसिले को तोड़ने में मदद मिली। राहुल भेके ने 35वें मिनट में भारत को बढ़त दिलाई। इससे बाद लिस्टन कोलाको ने 66वें मिनट में गोल करके स्कोर 2-0 कर दिया था। पिछले साल मई में संन्यास लेने के बाद राष्ट्रीय टीम में वापसी करने वाले 40 वर्षीय छेत्री ने इस दिन को यादगार बना दिया।



उन्होंने 77वें मिनट में हेडर से भारत के लिए तीसरा गोल करके अपना 95वां अंतरराष्ट्रीय गोल दाग दिया। कप्तान छेत्री 47वें मिनट में भी गोल करने के करीब पहुंचे थे लेकिन मालदीव के गोलकीपर ने उनका प्रयास विफल कर दिया था। 82वें मिनट में मैदान में उनकी जगह दूसरे खिलाड़ी को उतारा गया। यह 16 महीनों में भारत की पहली जीत है और मानोलो मार्केज के मार्गदर्शन में भी पहली जीत है जिन्हें पिछले साल जुलाई में मुख्य कोच बनाया गया था।

## आईपीएल 2025 में धोनी की चमक फिर देखने को मिलेगी : उथप्पा

**बेंगलुरू :** भारत के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कहा कि आईपीएल के आगामी सत्र में क्रिकेटप्रेमियों को महेंद्र सिंह धोनी के हुनर की झलक देखने को मिलेगी क्योंकि पूर्व कप्तान बल्लेबाजी क्रम में सातवें या आठवें नंबर पर उतर सकते हैं। 43 वर्ष के धोनी ने मंगलवार को चेन्नई सुपर किंग्स के अभ्यास सत्र में उम्दा बल्लेबाजी करके अपनी तैयारी की झलक दी। उन्होंने तेज गेंदबाज मथीषा पथिराना के यॉर्कर पर उनके सिर के ऊपर से छक्का लगाया। उथप्पा ने कहा, 'जहां तक माही का सवाल है तो मुझे लगता है कि हमें उसकी जबर्दस्त प्रतिभा की झलक देखने को मिलेगी क्योंकि वह सातवें या आठवें नंबर पर उतर सकते हैं। पिछली बार भी हमने देखा कि



उन्होंने इसी क्रम पर उतरकर 12 से 20 गेंदें खेली।' क्या धोनी इस सत्र के बाद संन्यास लेंगे, यह पूछने पर उथप्पा ने कयास लगाने से इनकार किया। उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि जुनून कभी खत्म होता है। एमएस का खेल के लिये प्यार थोड़ा भी कम नहीं हुआ है।

## हमने साबित कर दिया है कि मिलकर अच्छी गेंदबाजी कर सकते हैं , चक्रवर्ती के बारे में बोले नारायण



**कोलकाता :** कोलकाता नाइट राइडर्स के अनुभवी स्पिनर सुनील नारायण ने बुधवार को कहा कि चैम्पियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन करके लौटे वरूण चक्रवर्ती आईपीएल में टीम के स्पिन आक्रमण का अहम हिस्सा होंगे। वेस्टइंडीज के स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला नारायण का केकेआर के साथ यह 14वां सत्र है। उनका मानना है कि बल्लेबाजों को हैरान करने की चक्रवर्ती की क्षमता उनकी गेंदबाजी ईकाई की सफलता की कुंजी होगी। उन्होंने 'परीमैच' के लांच के मौके पर चुनिंदा मीडिया से बातचीत में कहा, 'इतने सालों में हमने साबित कर दिया है कि हम मिलकर अच्छी गेंदबाजी करते हैं। अपने साथ दूसरे छोर पर उसका होना हमेशा अच्छा लगता है। उसकी गेंदबाजी में एक रहस्य का पुट है जिससे बल्लेबाजों को परेशानी होती है।' चैम्पियंस ट्रॉफी में तीन मैचों में नौ विकेट लेने वाले चक्रवर्ती 2020 से केकेआर का हिस्सा हैं। आईपीएल के इतिहास के सबसे कामयाब स्पिनरों में से एक नारायण ने कहा कि केकेआर उनके लिये परिवार की तरह है। नारायण ने कहा, 'यहां आकर अच्छा लग रहा है। मुझे यहां आना बहुत पसंद है। आईपीएल में क्रिकेट का स्तर लगातार कठिन होता जा रहा है। एक भी मैच आसान नहीं होता। आपको अपनी क्षमता पर भरोसा रखना होता है।' उन्होंने कहा, 'यह आईपीएल में मेरा 14वां साल है। मैने आईपीएल के बाहर भी केकेआर के लिये खेला है। यह मेरे लिये परिवार की तरह है। जब भी मैं नाइट राइडर्स लोगो के साथ खेलता हूं तो मुझे एक जुड़ाव महसूस होता है।'

## आईपीएल में लार पर से प्रतिबंध हटा सकता है बोर्ड, फैसला कप्तानों पर

**नयी दिल्ली :** भारतीय क्रिकेट बोर्ड 22 मार्च से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग के इस सत्र में गेंद पर लार लगाने पर से प्रतिबंध हटा सकता है। बीसीसीआई में इस प्रस्ताव पर विस्तार से चर्चा की गई है और मुंबई में बृहस्पतिवार को आईपीएल की सभी टीमों के कप्तानों के सामने इसे रखा जायेगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कोरोना महामारी के दौरान एहतियात के तौर पर गेंद को चमकाने के लिये उस पर लार लगाने के बरसों पुराने चलन पर प्रतिबंध लगा दिया था। आईसीसी ने 2022 में यह प्रतिबंध स्थायी कर दिया। आईपीएल ने भी कोरोना महामारी के बाद यह प्रतिबंध खेलने की शर्तों में शामिल किया लेकिन आईपीएल के दिशा निर्देश आईसीसी के अधिकार क्षेत्र से परे हैं। बीसीसीआई के एक आला अधिकारी ने पीटीआई से कहा, 'कोरोना से पहले गेंद पर लार लगाना आम बात थी। अब कोरोना का खतरा नहीं है तो आईपीएल में गेंद पर लार लगाने पर लगा प्रतिबंध हटाने में कोई बुराई नहीं है।' उन्होंने कहा, 'हम समझते हैं कि लाल गेंद के क्रिकेट पर इसका व्यापक प्रभाव होता है और सफेद गेंद के प्रारूप में भी इससे गेंदबाजों को थोड़ी मदद मिलती है। आईपीएल में इसकी अनुमति होनी चाहिये। देखते हैं कि कप्तान कल क्या तय करते हैं।'

## कप्तानी और बल्लेबाजी को अलग रखना बेहतर है : गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल

**अहमदाबाद :** शुभमन गिल का मानना है कि एक सफल कप्तान को अपनी बल्लेबाजी को कप्तानी से अलग रखना चाहिये क्योकि दोनों को मिलाना कभी टीम के सर्वश्रेष्ठ हित में नहीं होता। गिल पिछले सत्र में हार्दिक पंड्या की जगह गुजरात टाइटंस के कप्तान बने। पंड्या की कप्तानी में 2022 और 2023 में फाइनल खेलने के बाद गिल की कप्तानी में गुजरात टीम आठवें स्थान पर रही। गिल ने सत्र से पूर्व मीडिया कांफ्रेंस में कहा, 'कप्तानी और बल्लेबाजी को जितना अलग रखेंगे, उतना ही अच्छा है। मेरा अनुभव यही है कि अगर मैं बल्लेबाजी करने जा रहा हूं तो बल्लेबाजी पर ही फोकस रखूं। एक बल्लेबाज के तौर पर जो फैसले मैं लेता हूं, वह मेरे



लिये सर्वश्रेष्ठ होते हैं।' उन्होंने कहा, 'जब हम फील्डिंग कर रहे होते हैं तब मैं कप्तानी में ज्यादा जुड़ता हूं। बल्लेबाजी करते समय बल्लेबाज के रूप में रहना ही मेरे लिये अच्छा है।' गिल ने कहा, 'बतौर कप्तान आप प्रतिदिन कुछ नया सीखते हैं, खिलाड़ियों के बारे में या अपने बारे में। अच्छा कप्तान बनने के लिये इन चीजों पर काम करना जरूरी है।'




वर्ष 9, पूर्णांक 4181 अंक 331, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in